राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ईशा गुप्ता ने स्टायलिश आउटफिट में ...



विकास और विरासत का अद्भुत... 12

गाजियाबाद, मंगलवार 23 अप्रैल 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 48, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### अमेरिका में भारतीय छात्रों की मौत, सड़क हादसे में दोनों ने गंवाई जान, परिवार सदमे में

**हैदराबाद** । संयुक्त राज्य अमेरिका में पढ़ रहे तेलंगाना के दो छात्रों की एरिजोना में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। उनके परिवारों को मिली



सूचना के मुताबिक, निवेश मुक्का और गौतम कुमार पारसी की शनिवार रात (स्थानीय समय) पियोरिया में उस समय मौत हो गई, जब उनकी कार दूसरी कार से जा टकराई। दोनों की उम्र 19 वर्षीय थी। रिपोर्ट के अनुसार, निवेश करीमनगर जिले के हुजूराबाद शहर का रहने वाला था, वहीं गौतम कुमार जनगांव जिले के स्टेशन घनपुर का रहने वाला था। दोनों एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी में कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग कर रहे थे। दोनों अपने दोस्तों के साथ विश्वविद्यालय से घर लौट रहे थे, तभी सामने से आ रही कार ने उनके वाहन को टक्कर मार दी। निवेश और गौतम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य घायल हो गए। निवेश डॉक्टर दंपत्ति नवीन और स्वाति का बेटा था। दोनों छात्रों के परिवारों ने भारत सरकार से शवों को वापस लाने में मदद की अपील की है।

### आतंकी गतिविधियों से जुड़े मामले में एनआईए का एक्शन, श्रीनगर में 9 जगहों पर छापेमारी

**श्रीनगर**। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) सोमवार को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में कई स्थानों पर



छापेमारी कर रही है। सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय एजेंसी आतंकवादियों के पाक कनेक्शन का पता लगाने के लिए छापेमारी कर रही है। सूत्रों ने बताया कि एजेंसी को सूचना मिली है कि आतंकवादियों को पाक से धन प्राप्त हो रहा है। एजेंसी उसी कनक्शन का पता लगाने का प्रयास कर रही है। इस संबंध में एक सरकारी अधिकारी का भी नाम सामने आया है। एजेंसी उसके ठिकानों पर भी तलाशी ले रही है। गौरतलब है कि आतंकवादियों को पाकिस्तान से धन प्राप्त होने की सूचना पहले भी मिलती रही है। मामले में कई लोगों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है।

### भाजपा ने ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए एक और उम्मीदवार की घोषणा की

**भुवनेश्वर** । भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को



आगामी ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए अपनी तीसरी सूची जारी की, जिसमें सिर्फ एक नाम शामिल है। पार्टी ने कोरापुट लोकसभा क्षेत्र के तहत जेपोर विधानसभा क्षेत्र से गौतम सामंत्रे को फिर से उम्मीदवार बनाया है। सामंत्रे ने 2019 में उसी निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ा था और 21.41 प्रतिशत वोट शेयर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया था। चार चरण के विधानसभा चुनाव में 13 मई को कोरापुट, नबरंगपुर, बेरहामपुर और कालाहांडी संसदीय क्षेत्रों के 28 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होना है। भाजपा ने अब तक राज्य की 147 विधानसभा सीटों में से 134 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं।

## लोकसभा चुनाव के बीच ममता सरकार को बड़ा झटका, हाईकोर्ट ने रद्द की 24,000 स्कूल टीचर्स की भर्ती

**कोलकाता** । लोकसभा चुनाव के बीच पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार को कलकत्ता हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में



हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग पैनल द्वारा की गई स्कूल शिक्षक भर्ती रद्द कर दी है। हाईकोर्ट ने 2016 का पूरा जॉब पैनल रद्द कर दिया है और लगभग 24 हजार नौकरियां हाई कोर्ट ने रद्द कर दीं। इस भर्ती में 5 से 15 लाख रुपये की घूस लेने तक की आरोप हैं।

**क्या है स्कूल नौकरी घोटाला?**

साल 2016 में पश्चिम बंगाल सरकार ने स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती निकाली थी। यह भर्ती सरकारी स्कूलों के लिए थी, जिसके जरिए माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्कूलों के लिए शिक्षकों का चयन होना था। इस भर्ती में अनियमितता के आरोप लगे और मामला हाई कोर्ट तक

- **लोकसभा चुनाव 2024 में पश्चिम बंगाल में सभी सात चरण में वोटिंग होनी है। पहले चरण में 3 सीटों पर मतदान हो चुका है, लेकिन अभी राज्य की 39 लोकसभा सीटों पर मतदान बाकी है**

पहुंच गया। इस मामले में घोटाले को लेकर कई याचिकाएं दायर की गईं और कोर्ट ने सभी पर एक साथ सुनवाई की। कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने पूरे मामले की जांच की और पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार किया। उनके अलावा पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग के कुछ पदाधिकारियों को भी गिरफ्तार किया गया। हाई कोर्ट के कहने पर ही सीबीआई ने दो महीने के अंदर अपनी जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंप दी थी। रिपोर्ट मिलने के बाद 20 मार्च तक सुनवाई पूरी हुई और अब कोर्ट अपना फैसला सुनाएगी।

लोकसभा चुनाव 2024 में पश्चिम बंगाल में सभी सात चरण में वोटिंग होनी है। पहले चरण में 3 सीटों पर मतदान हो चुका है, लेकिन अभी राज्य की 39 लोकसभा सीटों पर मतदान बाकी है। 26 अप्रैल को दूसरे चरण में 3 सीटों पर मतदान होना है।

## अरविंद केजरीवाल को झटका, जमानत के लिए लगी याचिका खारिज, याचिकाकर्ता पर लगा 75 हजार रुपए जुर्माना

**नई दिल्ली** । शराब नीति केस में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आज झटका लगा है। उनकी जमानत के लिए लगी जनहित याचिका खारिज कर दी गई है। अदालत ने याचिका खारिज करते हुए याचिकाकर्ता पर 75 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। दिल्ली के कार्यकारी चीफ जस्टिस की अगुवाई वाली बेंच ने आदेश जारी करते हुए कहा कि उच्च पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ शुरू किए लंबित आपराधिक मामले में असाधारण जमानत नहीं दी जा सकती। अदालत ने कहा कि अदालत के न्यायिक आदेश के आधार पर किसी व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। फिलहाल यह चुनौती सुप्रीम कोर्ट के समक्ष है। कानून सबके लिए बराबर है।



## सलमान खान के बाद अब जितेंद्र आव्हाड को मिली लॉरेंस बिश्नोई गैंग से धमकी

**ठाणे (आरएनएस)**। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के बाद अब लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के विधायक और इंडिया गठबंधन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. जितेंद्र आव्हाड को जान से मारने की धमकी दी है। आव्हाड ने खुद मीडिया को इस बारे में जानकारी दी है कि उनके मोबाइल फोन पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई है और यह धमकी किसी और ने नहीं, बल्कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग की ओर से दी गई है।

उन्होंने कहा, हालांकि, मैं इन धमकियों से डरने वाला नहीं हूं। मुझे इससे पहले भी कई धमकियां मिल चुकी हैं। मैंने जीवन में बहुत कुछ देखा है, तो इन सब चीजों से मुझे कुछ खास फर्क नहीं पड़ता।

इससे पहले लॉरेंस बिश्नोई गैंग की ओर से सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग की गई



थी, जिसके बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री खुद अभिनेता के घर पहुंचे थे और उन्हें हर मुमकिन सुरक्षा प्रदान करने का आश्वासन दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा था कि आपकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। इसके बाद पुलिस ने मामले में उन दो युवकों को भी गिरफ्तार किया, जिन्होंने सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग की थी।

दोनों युवकों की पहचान विक्की गुप्ता और योगेंद्र पाल के रूप में हुई थी। हालांकि, इनके परिजन इस मामले में दोनों युवकों के शामिल होने की बात को सिरे से खारिज कर रहे हैं।

उधर, बीते दिनों पुलिस ने अभिनेता को भी इस मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन उन्होंने स्पष्ट कर दिया था कि उनकी किसी से भी रंजिश नहीं है, तो ऐसे में किसी पर आरोप लगाना उचित नहीं रहेगा।

वहीं, जिस लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने सलमान को जान से मारने की धमकी दी थी, उसी गैंग ने अब डॉ. जितेंद्र आव्हाड को भी मारने की धमकी दी है। जिसके बाद मामला काफी पेचीदा हो गया है।

## अगर दुष्यंत चौटाला के खिलाफ शिकायत आई तो जांच करवाई जाएगी: नायब सिंह सैनी

**चंडीगढ़** । हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अहम बयान जारी करते हुए कहा कि अगर एप्लीकेशन आती है तो दुष्यंत चौटाला पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करवाई जाएगी।सैनी ने कहा कि दुष्यंत पर उन्हीं के पार्टी के नेताओं ने विधानसभा में आरोप लगाए थे। यह गंभीर मामला है अगर विधायकों की तरफ से एप्लीकेशन आती है तो वह जांच करवाएंगे। सैनी ने कहा कि उन्हें अपने विधायकों को समझना चाहिए जिन्होंने भ्रष्टाचार से संबंधित कुछ बातें कही हैं।



मुख्यमंत्री से पूछा गया था कि जेजेपी के शीर्ष नेता हाल के हफ्तों में अलग-अलग मोर्चों पर बीजेपी सरकार पर निशाना साध रहे हैं, हमारी सरकार पारदर्शिता के आधार पर काम करती है, चाहे वह (पिछली) मनोहर लाल खट्टर की सरकार हो या अब मेरे नेतृत्व वाली, भ्रष्टाचार पर कोई समझौता नहीं है। नायब सैनी ने कहा कि उन्हें अपने गिरेबान में झांकना चाहिए कि उन्होंने क्या किया है, क्या नहीं। हरियाणा विधानसभा सत्र के अंदर उनकी पार्टी के उनके सिम्बल पर जीते विधायकों ने उनके खिलाफ बोला व बयान दिए, जो आरोप लगाए वह जग जहिर हैं।

## रसिया ने पाकिस्तानी चावल में दूषित पदार्थ पाए जाने के बाद फिर से प्रतिबंध लगाने की दी चेतावनी

**इस्लामाबाद** । रूस ने हालिया शिपमेंट में एक क्वारंटाइन ऑर्गेनिज्म की मौजूदगी का पता लगाने के बाद पाकिस्तान को उसके यहां से चावल के आयात पर फिर से प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी है। रूस की संघीय वेटरिनरी एंड फाइटोसैनिटरी सर्विलांस सेवा ने पाकिस्तान से आयातित चावल की एक खेप पर अंतर्राष्ट्रीय और रूसी फाइटोसैनिटरी आवश्यकताओं के उल्लंघन के संबंध में एक अधिसूचना जारी की, जिसमें 'मेगासेलिया स्केलारिसइ मक्खी पाई गई थी।

इसने रूस में पाकिस्तानी दूतावास से मामले की तत्काल जांच का आदेश देने की मांग की है। साथ ही भविष्य में इस तरह के उल्लंघन दोबारा नहीं होने और कृषि वस्तुओं के व्यापार के लिए प्रासंगिक फाइटोसैनिटरी मानकों को बनाए रखने की मांग की है। पाकिस्तानी मिशन ने खाद्य सुरक्षा मंत्रालय के पादप संरक्षण विभाग (डीपीपी) और संबंधित अन्य सरकारी कार्यालयों को रूसी प्राधिकरण के पत्र का अंग्रेजी अनुवाद भेजा है, जिसमें चावल निर्यात पर किसी भी प्रतिबंध से बचने के लिए शीघ्र जांच करने और रिपोर्ट साझा करने की मांग की गई है। रूस ने पहले 2019 में इसी तरह के मामले के आधार पर प्रतिबंध लगाया था, जो लगभग दो साल तक लगा रहा और खाद्य सुरक्षा मानकों पर दोनों पक्षों के अधिकारियों के बीच बातचीत की लंबी श्रृंखला के बाद ही हटाया गया था।

## सरकार उठाएगी पीड़ित बिटिया के इलाज का पूरा खर्च : मुख्यमंत्री सुक्खू

**पालमपुर** । मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पालमपुर में बीते दिनों हुई हृदय विदारक घटना की पीड़िता के परिवार के लोगों से सोमवार को मुलाकात की। धर्मशाला से सुजानपुर आते समय मुख्यमंत्री सुलह में नाल्टी दा पुल के पास एकत्रित लोगों से मिले और उनकी बात सुनी। पीड़िता के माता-पिता पीजीआई चंडीगढ़ में बेटी के साथ हैं, इसलिए परिवार के अन्य लोगों ने मुख्यमंत्री को पूरी घटना के बारे में बताया। उन्होंने हमलावर के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की।

मुख्यमंत्री ने उनकी बात सुनने के बाद कहा कि पालमपुर की दर्दनाक घटना से दुखी हूँ। पीड़ित बिटिया के इलाज का पूरा खर्च हिमाचल सरकार उठाएगी। सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। एसपी कांगड़ा को जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं। घटनाक्रम के बाद से रोजाना पुलिस अधिकारियों से



अपडेट लिया जा रहा है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। केवल गिरफ्तारी हमारा उद्देश्य नहीं है।

ऐसी घटनाओं को क्यों अंजाम दिया जा रहा है, उस दिशा की तरफ बढने की जरूरत है। हम जानना चाह रहे हैं कि इस तरह की घटनाएं क्यों हो रही हैं। प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त है, किसी को कानून तोडने नहीं दिया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ खेल मंत्री यादविंदर गोमा, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार, कैबिनेट रैंक सुनील शर्मा मौजूद रहे।

**राजनीति** | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में सीएम ने कहा-पहले चरण में आठों सीट जीत रही भाजपा

## कांग्रेस,सपा-बसपा की किस्मत पर अलीगढ़ का ताला लगा दीजिए: योगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़**। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा-बसपा व कांग्रेस के लोगों ने आपको विकास से वंचित रखा, आस्था से खिलवाड़ किया। सुरक्षा में सेंध लगाने का प्रयास किया। अब अवसर आ गया है, चुनाव के माध्यम से उनकी किस्मत पर अलीगढ़ का ताला लगाइए और तीसरी बार पीएम मोदी के हाथों में देश की सत्ता सौंपिए। इससे भारत दुनिया की बड़ी ताकत बनेगा। आत्मनिर्भर व विकसित भारत बनाने के लिए पीएम के साथ पूरे देश का स्वर जुड़ रहा है। हर तरफ से आवाज आ रही है, फिर एक बार-मोदी सरकार, अबकी पार-400 पार।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में अलीगढ़ के सांसद/भाजपा प्रत्याशी सतीश गौतम व हाथरस से अनूप वाल्मीकि 'प्रधान' के लिए वोट मांगा। सीएम ने अपील की कि केवल कमल निशान देखना है और मोदी जी के दस वर्षों के कार्यों के प्रति वोट के रूप में कृतज्ञता ज्ञापित करना है।

- **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अलीगढ़ के सांसद/भाजपा प्रत्याशी सतीश गौतम व हाथरस से उम्मीदवार अतुल वाल्मीकि 'प्रधान' के लिए मांगा वोट**
- **पीएम ने अलीगढ़ व हाथरस को वह सब कुछ दिया, जिसकी दशकों से मांग थी: सीएम**
- **सीएम की अपीलः सिर्फ कमल निशान देखना है**

**पहले चरण की आठों सीट पर नहीं खुल रहा विपक्षी दलों का खाता**

सीएम योगी ने कहा कि पहले चरण का चुनाव संपन्न हुआ। देश के अंदर 102 लोकसभा सीटों पर जनता-जनार्दन के मन में उत्साह व उमंग रहा। पीएम मोदी के दस वर्ष के कार्यों को ध्यान में रखते हुए जनता-जनार्दन का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। यूपी की सभी आठ सीटों पर विपक्षी दलों का खाता नहीं खुलने जा रहा है। दूसरे व तीसरे चरण के लिए भी मतदाताओं से यही आह्वान है।

सीएम योगी ने कहा कि विकास, विरासत व गरीब कल्याण की जिन योजनाओं को पिछले दस वर्ष के अंदर देश ने मूर्त रूप लेते हुए देखा है, वह अभूतपूर्व, अभिनंदनीय है। भारत को विकसित भारत के रूप में स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण आधार स्तंभ के रूप में हम सभी को यह अवसर प्राप्त हुआ है।

**पीएम ने अलीगढ़ व हाथरस को वह सब कुछ दिया, जिसकी दशकों से मांग थी**

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी ने अलीगढ़ व हाथरस की जनता को वह सब कुछ दिया है, जिसकी दशकों से मांग थी। आमजन की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजा महेंद्र प्रताप सिंह के नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए पीएम मोदी स्वयं यहां आए थे। अब विश्वविद्यालय बनकर तैयार हो गया और सत्र भी प्रारंभ हो गया है।

अलीगढ़ को डिफेंस कॉरिडोर भी प्राप्त हुआ है।




रामनवमी पर अयोध्या में भगवान राम का सूर्य तिलक हुआ। पीएम मोदी ने आनंद व गौरव प्रदान करने वाला यह अलौकिक अवसर हमें उपलब्ध करवाया। जनसभा में योगी सरकार के मंत्री असीम अरुण, संदीप सिंह, हाथरस से प्रत्याशी अनूप वाल्मीकि प्रधान, अलीगढ़ से सांसद सतीश गौतम आदि मौजूद रहे।

# महावीर जयंती पर जैन समाज ने निकाली प्रभात फेरी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** श्री महावीर जयंती के अवसर पर जैन समाज के लोगों ने जज के साथ नगर में प्रभात फेरी निकाल कर समाज को जागृत करने का संदेश दिया। श्री भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक मां सब के उपलक्ष में रविवार की सुबह श्री दिगंबर जैन मंदिर मोहल्ला काजीवाड़ा से शुरू हुई जैन समाज की प्रभात फेरी नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई जैन मंदिर पहुंचकर भगवान महावीर का अभिषेक व विशेष पूजा तथा आरती में प्रसाद वितरण के उपरांत संपन्न हुई। जैन धर्मशाला में संस्कृत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



# प्रत्याशियों को नहीं है होश, मतदाता खामोश


**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** बुलंदशहर लोकसभा सीट पर मतदान होने में केवल तीन दिन शेष हैं। उम्मीदवारों ने जनसंपर्क में अपनी पूरी ताकत झोंक रखी है लेकिन चुनाव के प्रति मतदाताओं का पूरी तरह उदासीन होना उम्मीदवारों को बेचैन किए हुए हैं। उनकी रातों की नींद और दिन का चेन गायब हो गया है। सभी प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार को तेज कर दिया है। प्रत्याशी सुबह शाम जनसंपर्क तथा दोपहर को रणनीति बनाने तथा रात को नुक्कड़ सभा में काफी व्यस्त हैं। जबकि मतदाताओं ने अपने पत्ते खोलने अभी शुरू नहीं किए हैं। प्रत्याशियों के समर्थकों के अतिरिक्त आम मतदाता अभी पूरी तरह से खामोश है। प्रत्याशियों की जनसंपर्क अभियान के समय पार्टी विशेष से जुड़े मतदाता तो प्रत्याशी के साथ खड़े हो जाते हैं। परंतु आम मतदाता सभी प्रत्याशियों को वोट देने को आश्वासन दे रहा है।

## मतदाता ने उड़ाई प्रत्याशियों की नींद

**अब नहीं दिखता गांवो मैं बिल्ला लेने का बच्चों में क्रेज**

अब प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार में बिल्ला और पर्चा पाने के लिए गाड़ियों के पीछे भागते हुए बच्चे नजर नहीं आते हैं। प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार में लगी गाड़ियां ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार के परिचय और बिल्ला बाटते नहीं दिखती हैं। बदलते समय के साथ



चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के प्रचार के तौर तरीके भी बदल गए हैं। बदलते दौड़ में प्रत्याशी गांव-गांव और गली-गली घूम कर अपने मतदाताओं से सीधा संवाद भी नहीं कर पा रहे हैं। सुखबीर सिंह बताते हैं कि दो दशक पहले के चुनावो में प्रत्याशियों की गाड़ियां गांव-गांव घुमा करती थी। इस दौरान प्रत्याशी गांव गली और मोहल्ले में भ्रमण कर मतदाताओं से सीधा सम्मान कायम कर लेते थे। वह वोटरों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर समर्थन मांग लेते थे। इस दौरान प्रत्याशियों के समर्थक और कार्यकर्ता उनके चुनाव प्रचार के परिचय और चुनाव चिन्ह का बिल्ला गली मोहल्ले में बच्चों को खूब बांटा करते थे। तब बच्चे बिल्ला और पर्चे पाकर खुश हो जाते थे। यही बच्चे गली मोहल्ले में घूम घूम कर खेल-खेल में प्रत्याशियों का प्रचार कर देते थे।

# सॉफ्ट ड्रिंक के नाम पर बच्चों की सेहत से हो रहा खिलवाड़, स्वाद के चलते बीमारियों को दे रहे न्योता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** स्वास्थ्य विभाग व खाद विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते बाजारों में बिक रही रंग बिरंगी सॉफ्ट ड्रिंक बच्चों की सेहत पर भारी पड़ रही है । खुले में बिकने वाले यह पेय पदार्थ बच्चों को बीमारियां बांट रहे हैं। कार्रवाई के नाम पर स्वास्थ्य विभाग सैंपल भरकर कार्यवाही पूरी कर लेता है। इसके बाद यह बेखौफ अपना धंधा चलाते हैं। यह पेय पदार्थ बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ है। यह ड्रिंक पानी में अनेक प्रकार के रंग मिलाकर तैयार की जाती है जो सेहत के लिए खतरनाक है। खुशबू के लिए एसेस. मिलाया जाता है। इसके बाद रंग बिरंगी खूबसूरत पैकिंग में नगर के बाजार गली मोहल्लों में धड़ल्ले से बेका जा रहा है । इसका सेवन मासूम बच्चे अधिक कर रहे हैं जिसका उनके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। हालांकि शिकायतों के बाद खाद विभाग जागता है और सैंपल भरकर अपने कार्य की इतिश्री कर ली जाती है। जब तक रिपोर्ट आती है तब तक ये लोग अपना ठिकाना बदल चुके होते हैं।. कुछ जगहों पर ऐसे लोगों के अधिकारियों का भी संरक्षण प्राप्त है जिससे यह लोग अपने धंधे को बेखौफ चला रहे हैं। इसके चलते बच्चे बीमारियों का शिकार हो रहे हैं।

# 26 अप्रैल को मतदान जरूर करें: डॉ विनोद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** समाजसेवी डॉक्टर विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि मतदान एकमात्र ऐसा साधन है जिस देश की जनता स्वयं अपने देश का विकास निर्धारित कर सकती है। मत देने की शक्ति से वह अपने देश की बागडोर संभालने के लिए उनकी नजर में योग्य व्यक्ति को खुद चुन सकते हैं। भारत एक ऐसा देश है जो लोगों को अपने देश के लिए फैसले लेने की पूर्ण आजादी देता है। हर व्यक्ति को मतदान जरूर करना चाहिए क्योंकि हर एक मत कीमती है। एकमत भी देश के लिए गलत सरकार को चुने से रोक सकता है। मतदान से ही सरकार को पता चलता है कि देश की जनता उनसे संतुष्ट है या नहीं क्योंकि जनता संतुष्ट होगी तो हर बार वही सरकार आएगी।

# भूत-प्रेत का चक्कर बताकर तांत्रिक ने किशोरी से किया दुष्कर्म

**बुलन्द संदेश संवाददाता**

**पहासू।** छतारी थाना क्षेत्र निवासी एक नाबालिग किशोरी के साथ पहासू क्षेत्र के एक गांव निवासी तांत्रिक ने अकेले में बुलाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता की तहरीर पर तांत्रिक के खिलाफ दुष्कर्म तथा पास्को एक्ट में मुकदमा लिखकर जेल भेज दिया है। छतारी के एक गांव निवासी किशोरी कुछ समय से बीमार चल रही थी। गांव के लोगों ने पहासू के एक गांव निवासी तांत्रिक को दिखाने को कहा। तांत्रिक से मिलकर किशोरी ने अपनी समस्या के बारे में बताया।तांत्रिक ने भूत-प्रेत का साया होने की बात कह किशोरी को गांव के शमशान में झाड-फूँक एवं तांत्रिक क्रियाएँ करने के बहाने बुलाया। तथा दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता की तहरीर पर गंगागढ निवासी राहुल पुत्र श्रीओम के खिलाफ सुसंगत घराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# 24 कुण्डीय यज्ञ में गायत्री परिवार से जुड़े सैकड़ो लोगों ने महायज्ञ में किया प्रतिभाग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**डिबाई (केपीसिंह चौहान)।** नगर के मोहल्ला महादेव में रामलीला मैदान में गायत्री परिवार से जुड़े लोगों को शान्तिकुंज हरिद्वार के गायत्री परिवार से पधारे टोली नायक जमुना प्रसाद साहू, टोली सहायक गोपाल मालवीय, गायक शक्ति सिंह, तबला वादक जनकलाल, श्याम पटेल प्रख्यात विद्वानों के सानिध्य में तीसरे दिन हवन-यज्ञ में बैठे यजमानों को वैदिक मंत्रों का आवाहन कराते हुए हवन-यज्ञ में यजमानों ने गौघृत व सामग्री से महायज्ञ में आहूति दिलायी गयीं। हवनकुण्ड में क्षेत्रीय विधायक चन्द्रपाल सिंह लोधी ने गायत्री परिवार के यजमानों संग हवनकुंड में आहुति देकर क्षेंत्र में खुशहाली,सुख समृद्धि की कामना की। 24 कुण्डीय हवनकुण्ड का आयोजन कराने का मुख्य उद्देश्य दुषित वातावरण को वायु प्रदूषण रहित बनाने और क्षेत्र की जनता के नकारात्मक विचारों से मुक्ति दिलाने के साथ व्यसन मुक्त भारत का रहा। इस आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से उषा बहनजी, विमलेश गुप्ता, कमलेश गुप्ता, संजु गर्ग, मृदु रानी, कुमकुम रानी, प्रमिला, पूनम, अनुराधा वार्ष्णेय, शकुन्तला, ज्योति, बृजेश तोशी रुचि सुमन अंशु रानी ईश्वरी देवी दिव्या सावित्री देवी मधु राधा कंचन नेहा हेमा ईश्वरी देवी आदि के साथ दर्जनों कार्यकर्ताओ की अहम भूमिका रही।



# शत प्रतिशत रहा सरस्वती विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज का रिजल्ट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज का हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का रिजल्ट सौ प्रतिशत रहा। विद्यालय की एक छात्रा ने जनपद में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।मेधावी छात्र छात्राओं को विद्यालय स्टाफ द्वारा बधाई दी गयी।



नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य दिशा शर्मा ने बताया कि विद्यालय का रिजल्ट सौ प्रतिशत रहा है।हाईस्कूल में 49 छात्राओं में से 49 ने ही प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की है।इंटरमीडिएट में 30 छात्राओं में से 28 ने प्रथम श्रेणी व दो ने द्वितीय श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की है।विद्यालय में हाईस्कूल में गरिमा प्रथम, मोनिका द्वितीय व प्राची तृतीय स्थान पर रही है।इंटरमीडिएट में पूजा प्रथम ,चंचल द्वितीय व सम्रद्धि माहेश्वरी तृतीय स्थान पर रही है।सभी मेधावी छात्र छात्राओं को विद्यालय स्टाफ द्वारा बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी।

# क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने लोकसभा चुनाव संचालन समिति की एक बैठक की

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा चुनाव कार्यालय बुलंदशहर चुनमुन होटल पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने लोकसभा चुनाव संचालन समिति की एक बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया ने कहा कि 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में पोलिंग प्रतिशत बढ़ाना है। अधिक से अधिक मतदान हो इसकी चिंता हमें करनी है। प्रत्येक विधानसभा पर सामाजिक टोलियां घर-घर जाकर संपर्क करें। बूथ की संरचना मजबूत करनी है। प्रत्याशी की अपील एवं बेलेट के नमूने को घर-घर संपर्क करके बाटनी है। परिवार पर्चीं, मतदान पर्ची समय से बत जाए। पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक करनी है। बूथ अध्यक्षों एवं शक्ति केंद्र के संयोजक, मंडल अध्यक्ष अपनी-अपनी जिम्मेदारी से कार्य करें। अधिक से अधिक वोटो से भारतीय जनता पार्टी लोकसभा बुलंदशहर से जीते ऐसी अपेक्षा संगठन ने कार्यकर्ताओ से की है।



बैठक में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष भाजपा विकास चौहान, लोकसभा प्रभारी जयपाल सिंह व्यस्त, लोकसभा सह प्रभारी योगेंद्र चौधरी, लोकसभा संयोजक देवेंद्र लोधी, नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति मित्तल, लोकसभा मीडिया प्रभारी संजय माहेश्वरी, विधायक चंद्रपाल सिंह, पूर्व विधायक राम सिंह, विमला सोलंकी, शिव ओम शर्मा, गिरिराज सिंह, अजय त्यागी, संजय गुर्जर एवं संपूर्ण लोकसभा चुनाव संचालन समिति उपस्थित रहे।

# दवाई लेने गई दो नाबालिग 12 और 14 वर्षीया किशोरी संदिग्ध परिस्थिति में गायब

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** गढ़ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में डॉक्टर के पास दवा लेने गई दों नाबालिग किशोरी 12 और 14 वर्षीया संदिग्ध परिस्थितियों में हुई गायब।पीड़ित परिजनों ने दोनों बेटियों को काफी तलाश किया लेकिन सफलता नहीं मिली।पीड़ित परिजनों ने थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी की दर्ज करने की गुहार लगाई है। वही गढ़ कोतवाली पुलिस ने पीड़ित परिजनों की तहरीर के आधार पर मामले की गहनता से लेते हुए पुलिस ने दोनों नाबालिग बच्चियों की तलाश शुरू कर दी।

**पीड़ित पिता ने पुलिस से कानूनी कार्यवाही की लगाई गुहार**



बता दें कि गढ़ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी दों नाबालिग बच्चियां 20 अप्रैल की दोपहर लगभग दों बजें घर से दवाई लेने के लिए गांव में ही गई थी। जोकि दवाई लेकर वापस घर नही आई। इसके बाद बेटियों को रिश्तेदारी व आस-पड़ोस में पता किया लेकिन उसकी बेटियों का कहीं पता नहीं चल पाया। वहीं पुलिस मामले को सभी पहलुओं से लेकर जांच कर रही हैं।

# आईएएस बनकर देश सेवा करना चाहती है गरिमा सिंह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** यूपी बोर्ड हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा के परिणाम में गरिमा ने जिले में तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय और नगर का नाम रोशन किया । विद्यालय परिवार में छात्रों में खुशी का माहौल है। गरिमा आईएएस बनकर देश सेवा करना चाहती है। यूपी बोर्ड की हाई स्कूल परीक्षा के परिणाम में शिकारपुर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज की छात्रा गरिमा सिंह ने जिले की वरीयता सूची में तृतीय स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया है उन्होंने 600 में से 570 अंक प्राप्त कर जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। छात्रा गरिमा सिंह ने सफलता का श्रेय गुरुजनों में माता-पिता को दिया है। मेहनत सफलता की कुंजी है। गरिमा के पिता महेश चंद सरकारी शिक्षक और मंजू देवी ग्रहणी है। स्कूल की प्रधानाचार्य दिशा शर्मा ने बताया कि गर्म पढ़ने लिखने में बहुत होनहार है और वह बचपन से ही अच्छा रिजल्ट देती हुई आई है।



# सैन सविता समाज करेगा भाजपा प्रत्याशी डॉ.भोला सिंह के पक्ष में मतदान : डॉ यतेंद्र सैन

**बुलद संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर ।** सैन सविता समाज जिला बुलंदशहर द्वारा सम्मान समारोह कार्य क्रम का आयोजन विशन निवास पर किया गया जिसमे मुख्य अतिथि रामचंद्र प्रधान लखनऊ उन्नाव विधान परिषद सदस्य भारतीय जनता पार्टी वरिष्ठ अतिथि डॉ यतेंद्र कुमार सैन प्रदेश अध्यक्ष सैन सविता समाज उत्तर प्रदेश जी का सर्वपर्थम जननायक कपूरी ठाकुर जी पर दिप प्रचलित किया गया ।

सभी सैन बंधुओ ने फूल माला से स्वागत किया मुख्य अतिथि ने वरिष्ठ सैन बंधुओ का सम्मान किया। मुख्य अतिथि रामचंद्र प्रधान ने कहा भारतीय जनता पार्टी की मोदी जी प्रधान मंत्री के नेवृत में सरकार द्वारा सभी के सम्मान में काम कर रही है आज सम्पूर्ण विश्व में मोदी योजनाओ की चर्चा होती है हम सम्पूर्ण प्रदेश में प्रवास कर रहे है आज सैन सविता समाज भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में अपना मतदान करके तीसरी वार प्रधानमंत्री मोदी जी को बनाने का काम करेगा सैन समज का उत्तर प्रदेश का नेता सिर्फ प्रधान जी ही है सैन समाज उन्ही के नेवर्त का भारतीय जनता पार्टी को मतदान करेगा प्रदेश अध्यक्ष डॉ यतेंद्र सैन ने अपने नेता को आश्वाशन दिया और कहा सैन सविता सिर्फ भाजपा के प्रत्यासी डॉ भोला सिंह को ऐतहासिक जित का कारण बनेगा और प्रदेश का सैन समाज भारतीय जनता पार्टी के लिए मतदान करेगा सभी उपस्थित वरिष्ठ लोगो ने एक मत मतदान देने के लिए प्रधान जी को विश्वाश दिलाया जिसमे प्रदेश सचिव विशन सैन ने कहा हम प्रधान जी आप के साथ थे और रहेंगे हम हिन्दू है और भाजपा हमारा अधिकार है संरक्षक सदस्य आर वि लाल सैन जयवीर सैन अजय सैन सभासद जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सैन रामकुमार सैन व्रजबासी राजेश सैन पिंटू सैन मुल्लानी डॉ अनिल कुमार प्रदीप तोमर पूरन सैन आजाद सैन भानु सैन आदि उपस्थित रहे ।



**जनसभा**

## बसपा सुप्रीमो मायावती ने बुलंदशहर में जनसभा को संबोधित किया

# देश में महंगाई व बेरोजगारी चरम पर काम नहीं आएगी भाजपा की नाटकबाजी, जुमलेबाजी और गारंटी: मायावती

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

सिकंदराबाद। बसपा सुप्रीमो मायावती ने आज सकंदराबाद में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। सिकंदराबाद में बसपा सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने गौतमबुद्धनगर लोक सभा सीट के बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सिंह सोलंकी और बुलंदशहर के बसपा प्रत्याशी गिरीश चंद्र जाटव के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने चुनावी रैली में कांग्रेस और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद से केंद्र और अधिकांश राज्यों में कांग्रेस की सरकार रही, किंतु उनकी गलत नीतियों और कार्य प्रणाली के कारण केंद्र और राज्यों की सत्ता से इन्हें जनता ने बाहर कर दिया। जिसके बाद इनके सहयोगी दलों का भी यही हाल हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा० व कांग्रेस की गलत नीतियों के कारण केंद्र और कई राज्यों पर काबिज हुई, मगर भाजपा० की जातिवादी, पूंजीवादी, संकीर्ण, संप्रदायवादी गलत नीति और कार्य प्रणाली के कारण जनता परेशान है। किसान परेशान है, गरीब, अल्पसंख्यक, शिक्षित बेरोजगार परेशान है। महिलाएं सुरक्षित नहीं है। देश की सीमाएं भी पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। उन्होंने भाजपा का नाम लिए बगैर कहा कि अब इनकी नाटक बाजी, जुमलेबाजी और गारंटी काम आने वाली नहीं है।

**'नोएडा एयरपोर्ट भाजपा नहीं बसपा की देन'**

बसपा० सुप्रीमो मायावती ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जब उनकी सरकार थी तब गौतम बुद्ध नगर की स्थापना उनकी सरकार ने की। जेवर के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे महामाया फ्लाईओवर मेडिकल कॉलेज और यूनिवर्सिटी जैसी सुविधाएं गौतमबुद्ध नगर को दी, यहां का इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया। बसपा के कार्यकाल में यूपी और गौतमबुद्ध नगर का विकास हुआ। जांच एजेंसियों का कर रहे इस्तेमाल बसपा सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने भाजपा का नाम लिए बगैर कहा कि कांग्रेस की नीति पर ही केंद्र और राज्य की आपकी सरकार चल रही है केंद्रीय जांच एजेंसी का राजनीतीकरण कर विरोधियों पर इस्तेमाल कर रही है।



साथ ही उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों की केंद्र और राज्य सरकारों ने दलितों मजदूरों किसानों के उत्थान का काम नहीं किया गरीब कल्याण का काम नहीं किया कुछ लोगों को राशन देकर बहकाने का काम किया है। जबकि हर हाथ को कम देना चाहिए वह नहीं दिया गया। देश में बेरोजगारी, महंगाई चरम सीमा पर है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने आरक्षण के मुद्दे पर भी जमकर बोली, उन्होंने कहा कि केंद्र और कई राज्य सरकारो ने रिक्त पदों पर नियुक्ति नहीं की, पदोन्नति में आरक्षण जैसे मुद्दों को दबा दिया गया है।

## मतदान

निर्वाचन आयोग की है यही पुकार।
मतदान करें मिल सब घर-परिवार।।
लोकतंत्र का है मतदान आधार।
मत न हो एक भी बेकार।।
मतदाताओं तुम हो राष्ट्र की शान।
उठो, जागो, सबसे पहले करो
मतदान।।
लोकतंत्र का करें हम सम्मान।
परिवार सहित करेंगे हम मतदान।।
है ये लोकतंत्र का पर्व महान।
लें संकल्प हम सब करेंगे मतदान।।
मतदान में लेनी होगी हिस्सेदारी
पूरी।
समझें हम अपनी जिम्मेदारी पूरी।।



**प्रस्तुति:-आर के राणा**
**(पर्यावरणविद एवं साहित्यकार)**

# व्यापारियों के उत्साह को देखकर गदगद हुए नीरज सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** रविवार को भाजपा के युवा नेता नीरज सिंह का गाजियाबाद लोकसभा चुनाव में अनेकों कार्यक्रम में रहना हुआ इसमें सबसे पहला व्यापारी समर्थन कार्यक्रम भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार मण्डल उधोग मंच के प्रदेश अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता के समरकूल प्रतिष्ठान पर सम्पन्न हुआ । सर्वप्रथम बड़ी माला पहनाकर समरकूल परिवार व व्यापार मण्डलों ने नीरज सिंह का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में शहर के सैकड़ों व्यापारी सम्मलित रहे। जिन्होंने भाजपा के प्रत्याशी अतुल गर्ग को भारी बहुमत से जिताने की बात नीरज सिंह के समक्ष रखी। बैठक में नीरज सिंह ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश और योगी जी के नेतृत्व में उतर प्रदेश आज तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। और इस चुनाव को लेकर पूरे देश में एक अलग ही उत्साह है। तथा भाजपा प्रत्याशी के संबंध में बताते हुए कहा कि अतुल गर्ग जी बहुत पहले से ही गाजियाबाद के विकास की चिंता करते आये है। और जब राजनाथ सिंह गाजियाबाद के सांसद थे।





तब भी वह गाजियाबाद के विकास की रूपरेखा तैयार करने के लिए उनके समक्ष आते रहते थे। उन्होंने कहा कि आज यहाँ आप सभी व्यापारी बन्धुओं को एक साथ भाजपा के समर्थन में एकजुट देखकर मेरा मानना है कि गाजियाबाद की जीत इस बार ऐतिहासिक होने जा रही है। उन्होंने संजीव कुमार गुप्ता की तारीफ करते हुए कहा कि, इनका व्यवहार भी इनके काम की तरह शीतल है। क्योंकि इनका कूलर भी ठंडी हवा देता है। और इसी तरह इनका व्यवहार भी सभी को ठंडक प्रदान करता है। कार्यक्रम के अंत में समरकूल के चेयरमैन ने नीरज सिंह का धन्यवाद करते हुए कहा कि नीरज भैया का आशीर्वाद उन्हें हमेशा ही प्राप्त होता है। और वह मेरी एक सूक्ष्म सूचना पर भी हमारे मार्गदर्शन के लिए उपस्थित हो जातें हैं। इसके लिए मेरा परिवार सदैव नीरज भैया का आभारी रहेगा। इस कार्यक्रम का संचालन भानु शिशोदिया ने किया । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, पूर्व अध्यक्ष अशोक मोंगा, पूर्व महापौर आशा शर्मा, पृथ्वी सिंह कसाना, पवन गोयल, मयंक गोयल, वी के अग्रवाल, बी के शर्मा हनुमान, महामंत्री राजेश त्यागी, व्यापार मण्डल के अध्यक्ष सुभाष छाबड़ा, अतुल जैन, सुबोध गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, बाल किशन बालू भाई, अनिल अग्रवाल सांवरिया, राजू छाबड़ा, विजय मोहन गर्ग, प्रवीन चौधरी, ओम दत्त कोशिक, जय कमल अग्रवाल, राहुल तोमर, विवेक प्रकाश गर्ग, विरेंद्र सहरावत, संजीव जांगिड, अश्वनी शर्मा, सुरेश्वर प्रभु, के साथ समरकूल के डायरेक्टर राजीव गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, तुषार गुप्ता, तनुज गुप्ता, रोहित गुप्ता, आदि उपस्थित रहें।

# मस्जिद कुतुब मदार आईटीओ में धर्मत्याग की समस्या और उसका समाधान, विषय पर एक सेमिनार आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दिल्ली।** मस्जिद कुतुब मदार आईटीओ में सीरत सेमिनार आयोजित किया गया। सीरत-उल-नबी कमेटी दिल्ली द्वारा आयोजित धर्मत्याग की समस्या और उसका समाधान, विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया गया, जिसकी शुरूआत कारी मोइनुल इस्लाम कासमी साहब द्वारा कुरान की तिलावत से हुई।

बैठक की अध्यक्षता डॉ0 सैयद फारूक ने की और तिलावत कारी सदाकतुल्लाह मेरठी ने की। मजाहिर उलूम सहारनपुर से आए हजरत मौलाना मुफ्ती मुहम्मद जावेद ने कहा कि धर्म परिवर्तन की समस्या यह बहुत ही संवेदनशील और ज्वलंत विषय है और इससे इस्लाम का अपमान और परिवार का अपमान हुआ है। यह समस्या सबसे पहले हजरत अबू बक्र के समय में उत्पन्न हुई, लेकिन उन्होंने इनका बहादुरी से मुकाबला किया। 1923 में भी यह आंदोलन सिद्धि करण के नाम से शुरू किया गया था लेकिन 2.3 साल में ही खत्म हो गया। आजकल मिश्रित सहित कई कारणों से हमारी लड़कियाँ बहक रही हैं शिक्षा, कोचिंग सेंटर, कॉलेज, ऑफिस, इंटरनेट के अलावा फेसबुक और व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम पर दिन.रात अश्लील मैसेज की भरमार रहती है। ऐसे माहौल में माता.पिता की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। खासतौर पर मांओं को अपनी बेटियों के मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर नजर रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दहेज के अभिशाप और इसके प्रदर्शन के कारण गरीब लड़कियों की शादी में भी देरी होती है। मौलाना ने महिलाओं



की ट्रेनिंग के लिए राष्ट्रीय संस्थाओं के माध्यम से उनकी सभा आयोजित करने की भी सलाह दी। और मिश्रित शिक्षा से बचने के लिए लड़कियों के लिए अलग शिक्षण संस्थान स्थापित करने की सलाह दी।इससे पहले, मुफ्ती शमीम अहमद कासमी, महतमम जामिया फैज उलूम और अल.कुरैश मस्जिद, दिल्ली के इमाम और खतीब ने कहा कि इस्लाम धर्म अल्लाह का सबसे बड़ा आशीर्वाद है। लोग कुरान के महत्व को नहीं समझते हैं जबकि पवित्र पैगंबर,पीबीयूएच, ने कहा था कि मैं तुम्हारे बीच दो चीजें छोड़ रहा हूं। रामिरी की कुरान और सुन्नत। अतः हमारा दायित्व है कि हम बच्चों में धर्म के प्रति महानता एवं प्रेम जगायें तथा उनकी उचित शिक्षा एवं प्रशिक्षण की व्यवस्था करें। आज उचित शिक्षा के अभाव में हमारी लड़कियाँ धर्मभ्रष्ट होकर अन्य धर्म अपना रही हैं। आज दुनिया में इस्लाम को लेकर संदेह पैदा हो रहा है, उन्होंने यह सिलसिला जारी रखा मैंने समान नागरिक संहिता और नए तलाक कानून का उदाहरण दिया जिनके बारे में गलत जानकारी दी जा रही है और प्रचार किया जा रहा है। इसलिए, सही शिक्षा और जानकारी प्रदान करना हमारी ज़िम्मेदारी है। उन्होंने लड़कियों द्वारा मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर निगरानी रखने की भी सलाह दी और घर की महिलाओं और बच्चों के साथ प्यार और सम्मान से पेश आने की बात कही। डॉ0 सैयद फारूक साहब ने महिलाओं के बेहतर इलाज और आंखों की पवित्रता के बारे में बात की और यह कविता पढ़ी। अल्लाह से दूर, शिक्षा भी एक प्रलोभन है। सबसे पहले, संपत्ति, संपत्ति और प्रलोभन यदि आप अन्यायी के पक्ष में खड़े हो तो तलवार भी **प्रलोभन है।** तलवार भी एक प्रलोभन है

जलसा का आयोजन कमेटी के उपाध्यक्ष सैयद रशद हुसैन ने किया और अतिथियों का शुक्रिया कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल रशीद ने किया। सेमिनार का समापन मुफ्ती मोहम्मद जावेद साहब की दुआ से हुआ।

# पृथ्वी को प्रदूषण से मुक्त करना हे तो ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाना है : डॉ.अनुज अग्रवाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रबूपुरा (उपेन्द्र भाटी)।** सोमवार को कस्बे



स्थित शान्ति देवी राजकीय महाविद्यालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीयपृथ्वी दिवस पर अंतराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में पेड़ पौधे भी लगाए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुज अग्रवाल व संचालन डॉ अल्पना पोसवाल ने किया। छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए डॉक्टर अनुज अग्रवाल ने कहा कि हमे पृथ्वी को स्वच्छ व प्रदूषण मुक्त करना हे तो अधिक से अधिक संख्या में पेड़ पौधे को लगाना है। डॉक्टर धर्मेन्द्र भाटी ने बताया कि यदि हम इस तरह से पेड़ पौधे की कटाई करेंगे तो आने वाला समय कठिनाई भरा होगा। इस दौरान, हरिशपाल भाटी, अंकित स्वामी, जितेन्द्र, अरविंद, ऋचा शुक्ला, अतुल कुमार, सुजीत पायला, बबली रानी, रश्मि शर्मा, प्रिया, मयंक, मोहित, समस्त महाविद्यालय स्टाफ व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# बढ़ती हुई बेरोजगारी और महंगाई ने लोगों को मधुर शर्मा आरटीआई कार्यकर्ता, वायु सेना से सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गरीब जनता और निम्न मध्यवर्ग सबसे अधिक व्यथा और आर्थिक तनाव महसूस कर रहा है! सीधे शब्दों में कहा जाए तो बढ़ती हुई बेरोजगारी और महंगाई ने लोगों को बेचैन किया। जैसे-जैसे चुनावी मौसम के तापमान में वृद्धि हो रही है और मतदाता वोट देने की तैयारी में सक्रिय हो रहे हैं,



बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे ज्वलंत रूप धारण करते जा रहे हैं! वास्तव में इस परेशानी के चलते गरीब जनता और निम्न मध्यवर्ग सबसे अधिक व्यथा और आर्थिक तनाव महसूस कर रहा है! सीधे शब्दों में कहा जाए तो बढ़ती हुई बेरोजगारी और महंगाई ने लोगों को बेचैन किया हुआ है और रोजमर्रा के आरामदायक जीवनयापन में ये लोग कठिनाई महसूस कर रहे हैं!इन परिस्थितियों के दृष्टिगत रोजगार और सर्वव्यापी महंगाई से निपटने में आगामी केंद्र सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती और सबसे महत्त्वपूर्ण मुद्दा होगा! वैस भी सरकारों का बुनियादी कर्तव्य यही है कि पून निष्ठा और ईमानदारी से जनता की मूल समस्याओं और अहम मुद्दों की पहचान करें और निष्पक्षता से उनका समाधान करें बहरहाल,उम्मीद है कि लोगों को अनावश्यक तनाव से मुक्ति या राहत मिलेगी।

# व्यापारी एवं उद्यमी ही हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़: धामी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी) ।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने





गाजियाबाद के लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में आयोजित "व्यापारी सम्मेलन" में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे व्यापारी एवं उद्यमी ही हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और ब्राण्ड इण्डिया के सबसे अच्छे अम्बेसडर भी हैं।

अगले 25 वर्षों में जब भारत एक अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित होगा, उसमें व्यापारियों, उद्यमियों का अहम योगदान होगा। मंचासीन उत्तर प्रदेश सरकार मंत्री कमल अग्रवाल, लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग, राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने सभागार में बैठे सभी व्यापारियों से मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमन्त्री बनाने की अपील की और कहा अबकी बार 400 पार। कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रशान्त चौधरी, क्षेत्रीय मंत्री आशीष वत्स, कार्यक्रम संयोजक गोपीचंद प्रधान, मंच संचालन महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल, संजीव गुप्ता, अतुल जैन, अनुज मित्तल, सुनील गोयल, बृज मोहन, अशोक चावला, आनंद प्रकाश, विपिन मोहन गर्ग, सुधीर गोयल मोनू, महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, अनिल सांवरिया, बालकिशन गुप्ता बालू भाई, अशोक भारतीय सहित अन्य व्यापार मण्डलो के अध्यक्ष तथा 370 विभिन्न व्यापार मंडलों व संगठनों के सदस्य व्यापारी तथा उद्योगपति उपस्थित रहे। सभी व्यापारिक संगठनों के अध्यक्षों ने मुख्य अतिथि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का प्रतीक चिह्न देकर स्वागत अभिनंदन किया।

# इंदिरा विहार ग्राउंड खोड़ा, साहिबाबाद में भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के समर्थन में यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य द्वारा एक विशाल जनसभा को संबोधित किया





बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रचंड बहुमत से प्रधानमंत्री बनाने का आवाहन किया और 24*7 काम करने की गारंटी, भाजपा का संकल्प। 2047 तक विकसित भारत है मोदी की गारंटी ।

इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा, लोकसभा प्रभारी विजय शुक्ला, लोकसभा संयोजक अजय शर्मा, पूर्व चेयरमैन खोड़ा रीना भाटी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मयंक गोयल मानसिंह गोस्वामी, सुशील गौतम बॉबी त्यागी मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी धीरज अग्रवाल नमित वार्ष्णेय वरिष्ट नेतागण , मंडल अध्यक्ष भरी संख्या में कार्यकर्ता एवम स्थानीय निवासी उपस्थित रहे !

# पब्लिक इंटर कालेज के 10 वीं के टॉपर छात्र आईएसएस अधिकारी बन देश की सेवा करना चाहता है राजू किरमानी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीरपुर।** कस्बे के राजू किरमानी जो पब्लिक इंटर कॉलेज के छात्र हैं , उन्होंने दसवीं कक्षा में टॉप टेन



सूची में (93.17 प्रतिशत) प्राप्त कर कस्बा जहांगीरपुर जनपद गौतमबुद्ध नगर में टॉप किया है।राजू किरमानी ने बताया उनके पिता किसान हैं । राजू किरमानी का कहना है कि सामान्य दिनों में स्कूल के अलावा वो करीब चार घंटे नियमित पढ़ाई करते थे । जबकि परीक्षा से एक माह पहले से आठ घंटे तक पढ़ाई शुरू कर दी थी। दिन की अपेक्षा रात के समय उन्होंने अधिक पढ़ाई की । राजू किरमानी ने कहा कि परीक्षा देने के बाद से ही उन्हें आभास हो गया था कि उनका परीक्षा परिणाम काफी अच्छा होगा।शनिवार को परीक्षा परिणाम घोषित होते ही राजू किरमानी के घरवालों और स्कूल में खुशी की लहर दौड़ गई। उनके अध्यापकों द्वारा टॉप टेन सूची में स्थान प्राप्त करने की जानकारी हुई उनका कहना है कि वैसे तो पढ़ाई में पूरे परिवार का अच्छा सहयोग रहा है और आगे चलकर सिविल सेवा की तैयारी करेंगे। उन्होंने बताया कि सिविल सेवा में जाकर देश की सेवा करनी है।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी आश्रम कविनगर में भाजपा लोकसभा प्रत्याशी व शहर विधायक अतुल गर्ग ने भगवान शिव का आशीर्वाद लिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** अतुल गर्ग ने सभी को संबोधित करते हुए कहा अध्यात्म का राजनीति में बहुत महत्वपूर्ण योगदान है जब-जब राजनीति अपने रास्ते से भटकती है अध्यात्म उसको सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है राजनीतिक व्यक्तियों का मार्गदर्शन करता है राजनीति बगैर आध्यात्म के अधूरी है सौभाग्यशाली हूं जो आश्रम आने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ, इस अवसर पर पूर्व महापौर आदरणीय आशु वर्मा जी ने कहा मेरे जीवन में जब-जब कठिनाई आई हैं आदरणीय दीदियो ने हमेशा उन कठिनाइयों को दूर किया है मैं जीवन भर आश्रम का आभारी रहूंगा, पूर्व पार्षद आदरणीय हिमांशु मित्तल जी ने सभी से बढ़ चढ़कर वोट करने की अपील की, मजबूत राष्ट्र के लिए मोदी जी व भाजपा को वोट करें मंच संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष विनीत शर्मा ने किया, ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी राजेश दीदी ने सभी का आभार प्रकट किया इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी





सुतीश दीदी ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी गुंजन दीदी ब्रह्मा कुमारी राजयोगिनी देवना दीदी ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी चंचल दीदी महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी मंडल महामंत्री नीरज त्यागी मनोज सिंह श्रीचंद चौहान मुकेश शर्मा संजीव गुप्ता गगन अरोरा किशोर कुमार अनूप सिंह आर सी शर्मा डॉक्टर राकेश चावला अशोक गोयल परमेंद्र त्रिपाठी कृष्णकांत गुप्ता विजय कोरी डॉ अनिल बैसला चेतन भाई अजय भाई सुभाष भाई प्रदीप भाई कुमकुम बहन राजेंद्र गुप्ता अनामिका यशराज शिव राज रजनी मिथलेश शान्ति माता छाया बहन आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

सम्मान | पुरोहित हमारे धर्म तंत्र में मशाल सदृश रहा है: डॉ.आरके आर्य

# उ.प्र.संस्कृत संस्थान द्वारा पौरोहित्य प्रशिक्षण शिविर 2024-25 का शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ के तत्वावधान में पौरोहित्य प्रशिक्षण शिविर (निःशुल्क) वित्तीय वर्ष 2024-25 का शुभारंभ प्रशिक्षण केन्द्र गाजियाबाद में आमंत्रित अतिथियों, विद्वानों, आश्रम के ब्रह्मचारियों के साथ शंभू दयाल दयानन्द वैदिक सन्यास आश्रम, दयानन्द नगर, गाजियाबाद में शुभारंभ किया गया। डा अग्निदेव शास्त्री ने बताया कि आज उत्तर प्रदेश के सभी प्रशिक्षण केन्द्रों पर एक साथ प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ है। गाजियाबाद




केन्द्र में कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी सूर्यवेश तथा संचालन प्रशिक्षक डा.अग्नि देव शास्त्री ने किया सभी आमंत्रित अतिथियों विद्वानों आश्रम के कर्मचारियों के साथ 2024 -25 के शिविर का शुभारंभ किया गया जिसमें मुख्य रूप से सर्वश्री योगी प्रवीण कुमार, आचार्य जितेंद्र, डा. प्रमोद सक्सेना आदि उपस्थित रहे।ज्ञात हो कि "संस्कृत संस्थान उत्तर प्रदेश" में अपने केंद्र के द्वारा संस्कृत सम्भाषण, योग प्रशिक्षण, वस्तु एवं ज्योतिष के भी पाठ्यक्रमों का संचालन कर प्रशिक्षण देता है। जोकि एक संस्थान द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य है। डा आरके आर्य निर्देशक स्वदेशी आयुर्वेद हरिद्वार ने बताया कि भारतीय राजतंत्र में तो पुरोहित को सचिव,वैद्य,गुरु सभी कुछ माना गया है राज्य में युद्ध, बीमारी, अकाल आदि किसी संकट में राजपुरोहित का परामर्श जहां दिशा निर्देशक रहा है वहीं शांति की स्थिति में राज्य के विस्तार एवं समृद्धि के लिए भी उसकी सदैव निर्णायक भूमिका रही है।सामाजिक पर्वों तथा विभिन्न कृत्यों और प्रक्रिया के निर्धारण हेतु भी उसका परामर्श अपरिहार्य रूप से लिया जाता रहा है। इस प्रकार पुरोहित हमारे धर्म तंत्र में सभी नित्य नैमित्तिक तथा काम्य कर्मों के लिए अग्नि की भांति जीवन में अग्र प्रकाश (मशाल) सदृश रहा है।

रेलयात्री : कृपया ध्यान दें!
महत्वपूर्ण जानकारी
ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की सेवा अवधि का विस्तार

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा चलाई जा रही निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन रेलगाड़ियों की संचालन अवधि में बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | आवृति/ चलने के दिन | विस्तार की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 07621 | हुजूर साहेब नांदेड | हजरत निजामुद्दीन | शनिवार | 04.05.2024 से 29.06.2024 |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | हुजूर साहेब नांदेड | रविवार | 05.05.2024 से 30.06.2024 |
| 02351 | पटना जं. | आनन्द विहार (ट) | प्रतिदिन | 23.04.2024 से 26.04.2024 |
| 02352 | आनन्द विहार (ट) | पटना जं. | प्रतिदिन | 24.04.2024 से 27.04.2024 |
| 03635 | गया | आनन्द विहार (ट) | प्रतिदिन | 23.04.2024 से 26.04.2024 |
| 03636 | आनन्द विहार (ट) | गया | प्रतिदिन | 24.04.2024 से 27.04.2024 |

नोट : अन्य विवरण पूर्ववत रहेगा।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें ।

1206/24

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
पर हमें फॉलो करें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भाजपा ने दलित, गरीबों, आदिवासियी मुसलमानों व किसानों के लिए कोई काम नहीं किया: मायावती

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने रामलीला मैदान कविनगर में आयोजित चुनावी जनसभा में भाजपा व कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने सिर्फ पूंजीपतियों व धन्ना सेठों के लिए काम किया है। भाजपा ने दलित, गरीबों, आदिवासियी मुसलमानों व किसानों के लिए कोई काम नहीं किया। भाजपा की कथनी भाजपा सरकार ने सिर्फ पूंजीपतियों व धन्ना सेठों के लिए काम किया मायावती

भाजपा पर पश्चिमी उप्र में क्षत्रियों की उपेक्षा का लगाया आरोप से बसपा प्रत्याशी नंद किशोर गुंडीर के समर्थन में जनसभा में बसपा सुप्रीमो ने कहा कि बसपा पार्टी ने क्षत्रियों और सर्व समाज के साथ लौकसभा टिकट वितरण में कोई भेदभाव नहीं

मायावती की जनसभा में नहीं जुटी भीड़

मायावती की चुनाव जनसभा में उम्मीद के मुताबिक भीड़ नहीं थी। चुनाव जनसभा काल पंडाल आधे से ज्यादा खाली पड़ा रहा। मायावती के कट्टर समर्थकों में भी जोश नहीं था। कार्यकताओं में अनुशासनहीनता भी देखने को मिली। कार्यक्रम में उम्मीद के मुताबिक भीड़ न होने से मायावती भी काफी निराश दिखाई दी, वहीं पार्टी प्रत्याशी के चेहरे पर भी हवाईयां उड़ी हुई थीं।






किया, हमने भाजपा के क्षत्रियों की उपेक्षा देखते हुए ही क्षत्रिय समाज ने व्यक्ति को चुनाव मैदान में उतरा है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि भाजपा सरकार ने केवल पूंजीपतियों व धन्ना सेठों

भाजपा हिन्दुत्व की आड़ में

धार्मिक उन्माद फैलाकर गरीब, कमजोर तबकों व मुस्लिमों का तरह-तरह से उत्पीड़न कर उनका शोषण करने मेंलगी है, जिसे बसपा बर्दाश्त नहीं करेंगी मायावती ने कहा कि यदि बसपा को सरकार चलाने का मौका मिला तो वे दलितो, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों को उनका अधिकार दिलाएं और उनकी सामाजिक व आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए उनके हितों के काम करेंगी। और करनी और कथनी भारी अंतर है। इसके साथ ही मायावती ने गाजियाबाद लोकसभा सीट सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश में क्षत्रियों की उपेक्षा करने का आरोप भी लगाया। गाजियाबाद के लिए कान किया है। उसने दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों व गरीबों के हितों के लिए? कोई काम नहीं किया। भाजपा की नीति हमेशा पूंजीवादी व जातिवादी रही है।

# द्वितीय रेंडमाइजेशन में शेष 08 ईवीएम का सप्लीमेंट्री रेंडमाइजेशन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** परिसर में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अरुण कुमार सिन्हा, जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में, प्रत्याशियों प्रत्याशी प्रतिनिधियों एवं ईवीएम के प्रभारी, सहप्रभारी की उपस्थिति में 08 ईवीएम का सप्लीमेंट्री रेंडमाइजेशन कराया गया। यह सप्लीमेंट्री रेंडमाइजेशन जिला सूचना,विज्ञान अधिकारी गाजियाबाद अजय कुमार तायल ने भारत निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर द्वारा एन0आई0सी0 कार्यालय कलेक्ट्रेट कराया गया।



# दण्डात्मक कार्रवाई से बचने का आखिरी मौके,16 से 21 तक अनुपस्थित रहे कार्मिक 22 अप्रैल को 10 बजे प्रातः अपना प्रशिक्षण पूर्ण कर लें: प्रभारी कार्मिक अभिनव गोपाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद लोक सभा सामान्य निर्वाचन,2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग के दिशा, निदेर्शों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के निदेर्शानुसार मुख्य विकास अधिकारी, प्रभारी कार्मिक अभिनव गोपाल के नेतृत्व में आईटीएस कॉलेज के 31 कमरों में 16 अप्रैल से 21 अप्रैल तक चल रहे निर्वाचन कर्मियों के प्रशिक्षिण के क्रम में 21 अप्रैल को सुबह की पाली में लगभग 350 लोगो में से 18 अनुपस्थित रहे जिनमें 8 पीठासीन अधिकारी, 4 मतदान अधिकारी प्रथम और 6 मतदान अधिकारी तृतीय अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में सभी 194 सेक्टर मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण आयोजित किए गया जिसमें 194 सेक्टर मजिस्ट्रेट में से 189 ने प्रशिक्षण लिया। इस प्रकार आज दोनों पालियों में 23 कार्मिक अनुपस्थित रहे। प्रभारी कार्मिक श्री अभिनव गोपाल द्वारा उक्त सभी 23 अनुपस्थित कार्मिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराते हुए विभागीय कार्रवाई के साथ–साथ दण्डात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गये। मुख्य विकास अधिकारी,,जिला कार्मिक प्रभारी अभिनव गोपाल ने बताया कि जो लोग इस प्रशिक्षण (16 से 21 तक) में अनुपस्थित थे वो प्रत्येक दशा में 22 तारीख को प्रातः 10 बजे से एक बजे तक आईटीएस मोहन नगर पर प्रशिक्षण पूर्ण कर ले अन्यथा अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध निर्वाचन अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। सुपर मास्टर ट्रेनर डॉक्टर हामिद लतीफ एवम सह प्रभारी पवन कुमार भाटी द्वारा प्रशिक्षण का पर्यवेक्षण किया गया।



# जाट समाज और किसानो के प्रति भाजपा की मोदी सरकार की दमनकारी तथा अन्यायपूर्ण नीतियों और विशेष रूप से निम्न घटनाओं के खिलाफ रोष दिखा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाज़ियाबाद (आशा चौधरी)।** जाट समाज जिला गाज़ियाबाद के प्रमुख व्यक्तियों की पंचायत,होटल रॉयल पार्क , शक्ति खण्ड-2, इंदिरापुरम, गाज़ियाबाद मे हुई जिसमें जाट समाज और किसानो के प्रति भाजपा की मोदी सरकार की दमनकारी तथा अन्यायपूर्ण नीतियों और विशेष रूप से निम्न घटनाओं के खिलाफ रोष दिखा।

,हरियाणा में जाट आरक्षण आन्दोलन के दौरान सीधे गोलियों चलाकर 31 युवाओं की निर्मम हत्या ,कांग्रेस सरकार द्वारा दिये गये आरक्षण को उचित पैरवी ना करके कोर्ट द्वारा निरस्त करना

,किसान आन्दोलन को खत्म करने हेतु किसानो के साथ अमानवीय व्यवहार और किसानो को आतंकवादी , देशद्रोही ,नक्सलवादी, बलात्कारी आदि कहना ,वायदे के अनुसार टरढ को कानूनी अधिकार ना बनाना ,अग्निवीर योजना लागू करके किसानों के बच्चों को बेरोजगारी में धकेलना ,देश का नाम रोशन करने वाली पहलवान बेटियों के साथ किया गया अन्यायपूर्ण बेशर्म कृत्य और ,पश्चिमी प्रदेश का निर्माण ना करना । पंचायत मे उपस्थित सभी वक्ताओं ने उपरोक्त मुद्दों पर अपने विचार रखे और आक्रोशित जन-समुदाय ने एक स्वर से सर्वसम्मत प्रस्ताव पास किया कि इस 2024 के लोक सभा चुनावों में पूरा जाट समाज संगठित रूप से हर उस उम्मीदवार को वोट देंगे जो बी जे पी के उम्मीदवार को हराने में सक्षम होगा और हमारी उक्त मांगों ,मुद्दों पर सहमत होगा तथा अपनी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से बात करेगा और जीतने पर लोकसभा में हमारी मांगों को उठाने का वायदा करेगा । इस पंचायत की अध्यक्षता चौधरी सुरेन्द्र सिंह लोर ने की तथा संचालन के पी सिंह दहिया एवं मोहन सांगवान ने किया ।

इस अवसर पर मुख्य रूप से ओमवीर तोमर ,कवीन्द्र चौधरी , कर्नल सुधीर , ओमबीर सिंह वीरवाल , वीरेन्द्र सिंह ढाका , प्रवीण मसन्द, यतेन्द्र सिंह तेवतिया , प्रमोद श्योरान , अनिल चौधरी , नरेन्द्र राठी , मोहित तोमर , महिपाल सिंह पवार ,समरपाल सिंह ,लक्ष्मण सिंह मलिक , आर . पी सिंह तोमर , सुरेन्द्र सिंह, सतबीर सिंह आदि लोगों के अतिरिक्त लगभग 400 लोग उपस्थित रहे।



# बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से जनमानस तबाह है, सबको कांग्रेस की गारंटी से राहत मिलेगी: डॉली शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने इंडिया गठबंधन

- **मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा को भारी बहुमत से जिताएं: प्रमोद तिवारी**
- **बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से जनमानस तबाह है, सबको कांग्रेस की गारंटी से राहत मिलेगी: डॉली शर्मा**

की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा के पक्ष में श्याम पार्क मेन, रामलीला मैदान साहिबाबाद में एक जनसभा को संबोधित किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने केंद्र में सत्तारूढ़ मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा को भारी बहुमत से जिताने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में तो ट्रिपल इंजन की सरकार है, लेकिन विकास कहाँ हैं। यदि विकास की गंगा बहाना चाहते हैं तो कांग्रेस गठबंधन, इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी डॉली शर्मा को वोट दें।

इस मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने भी लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार के विभिन्न घोटालों से जनता तंग आ चुकी है। बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से जनमानस तबाह है। इनलोगों को राहत पहुंचाने के लिए ही कांग्रेस 5 तरह की गारंटी लेकर आई है। इन गारंटियों से युवाओं, महिलाओं, मजदूरों, किसानों के साथ साथ समाज के सभी वर्गों का भला होगा। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी, समाजवादी पार्टी के साहिबाबाद विधानसभा अध्यक्ष समाजवादी पार्टी अवतार सिंह काले, सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष प्रह्लाद शर्मा, कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज आदि मौजूद रहे।



# दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक आयु के कुल मतदाताओं 480 में से 455 ने अपने घर से किया मतदान: शैलेन्द्र भाटिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद भारत निर्वाचन आयोग के दिशा,निदेर्शों के अन्तर्गत लोक सभा सामान्य चुनाव-2024 में गाजियाबाद 12 लोकसभा के जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के निदेर्शानुसार पोस्टल वैलेट प्रभारी/एडीएम एल/ए के नेतृत्व में गाजियाबाद लोक सभा की विभिन्न विधान सभाओं में कुल 1220 इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट जारी किया गया है, 120 सर्विस वोटर के पोस्टल बैलट प्राप्त हुए है। और 715 चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मियों द्वारा पोस्टल बैलट द्वारा मतदान फैसिलिटेशन सेंटर पर किया गया है, जिसमें से मोदीनगर का 280 पोस्टल बैलट है, 20 अप्रैल तक तक दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक आयु के कुल मतदाता 480 में से 455 द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया है। जिसमे धौलाना आंशिक और मोदीनगर विधानसभा सम्मलित है।





# इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने खोड़ा कालोनी में निकाला एक विशाल रोड शो

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** खोड़ा की प्रमुख समस्या स्वच्छ पेयजलापूर्ति है, जिसकी लड़ाई हमने सड़क से टीवी पर्दे तक लड़ी है: डॉली शर्मा जनसुरक्षा, जनस्वास्थ्य, शिक्षा, बेरोजगारी, महंगाई आदि से यहां के लोग परेशान हैं। आपलोगों की विभिन्न समस्याओं के समाधान और परेशानियों ने निदान के लिए ही कांग्रेस ने विभिन्न गारंटियों की ऐलान किया है: डॉली शर्मा

जब 2024 में केंद्र में कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तो युवाओं, महिलाओं, मजदूरों, किसानों समेत समाज के सभी वर्गों के हित के लिए, समान भागीदारी के लिए कांग्रेस की गारंटी को लागू किया जाएगा: डॉली शर्मा

गाजियाबाद। रविवार को इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने खोड़ा कालोनी में एक विशाल रोड शो का आगाज किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खोड़ा की प्रमुख समस्या स्वच्छ पेयजलापूर्ति है, जिसकी लड़ाई हमने सड़क से टीवी पर्दे तक लड़ी है। उन्होंने कहा कि जनसुरक्षा, जनस्वास्थ्य, शिक्षा, बेरोजगारी, महंगाई आदि से यहां के लोग परेशान हैं। आपलोगों की विभिन्न समस्याओं के समाधान और परेशानियों ने निदान के लिए ही कांग्रेस ने विभिन्न गारंटियों की ऐलान किया है। जब 2024 में केंद्र में कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तो युवाओं, महिलाओं, मजदूरों, किसानों समेत समाज के सभी वर्गों के हित के लिए, समान भागीदारी के लिए कांग्रेस की गारंटी को लागू किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, उनका रोड शो पहला पुस्ता से प्रारंभ हुआ। उसके बाद इतवार बाजार, टी-पॉइंट, खोड़ा गांव, सरस्वती विहार लाल मंदिर, कविता पैलेस, नेहरू गार्डन चौकी, वंदना विहार पोस्ट ऑफिस, थापर गेट, कालू सीमेंट रोड, मिहिरभोज गेट से पहले मधु विहार, प्रकाश नगर 4 नम्बर, हयात नगर, मंगल बाजार, यादव मेडिकल, शंकर विहार, उज्ज्वल दीप स्कूल, सनी बाजार, लोधी चौक से सोम बाजार होते हुए दूसरा पुस्ता पर पहुंचकर समाप्त हुआ। इस बीच जगह जगह पर लोगों ने उनका स्वागत किया।

रोड शो के दौरान कार्यकताओं ने कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, सोनिया गांधी जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद, प्रियंका गांधी जिंदाबाद, डॉली शर्मा जिंदाबाद, अजय राय जिंदाबाद आदि नारे लगाकर अपने नेता का हौसला अफजाई किए। खोड़ा के सभी समाज के लोगों ने इस रोड शो की सफलता में अपना अपना योगदान दिया। इस मौके पर किसान मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक अमित शर्मा, अश्विनी कौशिक, सपा नेता राहुल पंडित, नितिन यादव, अमित भारद्वाज, सुमित भारद्वाज, प्रिंस भारद्वाज, खोड़ा नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, कार्यालय प्रभारी संदीप कुमार, जितेंद्र शर्मा, शंकर ठाकुर आदि लोग मौजूद रहे।





**आयोजन** आंकड़ों की बमबारी करके भाजपा की झूठी उपलब्धियों को किया तहस-नहस राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने भाजपा और मोदी दोनों को अपने गिरेबां में झांकने की नसीहत दी

# प्रत्याशी डोली शर्मा ने अपने कार्यालय पर प्रेस वार्ता का किया आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** प्रमोद तिवारी ने गाजियाबाद की जनता से इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी डॉली शर्मा को भारी बहुमत के साथ विजयी बनाने की अपील की गाजियाबाद। रविवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता, राज्य सभा ने सर्वकालीन आजाद भारत के "चन्दा घोटाले" के लिये भारतीय जनता पार्टी की कड़ी निन्दा एवं आलोचना की है। उन्होंने कहा है कि 13 हजार करोड़ रुपये, जिसमें एक साल की वसूली सम्मिलित नहीं है, के "इलेक्टोरल बाण्ड" का जो खुलासा सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद एस.बी.आई. को करना पड़ा, उसमें भा.ज.पा. रंगे हाथ पकड़ी गयी और इलेक्टोरल बाण्ड के रूप में माल भी पकड़ा गया। श्री तिवारी मालीवाड़ा चौक, अम्बेडकर रोड स्थित इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा के मुख्य चुनाव कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर पार्टी प्रत्याशी डॉली शर्मा, महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी, जिलाध्यक्ष विनीत त्यागी, सपा जिलाध्यक्ष फैजल हुसैन, पूर्व महानगर अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज के अलावा पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक और जिला एवं महानगर संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।अपनी बात आगे बढ़ाते हुए तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार ईडी, सीबीआई और आईटी (इनकम टैक्स) का भय दिखाकर हफ्ता वसूली या डोनेशन वसूली करती है। जिसका एक खुलासा अभी "इलेक्टोरल बाण्ड घोटाले" के रूप में सामने आया है। क्योंकि जिन कंपनियों ने भारतीय जनता पार्टी के लिये इलेक्टोरल बाण्ड दिया, उन्हें पुरस्कार स्वरूप ठेके दिये गये। उदाहरणतया मेधा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रा ने लगभग 1200 करोड़ से डोनेट किये तो उसे 14,400 करोड़ रुपये का ठाणे-बोरीवजह ट्वीन प्रोजेक्ट दिया गया। जिन्दल स्टील एण्ड पॉवर ने 07 अक्टूबर, 2022 को 22 करोड़ रुपये का चन्दा दिया तो तीसरे दिन उसे गियर पाल्मा कोल माइन का ठेका मिल गया। शिर्डी साईं इलेक्ट्रिकल्स पर माह दिसम्बर 2023 में इनकम टैक्स का छापा पड़ा और जनवरी 2024 में कम्पनी ने 22 करोड़ रुपये का डोनेशन दिया। यही हाल फ्यूचर गेमिंग कंपनी का भी रहा ।उन्होंने कहा कि, जिन कंपनियों को केन्द्र सरकार से प्रोजेक्ट मिले उन्होंने प्रोजेक्ट मिलने के बाद भारतीय जनता पार्टी को चन्दा देकर अपना एहसान चुकाया। जैसे वेदांता ग्रुप को राधिकापुर वेस्ट प्रोजेक्ट कोल माइन मार्च 2021 में मिली तो उसने 25 करोड़ रुपये का चन्दा भाजपा को दिया। इसी प्रकार से सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इण्डिया, डीएलएफ, नवयुग इंजीनियरिंग, यूनाइटेड फास्फोरस, आईएफबी, एग्रो, यशोदा हास्पिटल गाजियाबाद पर दिसम्बर 2020 में इनकम टैक्स ने छापा डाला, अप्रैल, 2021 में उक्त हास्पिटल ने 162 करोड़ रुपये का बाण्ड खरीदा। इसी तरह हल्दिया इंजीनियरिंग, चेन्नई ग्रीन वुड्स, हीरोमोटो, माइको लैब, कल्पातरु प्रोजेक्ट, डा. रेड्डी लैब, आदि इन पर छापे डाले गये, बदले में इन कम्पनियों ने इलेक्टोरल बाण्ड खरीदे। इसी प्रकार से मित्तल ग्रुप, ब्राइट स्टार इनवेस्टमेण्ट, वण्डर सीमेण्ट, आई.आर.बी. इंफ्रा, टोरेण्ट पॉवर ने 86.5 करोड़ का इलेक्ट्राल बाण्ड खरीदा, उसे 47000 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट गुजरात में दिया गया। उपरोक्त के अलावा अन्य तमाम कम्पनियों द्वारा भाजपा को कुल मिलाकर 8,633 करोड रुपए का चन्दा दिया गया है, यह संख्या इससे भी बहुत ज्यादा है, क्योंकि एक वर्ष का आंकड़ा इसमें सम्मिलित नहीं है। तिवारी ने भारतीय जनता पार्टी को खुली चुनौती देते हुये कहा है कि यदि उसमें साहस है तो एक प्रेस कान्फेस करे और किस-किस से कितना-कितना चन्दा लिया है और कब कब लिया है उस पर एक "श्वेत पत्र" जारी करे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अब समझ आया है कि 40 साल की कमरतोड़ महंगाई का राज, इन्फ्रास्ट्रक्चर की कीमतों में बढ़ोत्तरी का राज और जनता की बदहाली राज क्या है? यदि भारतीय जनता पार्टी इस पर "श्वेत पत्र" नहीं जारी करती है तो यह आईने की तरह साफ है कि उसमें दम नहीं है कि वह इसकी सच्चाई बता सके कि कितना कितना पैसा, कहाँ कहाँ से कब कब आया? उन्होंने मांग की है कि यदि भारतीय जनतापार्टी इसका स्रोत न बताये तो सर्वोच्च न्यायालय इसकी जाँच कराये और इसकी मॉनीटरिंग करे, कि किस-किस दिन सरकारी एजेंसियों ने "रेड" किया, उसके बाद कितना-कितना इलेक्टोरल बाण्ड खरीदा गया या किनको ठेके दिये गये, और उन्होंने पहले या बाद में कितना इलेक्ट्रॉल बाण्ड दिया। सब कुछ देश की जनता के सामने आना ही चाहिए उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमन्त्री मोदी नरेंद्र मोदी को इसकी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुये सम्पूर्ण राष्ट्र से क्षमा याचना करनी चाहिए। केन्द्र की "मोदी सरकार" हर मोर्चे पर असफल साबित हुई है। चाहे वह देश सीमाओं की सुरक्षा रही हो, नौजवानों में बढ़ती बेरोजगारी हो, किसानों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (टरढ) आदि की समस्यायें हों, बेतहासा बढ़ती हुई महंगाई हो, अथवा भ्रष्टाचार का मामला हो, हर स्तर पर देश की जनता के साथ धोखा एवं विश्वासघात हुआ है तथा जनता छली गयी है। अच्छे दिन आने का सपना दिखाकर सत्ता में आयी मोदी सरकार ने देश की जनता को "बुरे दिन" में पहुंचा दिया है।





श्री तिवारी ने कहा है कि आज देश की जनता महंगाई की भयंकर मार झेल रही है, पेट्रोलियम से लेकर खाद्यान्न, तेल एवं रसोई गैस सभी कुछ की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोत्तरी हुई है और आवश्यक आवश्यकता की वस्तुएं लोगों की पहुँच से बाहर हो गयी है किन्तु "कुम्भकर्णी नींद" में सोई हुई मोदी सरकार को जनता के दुःख, तकलीफ या परेशानी से कोई लेना-देना नहीं है। वह अपने मद में ही मस्त है। महंगाई की बढ़ती मार देश की जनता पर किस तरह पड़ रही है, उसकी एक बानगी निम्नवत है :-

**वस्तु का नाम- वर्ष 2013 में कीमत- वर्ष 2024 में कीमत**

1. आटा प्रति 10 किलो- 210 रुपए- 410 रुपए
2. फुल क्रीम दूध- 30 रुपये प्रति लीटर- 66 रुपये प्रति लीटर
3. देशी घी- 300 रुपये प्रति किलो- 675 रुपये प्रति किलो
4. सरसों का तेल- 52 रूपए प्रति लीटर- 150 रुपये प्रति लीटर
5. अरहर दाल- 80 रुपये प्रति किलो- 210 रुपये प्रति किलो
6. रसोई गैस- 410 रुपये प्रति सिलेण्डर- 1103 रुपये प्रति सिलेंडर।

इसी प्रकार से वर्ष 2013 में पेट्रोल 66 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 52 रुपये प्रति लीटर थी किन्तु वर्ष 2024 में पेट्रोल 97 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल की कीमत 90 रुपये प्रति लीटर पहुंच गयी है। जबकि वर्ष 2013 में दुनिया में कच्चे तेल की कीमत लगभग 120 डॉलर प्रति बैरल से भी अधिक थी और आज कच्चे तेल की कीमत लगभग 87 डॉलर प्रति बैरल है। किन्तु तब तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने महंगा कच्चा तेल खरीद कर सस्ते में पेट्रोल और डीजल बेंचा था और आज मोदी सरकार सस्ता कच्चा तेल खरीद कर अपने दोस्त पूँजीपतियों की जेब भरने के लिये अधिक दामों में पेट्रोल और डीजल बेच रही है, और

# संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति की मौत, हत्या की आशंका, मृतक की कटी हुई टांग शव से थोड़ी दूरी पर मिली

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** सोमवार की सुबह देहात थाना क्षेत्र के गांव लोधीपुर में एक व्यक्ति का क्षत-विक्षित शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गांव के ही चरन पुत्र जयवीर भगत के रूप



**पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेजा**

में हुई है। मृतक के शरीर पर चोट के निशान और उसकी टांग का एक हिस्सा थोड़ी दूरी पर मिला है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार गांव लोधीपुर निवासी चरन सोमवार की सुबह टहलने के लिए निकला था। काफी देर तक भी वह वापस घर नहीं आया। इसी दौरान गांव में स्थित ओमी के खेत में क्षत-विक्षत शव देखकर ग्रामीणों ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ लग गई।

शव मिलने की सूचना पर देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त करते हुए परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। बताया गया कि शव के शरीर पर चोट के काफी निशान हैं। उसकी एक टांग भी कटी हुई थी,जो शव से थोड़ी दूरी पर पड़ी मिली है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने विभिन्न बिंदुओं पर जांच शुरू कर दी है।

# प्रतिभा सम्मान समारोह व विराट कवि सम्मेलन का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ग्रुप ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट एवं अखिल भारतीय साहित्यालोक के संयुक्त तत्वावधान में यहां जरोठी रोड स्थित कॉलेज में प्रतिभा सम्मान समारोह एवं विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

भाषण प्रतियोगिता में राखी एवं सनी त्यागी संयुक्त रूप से प्रथम हिमानी नागर द्वितीय सलोनी वर्मा तृतीय करण सैनी,निशा सैनी एवं साक्षी चौधरी को सांत्वना पुरस्कार मिला।

मुख्य अतिथि अखिल भारतीय साहित्यालोक के राष्ट्रीय अध्यक्ष. सुबोध गर्ग ने कहा कि संस्था का उद्देश्य प्रतियोगिताओं के माध्यम से छिपी प्रतिभाओं को सामने लाना है। आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है हमें आगे बढने के लिए अथक परिश्रम की आवश्यकता है।

कवि सम्मेलन की अध्यक्षता डा विपिन गुप्ता ने की एवं मंच का संचालन प्रख्यात कवि डा अनिल बाजपेई ने किया।

बहजोई से पधारे कवि सौराभकांत शर्मा ने पढ़ा,राष्ट्र बढ़ा सारे ही धर्मों को छोड़कर। आओ करें प्रणाम सभी हाथ जोड़ कर। मंच का संचालन करते हुए डा अनिल बाजपेई ने पढ़ा,मां ऋचा है वेद की, मां मंत्रों का जाप,अनिल ईश का रूप वो,ऐसा तेज प्रताप मां शब्द इतना बड़ा। धौलाना से पधारे ओज के कवि राजकुमार सिसोदिया ने पढ़ा चुनावों से पहले नेता जोड़ते हैं हाथ देखो, पूजते है पांव और वोट मांगते हैं वो। मेरठ से पधारी कवयित्री डा शुभम त्यागी ने पढ़ा, तरक्की हूँ मैं दुनियाँ की हमें बेकार न समझो । हमें अपने गले में चाँदनी का हार न समझो ।

दिल्ली से पधारे कवि शैल भदावरी ने पढ़ा आसमां से कूद जाती लोट जाती झील में।



आजकल मटका रही है नित जवानी रील में।

प्रबंध पदाधिकारी डा विकास अग्रवाल ने संदेश के माध्यम से कहा कविता आत्म और पर के द्वेष के पर को ध्वस्त करती है। इंद्रप्रस्थ कॉलेज के डायरेक्टर डा विपिन गुप्ता ने कहा कवि समाज के मार्गदर्शक हैं। समाज की विसंगतियों को वे अपनी कविता में व्यंग्य के माध्यम से व्यक्त कर दर्पण का कार्य करते हैं।

दीपक बाबू ने संदेश के माध्यम से कहा भाषण प्रतियोगिता युवाओं सार्वजनिक रूप से अपनी प्रस्तुति , कौशल एवं बोलने की शैली को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करती है।

संस्थान निदेशक डा सतीराम सिंह ने कहा महापुरुषों का वंदन एवं बहु आयामी काव्य व्यक्तित्व के विकास में सहायक है ऐसी प्रतियोगिताएं छात्रों को संबल प्रदान करती हैं। कार्यवाहक प्राचार्य भारती गुप्ता ने कहा कविता समाज नहीं व्यक्ति लिखता है।फिर भी कविता एक सामाजिक कर्म है।

इस अवसर पर डीएलएड विभागाध्यक्ष लोकेश कुमार, अवधेश त्यागी, पिंकी सिंह संजीव भारद्वाज, निधि सिंह प्रीति गुप्ता, दिव्य चौधरी, अंशू शर्मा, मिथिलेश अंजू चौधरी, अनुज भारद्वाज,उमेश शर्मा, कार्यवाहक प्राचार्य राजवीर कुमार, ऋषिपाल जैनर, रोजी रानी, पूनम त्यागी, सलोनी,रखी तोमर, मंगल सैन गुप्ता,संदीप वर्मा उपस्थित थे।

## मुठभेड़ में एक बदमाश घायल, दूसरा फरार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** पिलखुवा कोतवाली पुलिस व बदमाशों किया बीच हुई मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। जबकि एक बदमाश फरार हो गया है। सीओ पिलखुवा जितेंद्र शर्मा ने बताया कि गांव परतापुर के जंगल में पुलिस से मुठभेड़ हो गई। जिसमें गोली लगने से बदमाश सलमान निवासी गुलावठी घायल हो गया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका साथी वसीम निवासी नाहल चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइक और तमंचा कारतूस बरामद किये हैं। गिरफ्तार आरोपी गोकशी के मामले में वांछित चल रहा था।

## सरदार पटेल जूनियर हाईस्कूल के शिक्षक कमल शर्मा का हृदय गति रुकने से निधन

**पिलखुवा।** सरदार पटेल जूनियर हाईस्कूल के शिक्षक कमल शर्मा का हृदय गति रुकने से निधन, जानकारी के अनुसार 55 वर्षीय कमल शर्मा सरदार पटेल विधालय में सहायक पद पर तैनात थे।कल रात वह रोज मराह की तरह रात्रि में ठीक सोए थे। सुबह जब वह नहीं उठे तो परिजनों ने देखा तो मत पाए ग्रे।

आंशका है कि सोते वक्त ही उन्हें हार्ट आया हो।शिक्षक की अचानक मृत्यु का समाचार मिलते ही शोक की लहर दौड़ गई। विधालय के शिक्षक स्टाफ सहित प्रबंध समिति के सदस्यों ने उनके आवास पर पहुंचकर उनके निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया। विधालय के पूर्व प्रधानाचार्य बालकिशन शर्मा,भाजपा के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी विश्वप्रकाश शर्मा ,हापुड़सोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष धर्मेश जौहर ने अध्यापक कमल शर्मा के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की।

## पूर्व मंत्री मदन चौहान के भाजपा में शामिल होने पर भारत किसान यूनियन संघर्ष के तत्वाधान में किया गया स्वागत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** गढ़ विधानसभा क्षेत्र से तीन बार के विधायक व उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री मदन चौहान के भाजपा में शामिल होने पर पिलखुवा में भारत किसान



यूनियन संघर्ष के तत्वाधान में उनका स्वागत किया गया। भारतीय किसान यूनियन संघर्ष के पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर मनोज तोमर व प्रदेश महासचिव पंकज राठी के नेतृत्व में धौलाना रोड स्थित कुंज बिहारी मंडप में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

जिसमें पूर्व मंत्री श्री मदन चौहान के भाजपा में शामिल होने पर उनका नागरिक अभिनंदन किया गया। अपने सम्मान में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री मदन चौहान ने कहा कि आज देश की जनता का विश्वास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में है। क्षेत्र के लोगों के कहने पर मैं भाजपा में शामिल हुआ हूं और क्षेत्र की जनता की सेवा अब मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में करूंगा। चौहान ने किसानों व भाजपायों को संबोधित करते हुए कहा कि वे जनहित में कार्य करें और गरीब व्यक्ति असहाय लोगों की मदद के लिए हमेंशा तत्पर रहे। मैं जिस लायक भी हूं हर वक्त आपके साथ हूं।मेरा सौभाग्य है कि पिलखुआ की जनता ने मेरा क्षेत्र न होने के बावजूद भी मुझे इतना सम्मान दिया जिसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

इसवसर पर किसान यूनियन के युवा नेता विशाल शर्मा ,भाजपा महिला मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष ममता शर्मा, कुलदीप त्यागी,नरेंद्र रूहेला, कुलदीप उज्जैनिया, अंकुर जोहर, उमेश शर्मा , धीरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी राजेंद्र बाल्मीकि, बडीसंख्या में संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अबकी बार 400 पार, केन्द्र में तीसरी बार बनेगी मोदी सरकार: मनोज वाल्मीकि

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य मनोज वाल्मीकि ने कहा कि अबकी बार 400 पार,केन्द्र में लगातार तीसरी बार बनेगी मोदी सरकार। भाजपा सरकार में ही सभी वर्गों का सम्मान सुरक्षित है।

सोमवार को मनोज वाल्मीकि मेरठ रोड

**भाजपा के सेक्टर व बूथ अध्यक्षों की बैठक का आयोजन**

स्थित आवास विकास कालोनी स्थित अपने निज निवास पर आयोजित भाजपा के सेक्टर संयोजक व बूथ अध्यक्षों की आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का सभी वर्गों के पात्र लोगों तक पहुंचाया गया है। मोदी योगी सरकार में बिना भेदभाव के विकास कार्य कराये गये है।

उन्होंने कहा कि आगामी 26 अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की सभी को घर-घर जाकर मतदाताओं से अपील करनी है। मतदान अधिक होने से देश में मजबूत सरकार बन सकेगी।



इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री प्रमोद जिन्दल, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सचिन सिरोही, मनोज चौधरी, अंकुर राठौर, विभांशु शिशौदिया, रोहित सिंधु,ललित कुमार,नीरज शर्मा, मोहित पाल, बोबी पाठक, शिवम चौधरी आदि मौजूद रहे।

## शटल ट्रेन में यात्रियों से भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जनसंपर्क

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़ ।** अब द्वितीय चरण के मतदान की तिथि 26 अप्रैल जैसे-जैस निकट आती जा रही है। वैसे-वैसे ही प्रमुख

- **आगामी 26 अप्रैल को रामजी के पक्ष में मतदान करने की अपील की**
- **भाजपा सरकार में सभी वर्गों का सम्मान सुरक्षित:सुयश**

राजनैतिक पार्टियों के प्रत्याशियों ने पार्टी कार्यकर्ताओ व समर्थकों को साथ लेकर जनसंपर्क तेज कर दिया।

सोमवार को मेरठ-हापुड़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल के पक्ष में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ ने रेलवे स्टेशन पर शटल ट्रेन में यात्रियों से आगामी 26 अप्रैल को रामजी को अपना अमूल्य वोट देने की अपील की। इसके अलावा कार्यकर्ताओ भाजपा की नीतियों व केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से भी अवगत कराया। जिला मीडिया प्रभारी सुयश वशिष्ठ ने कहा कि देशहित में तीसरी बार मोदी सरकार बने,इसके लिए सभी को अपने वोट का प्रयोग जरूर करना चाहिए। भाजपा सरकार में ही सभी वर्गों का सम्मान सुरक्षित है।

इस अवसर पर ताराचंद मोगे,संजीव शर्मा,विकास शर्मा,अमित त्यागी,पीयूष शर्मा,संजय त्यागी,दीपक गिरि,निशांत अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



## बच्चो ने लिया पृथ्वी बचाने का संकल्प,बच्चों ने पृथ्वी को बचाने का भी दिया संदेश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर एलएन पब्लिक स्कूल में बच्चों ने पृथ्वी को बचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के नर्सरी से कक्षा 12 तक के छात्र-छात्राओं ने पृथ्वी की सुरक्षा और संरक्षण के प्रति अपनी संवेदनशीलता को प्रदर्शित किया। पृथ्वी दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जैसे कि पृथ्वी संरक्षण पर विद्यार्थियों द्वारा भाषण, छात्र-छात्राओं के लिए प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम, स्लोगन बनाओं, रंगोली बनाओं आदि गतिविधियों के माध्यम से विद्यालय ने छात्र-छात्राओं को पृथ्वी संरक्षण के महत्व को समझाने, उनकी जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. आराधना बाजपेई ने कहा कि पृथ्वी हमारी माता है और हमारी जीवन स्त्रोत है, जो हमें अपनी सुन्दरता, संतुलन और स्थिरता की मिसाल प्रदान करती है। उन्होंने विद्यालय के बच्चों से अपील की। कि हमें अपनी पृथ्वी की सुरक्षा के लिए सक्रिय योगदान देना चाहिए।विद्यालय के डायरेक्टर पंकज कुमार अग्रवाल,वाल ने बच्चों को पृथ्वी की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण की




महत्वपूर्णता पर जागरूक किया। उन्होंने कहा कि मानव गतिविधियों ने ग्रह पर विनाशकारी प्रभाव डाला है। जिसके परिणाम स्वरूप जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और प्राकृति संसाधनों का क्षरण हुआ है।

सचिव विनय त्यागी ने कहा की हमें गर्व है कि हम एक ऐसी पृथ्वी पर रहते है जो हमारे लिए एकमात्र घर है। परंतु हमें यह भी ध्यान देना होगा कि हमारी पृथ्वी आजकल गहरे पर्यावरण संकटों का सामना कर रही है। हमें बच्चों की तरह इसकी सुंदरता की कीमत समझनी चाहिए। कार्यक्रम में प्रबंध समिति सह सचिव केके अग्रवाल, सदस्या मधु अग्रवाल, पवित्रा त्यागी, करुणा अग्रवाल ने भी बच्चों को पृथ्वी बचाओ का संदेश दिया।

**चुनाव** | लोगों में चर्चा जीत लाखों से हो या हजारों में जीतेगा अतुल गर्ग ही, मतदाताओं की चर्चा कि डोली शर्मा नहीं बना पा रही अपनी पकड़

# गाजियाबाद सीट पर झुकेगा पंजा खिलेगा कमल, हाथी की सवारी मुश्किल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** गाजियाबाद लोकसभा सीट पर भाजपा व आइएनडीआइए गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डोली शर्मा अपनी जीत को लेकर रात दिन एक किए हुए हैं। क्या वह इस बार चुनाव में अपनी नैया पार लगा पाएंगी। हालांकि यह मामला भले ही मतदाताओं के ऊपर निर्भर करता हो कि वह उनके पक्ष में मतदान करेंगे या नहीं लेकिन प्रत्याशी अपनी ओर से मतदाताओं को अपने पक्ष में करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है।

वही राजनीतिक गलियारों में उनकी जीत को लेकर कई बड़े सवाल उठ रहे हैं । ब्राह्मण समाज का पूरा समर्थन बेशक उन्हें मिल गया हो लेकिन अभी भी गेंद मतदाताओं के पाले में ही है। वहीं पश्चिम उत्तर प्रदेश में जिस तरह से राजपूत समाज अपनी उपेक्षा को लेकर भाजपा का विरोध कर रहा है।इसको लेकर भाजपा के अंदर बेचैनी होना लाजिमी है। इस बात को डोली शर्मा समझ रही है और वह भी क्षत्रिय समाज को अपने पक्ष में लाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। यह बात अलग है कि देश के अंदर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी की लहर को विपक्षी गण कम तो आ सकते हैं लेकिन इतनी भी कम ना आंके। जो गलत आकलन साबित हो सकती है।

डोली शर्मा ने पिछले पांच वर्ष पूर्व कांग्रेस के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ा था। चुनाव हारने के बाद जनता की तो अभी बात ही करना नाइंसाफी होगा । खुद कांग्रेस में डोली शर्मा को लेकर भारी भरकम विरोध है। पार्टी के कार्यकताओं से न मिलाना, फोन रिसीव न करना, कार्यकताओं को अपमानित करना, और यहां तक की पांच वर्षों में अगर जनपद के दौरे की बात की जाए तो उन्होंने बीच में कभी दौरा करना भी उचित नहीं समझा।

क्या ऐसे में डोली शर्मा के प्रति मतदाताओं का रुझान हो पाएगा । कांग्रेसी आपस में ही उनका विरोध कर रहे हैं। राजपूत समाज का विरोध के चलते सपा गठबंधन की वोट उन्हें मिल जाएंगे ।लेकिन अकेले गठबंधन की वोटों पर भाजपा की कर्म भूमि गाजियाबाद में सपा का जीतना अभी लोगों की गले नहीं उतर रहा है। राजनीतिक विशेषज्ञों की माने कांग्रेसी अपनी जीत के प्रति पूरी तर आश्वस्त नहीं है । युद्ध के मैदान में दुश्मन भले ही कितना कमजोर हो लेकिन, युद्ध करते समय जिस तरीके से सावधानी बरती जाती है उसी तरीके से भाजपा प्रत्याशी पूरी सावधानी बरत रहे हैं। लेकिन जिस तरीके से भाजपा चुनाव लड़ रही है उसकी जीत का अंतर तो काम हो सकता है लेकिन चुनाव में वह विजय के प्रति आश्वस्त है। भाजपाइ का मानना है कि जो गठबंधन प्रत्याशी अपनी कार्यकताओं को एकजुट नहीं कर पा रही है। तो वह ऐसे में वह क्या बीजेपी को पराजित कर पाएगी। इसको लेकर अभी भी गठबंधन के नेता भी दबी जुबान से स्वीकार भी कर रहे हैं।

जहां तक भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग का सवाल है जनपद में उनका ठाकुर समाज के अलावा अन्य मतदाताओं में भी विरोध हैं।

उसके बावजूद टिकट कटने व मिलने को लेकर अक्सर विरोध होना स्वाभाविक है । गठबंधन प्रत्याशी हो या बसपा प्रत्याशी इन दोनों का ही मुकाबला भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग से है लेकिन भाजपा का वोट बैंक अभी भी एकजुट है। क्योंकि वैश्य समाज का मतदाता चुनाव में फेरबदल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर मरहूम सांसद सुरेंद्र गोयल को चुनाव जीत कर संसद में भेज दिया था जबकि अब तो खुद अतुल गर्ग वैसे क से जुड़े हैं जहां राजपूत समाज के चुनिंदा नेता उनका विरोध कर रहे हैं वहीं वैश्य वर्ग से जुड़े नेता अतुल गर्ग को जीतने के लिए रात दिन समीकरण बन रहे हैं। खुद धौलाना विधानसभा क्षेत्र के विधायक धर्मेश तोमर उक्त चुनाव को अतुल गर्ग का चुनाव न मानकर अपना चुनाव समझते हुए रात दिन प्रचार में जुटे हैं।

अतुल गर्ग की जीत को लेकर भाजपाइयों का मानना है जब देश की मीडिया ने अपने सर्वे में हापुड़ जनपद की तीनों विधानसभा सीटों पर भाजपा के सफाए की खबर को प्रमुखता से उठाया था उसके बावजूद भी भाजपा के पक्ष परिणाम आए थे ।

उससे ज्यादा विरोध तो अतुल गर्ग का नहीं है। भाजपाइयों के इस दावे में दम भी नजर आता है । जीत भले ही पांच लाख से ना हो लेकिन जीतना तो तय है। ऐसा भाजपाई ही नहीं आम मतदाता भी मानते हैं। हालांकि चुनाव में क्या फेरबदल कब हो जाएं यह तो मतदान के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## रात्रि में तेज हवा व बूंदाबांदी से गेहूं की फसल को नुकसान, किसानों की बढ़ी चिंता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** रविवार की रात्रि में मौसम में आए बदलाव के कारण तेज हवा में



**चिंतित किसान**

बूंदाबांदी से गेहूं की फसल को नुकसान हुआ है वही मौसम विभाग के द्वारा दी गई चेतावनी के कारण किसने की नींद उड़ी हुई है।

ग्राम वझीलपुर निवासी किसान ज्ञानेंद्र त्यागी ने बताया की रविवार को रात को तेज हवा में बूंदाबांदी से खेतों में खड़ी फसल गिर गई है। वही काफी किसानों की फसल काटकर खेत में पड़ी हुई है। इस खराब मौसम से गेहूं की फसल को थोड़ा नुकसान तो हुआ है लेकिन यदि तेज बारिश ओलावृष्टि तूफान आदि आ गई तो किसानों को भारी नुकसान होने की आशंका है।

उन्होंने बताया कि इस वक्त फसल की कटान का कार्य किया जा रहा है एक सप्ताह के भीतर सभी की फसल कटने की उम्मीद है। इसलिए ईश्वर से सभी किसान प्रार्थना भी कर रहे है कि इस दौरान मौसम साफ रहे।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय


# जनता निर्णय लेगी



**अब्दुल सलाम सैफी**
**संपादक**

ताजा सर्वेक्षण बताते हैं कि इस बार के आम चुनाव में बेरोजगारी, महंगाई और विकास प्रमुख मुद्दे के रूप में हावी रहने वाले हैं। ये मुद्दे मतदाताओं के लिए अपना सांसद चुनने में काम में आएंगे। पिछले पांच साल में देश की हालत में कितना सुधार हुआ और जनता के कल्याण के लिए केंद्र और राज्य सरकारों ने जनता की बेहतरी के लिए कितनी जिम्मेदारी से कार्य किए, यह भी मतदाताओं पर असर डालेगा। इसी तरह 2019 में एनडीए सरकार ने किन घोषणाओं या वादों को पूरा किया और कौन-सी घोषणाएं एनडीए की केंद्र और राज्यों में उसकी सरकारें पूरा करने में नाकाम रहीं, इस बार के आम चुनाव में जनता द्वारा उन सारे मुद्दों पर गौर करके मतदान करने की बात ताजा सर्वेक्षण में सामने आई है। ताजा सर्वेक्षण के मुताबिक नौकरी और बेरोजगारी का मुद्दा लोगों के लिए सबसे अहम रहने वाला है। तमाम ऐसे लोगों की राय है कि अर्थव्यवस्था पर राज्य और केंद्र सरकार को सबसे ज्यादा गौर करने की जरूरत है क्योंकि गैर-बराबरी बढ़ी है। वहीं पर सर्वेक्षण में महिलाओं को रोजगार के अवसर कम होने की शिकायत भी है। बेरोजगारी के अलावा महंगाई का मुद्दा सबसे अहम है। रोजमर्रा की वस्तुओं में बढ़ोतरी से भी आम लोगों में खासी नाराजगी है खासकर गरीब, ग्रामीण और मजदूरी करके परिवार पालने वाले मजदूरों में। निम्न मध्यम और मध्यम वर्ग की भी महंगाई को लेकर सबसे ज्यादा शिकायत है। उज्ज्वला और मुफ्त राशन योजना से भारत का निम्न वर्ग राहत महसूस कर रहा है। गौरतलब है कि भाजपा के नये चुनाव घोषणापत्र में गरीबों को मुफ्त राशन की योजना को अगले पांच साल और बढ़ा दिया गया है। निश्चित ही इसका असर चुनाव परिणाम में दिखाई देगा क्योंकि 2019 में निम्न और माध्यम वर्ग ने केंद्र की मुफ्त राशन योजना को पसंद किया था। आयुष्मान योजना को विस्तार देते हुए गरीबों के अलावा सत्तर साल के बुजुगरे को भी इसका लाभ देने की बात जरूर नई है, इससे करोड़ों बुजुगरे को फायदा मिलेगा। इसी तरह पिछले पांच सालों में विकास की अहमियत को 48 प्रतिशत जनता ने स्वीकार किया। सबसे दिलचस्प राय भ्रष्टाचार को लेकर लोगों में देखने को मिली। महज 8 प्रतिशत लोगों ने भ्रष्टाचार को तवज्जो दी यानी 92 प्रतिशत लोगों ने भ्रष्टाचार को कोई खास तवज्जो ही नहीं दी, जबकि दस साल पहले भ्रष्टाचार सबसे गंभीर मुद्दा हुआ करता था। उस समय देश में बेरोजगारी की दर 5 प्रतिशत के आसपास थी, लेकिन अब यह 6.8 प्रतिशत के आसपास है। पिछले चुनाव में बेरोजगारी को लेकर लोग इतने आक्रामक नहीं थे जितने आज हैं। भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती बेरोजगारी, महंगाई और लगातार कीमतों में बढ़ोतरी है। महंगाई में कुछ कमी आई है, लेकिन पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों को भी व्यावहारिक बनाना होगा। इसी तरह करोड़ों गरीबों को शौचालय, सूर्य घर योजना से 300 यूनिट मुफ्त बिजली के अलावा स्टार्टअप के जरिए रोजगार देने की कवायद की गई। फिर भी नौकरी और बेरोजगारी का मुद्दा इस चुनाव में छा गया है, इसके पहले इस पर लोग इतने उग्र नहीं थे। इसलिए कोई भी गठबंधन सत्ता में आए उसके सामने करोड़ों युवाओं को रोजगार देने और महंगाई को कम और स्थिर बनाए रखने की चुनौती तो होगी ही। भाजपा का घोषणापत्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जारी करते हुए कहा कि उन्हें यदि पांच साल और मिलते हैं तो वे भारत को दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था वाला देश बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे, लेकिन पिछले दस वर्षो में देश में कई स्तरों पर बदलाव आए हैं। करोड़ों नये युवा मतदाता इस बार के चुनाव में अपने मत का इस्तेमाल करेंगे। इनका भरोसा जीतना चुनौती ही है। वे रोजगार चाहते हैं, और देश को आगे बढ़ता हुआ भी देखना चाहते हैं। केंद्र में सरकार बनाने वाले गठबंधन को इन युवा मतदाओं की चाहत को हर हाल में पूरा करना ही होगा। इसी तरह महिलाएं भी सुरक्षा के साथ नौकरी भी चाहती हैं। वे आगे बढना चाहती हैं और इसमें केंद्र सरकार से अपनी बेहतरी के लिए उम्मीद भी लगाए हुए हैं। इसलिए भाजपा नीत एनडीए गठबंधन और कांग्रेस का 'इंडियाइ गठबंधन, दोनों ही महिलाओं के आर्थिक हालात मजबूत करने की बात अपनी चुनावी घोषणाओं में करते दिखते हैं। बेशक, देश की साख दुनिया में पहले से बेहतर हुई है। कश्मीर मुद्दा भी एक झटके में हल कर लिया गया है। मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक जैसे जघन्य कानून को खत्म कर दिया गया।

# इस्सयोग "ना भूतो ना भविष्यति:" एक आध्यात्मिक क्रान्ति : खबरीलाल



**विनोद तकियावाला**

महात्मा सुशील कुमार जी का महा निर्वाण महोत्सव के महायज्ञ में अपनी अपनी श्रद्धा समपर्ण जी समिधा डालने हेतू भारत के अलावे सम्पूर्ण विश्व से इस्सयोगी आ रहें है।ज्ञात्वय रहे कि सन 2002 के अप्रैल माह के 23 -24 तारीख की मध्य रात्रि में महात्मा जी अपने पार्थिक शरीर को त्याग अखिल ब्रहमाण्ड में समाहित हो गए थें धन्य वह धरा जहाँ पति पावनी गंगा सदियों से निरंतर र्निविघ्न बह रही है।इस पवित्र को अनेक संत महापुरुषों नें विभिन्न युग में स्वयं अवतरित हो कर जगत का कल्याण किया है। इसी क्रम में आज आप के समक्ष ऐसे महापुरुष की चर्चा करने जा रहा हूँ 'जिन्होंने संपूर्ण मानव जाति के कल्याण हेतू एक सहज सरल सुगम पथ ना केवल निमार्ण किया बल्कि सम्पूर्ण मानव जाति को त्रितापों से त्राण दिलाने हेतु, इस्सयोग साधना पथ बिना किसी भेद भाव आम आदमी सौगात स्वरूप उपलब्ध कराया है। एक दिव्य और चमत्कारिक शक्ति और औषधि देने वाले कोई साधारण संत नही बल्कि इस युग मे युग अवतार सद्गुरुदेव महात्मा सुशील कुमार जी के रूप अवतरित हुए।आप का जन्म बिहार प्रांत के भोजपुर ज़िला निवासी ब्रहमलीन महापुरुष श्री श्रीशचंद्र शास्त्री एवं कर्पूर कमला के एक मात्र पुत्र के रूप में 13जुलाई1938 को हुआ था। आपने 1961 में बी एस सी इंजीनियरिंग (सिविल)तथा 1971में बैचलर औफ लौ की उपाधि प्राप्त की।आप बिहार सरकार के पथ निर्माण विभाग में विभागाध्यक्ष के पद से1998में सेवा निवृत हुए। सर्वोतकृष्ट कार्यों एवं उपलब्धियों के लिए,आपको इंदिरा गाँधी प्रियदर्शिनी सम्मान 1997 से विभूषित भी किया गया था।महात्मा जी को अध्यात्म विरासत में मिला था।उनके पिता प्रातःस्मरणीय शास्त्री जी चारों वेदों के ज्ञाता और भाष्य-कार थे। वे कठोर कर्म-कांडी और सपत्नी पक्के आर्य समाजी थे। आर्य समाज के आचार्य के रूप में, उनकी समाज में बड़ी प्रतिष्ठा थी तथा वे भारत सरकार की ओर से विदेशों में( थाईलैंड,श्रीलंका आदि देशों में ) संस्कृत एवं वेदों की शिक्षा देने हेतु सादर भेजे जाते थे। शास्त्री जी ने गभार्धान से लेकर महात्मा जी के आगे के सभी संस्कार वेदोक्त विधि से कराए थे।उनकी माता पूजनीयाँ कर्पूर कमला जी,सामाजिक सरोकारों से जुड़ीं विदुषी और तेजस्वीनी महिला थीं। अस्तु बाल्य काल से हीं,महात्मा जी में आध्यात्मिक संस्कार पड़ने लगे थे।शिशु पर वैदिक संस्कार पड़े, इस हेतु,पिताश्री किंचित लोभ देकर गायत्री मंत्र आदि रटाते थे। शास्त्री जी ने उन्हें कह रखा था कि,जब गायत्री-मंत्र का पाठ किया जाता है,तो सभी इच्छित फल प्राप्त होते हैं।उन्हें किसी वस्तु की इच्छा होती थी तो उनसे यह कहा जाता था कि,आँखों को बंद कर ह्यगायत्री मंत्र का जप करो, तुम्हें वह अवश्य प्राप्त होगा। महात्मा जी तदनुसार करते थे,फिर उनके हाथों में वह वस्तु पड़ी मिलती।

(इच्छित वस्तु पिताश्री तैयार रखा करते थे।)।वयस्क होने पर महात्मा जी में स्वतंत्र विचार आने लगे तथा उनका आध्यात्मिक-चिंतन बदलने और परिष्कृत होने लगा। वय और अनुभूतियों के बढ़ने के साथ-साथ ,परम-तत्त्व की खोज की अभिलाषा उत्कंठा बनती गयी और उन्होंने जीवन के कर्मों का निबटारा करते हुए सत्य की खोज जारी रखी।जैसा कि पूर्व में निवेदन किया जा चुका है कि, महात्मा जी ने सिविल अभियंत्रण में स्नातक की उपाधि प्राप्त की थी,सो अपनी लौकिक वृति 1963 में बिहार सरकार के लोक निर्माण विभाग में अवर प्रमंडल पदाधिकारी के पद से प्रारम्भ की। 1963से 65तक वे बिहारशरीफ में रहे तथा1966 से69 तक राँची में। तब बिहार का विभाजन नही हुआ था। पटना-हाजीपुर को जोड़ने के लिए बनाए जा रहे गंगा सेतु( महात्मा गाँधी सेतु) के निर्माण में उन्होंने निमार्ता-कंपनी गैमन इंडिया साथ अपना विशेष योगदान1970-71में दिया था। वर्ष 1972 से 74तक बोकारो में एच एस सी एल में जोनल इंजीनियर के पद पर उन्होंने कार्य किया और इस काल का उल्लेखनीय पक्ष यह था कि आप हीं के नेतृत्व में अत्यंत महत्वाकांक्षी कोल्ड रोलिंग मिल की कमीशनीग संपन्न हुई थी। इसके बाद से, 1979 तक आपने राजधानी (पटना)के विभिन्न कार्य-प्रक्षेत्रों में,अपना उल्लेखनीय योगदान दिया। इसके बाद आपको,आपके कुशल प्रशासनिक और प्रभावकारी व्यक्तित्व के महत्त्व को रेखांकित करते हुए आपको नक्सल प्रभावित उन क्षेत्रों में विशेष कार्यों के लिए भेजा गया, जहाँ से दूसरे अधिकारी और विशेषज्ञ परहेज रखना चाहते थे। लेकिन आप भला किससे भय रखते !आपने सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर अपने कर्तव्य पूरे किए तथा इस दौरान अनेक स्थानों पर हरिजन-छात्रावास एवं शैक्षणिक संस्थानों के निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों को पूरा किया। 1998 में अपने विभाग के अध्यक्ष पद से सेवा निवृत होने से पहले आपने पटना क्षेत्रीय प्राधिकार के ट्रिब्यूनल में अपनी सेवाएँ दी। पटना में अतिक्रमण हटाने हेतु न्यायिक फैसले लेने के लिए दो माननीय न्यायाधीशों के साथ आपकी अभियुक्ति और अनुशंसा महत्त्वपूर्ण मानी जाती थी। पटना के सौंदर्यीकरण के लिए भी आपके प्रयास सराहनीय रहे।

उपरोक्त कुछ संदर्भ इस आशय के लिए, लिए गए कि,यह प्रमाणित हो कि महात्मा जी,जो कहते थे, वह अपने जीवन में पालन भी करते थे।उन्होंने संसार को पूरा जिया,और वहीं पूरी तरह विरक्त भी रहे। आध्यात्मिक धारा में बहते हुए भी,संसार छोड़ने की बात कभी नहीं की। वे कहा करते थे कि, .सत्य की खोज और तत्त्व-ज्ञान के लिए संसार को छोड़ना अनावश्यक है।सच्चा मार्ग और सच्चा गुरु पाकर गृहस्थ जीवन में हीं आध्यात्मिक उपलब्धियाँ पायी जा सकती है। गृहस्थ-आश्रम साधना का श्रेष्ठ आश्रम है।इसी तरह उन्होंने, समय आने पर विवाह भी किया। वर्ष1963 के18मई को जब आपका विवाह संपन्न हुआ,उस समय आपकी नव-परिणीता आदरणीया विजया जी (माँ विजया जी)अभी-अभी इंटर की परीक्षा दी थीं। भविष्य में दिव्य शक्तियों के स्वामी होने वाले सुंदर, सफल और योग्य पुरुष के लिए, निश्चय हीं,सुयोग्य कन्या होनी चाहिए। कहते हैं- जोड़ियाँ ऊपर बनायी जाती है।औरों के बारे में तो नहीं कह सकते,किंतु आपकी जोड़ी शिव-पार्वती की जोड़ी सिद्ध हुई। माताजी बाल्य-काल से हीं आध्यात्मिक रुझान रखती थी। अस्तु दोनों के संगम की पृष्ठ-भूमि पहले से तैयार थी।सो नैसर्गिक रूप से दोनों ही अध्यात्म के पथ पर भी साथ-साथ बढ़े। ईश्वर के प्रति उनकी विपुल भक्ति ने निश्चय हीं प्रभु को अपनी ओर खींचा था। उन्हें बाल्य-काल से हीं अलौकिक अनुभूतियाँ होती थी।साधना के मार्ग में एक पथ-प्रदर्शक की आवश्यकता पड़ती है। एक महात्मा ने दोनों को दीक्षा भी दी तथा साधना का मार्ग बी बताया। किंतु कुछ हीं कालों में आपने यह अनुभव किया कि,यदा-कदा गुरु रूप में कोई ऐसा विलक्षण व्यक्तित्व आता है,और आप दोनों को अलौकिक स्थितियों में ले जाता है,जैसा कि,आपके लौकिक-गुरु नहीं कर सकते थे। बाद में आपने अनुभूत किया कि, लौकिक गुरु के रूप में स्वयं सद्गुरु भगवान शंकर आकर साधना का मार्ग प्रशस्त करते चलते थे।कालांतर में,भगवान शिव स्वयं प्रकट होने लगे और आपने अध्यात्म की वह ऊँचाई पायी,जिसके लिए युगों-युगों तक,जनमों-जनम तक प्राणी भटकता फिरता है।महात्मा जी तथा माताजी ने केवल स्वयं हीं उस परम तत्त्व को नहीं प्राप्त किया,बल्कि उन्होंने जिज्ञ-ासु पात्रों एवं जन-साधारण को भी प्रभु से सीधे जुड़ने का इस्सयोग के रूप में एक महान और सरल मार्ग प्रशस्त किया।इस साधना-पद्धति का आश्रय लेकर सामान्य साधक भी, सहज में हीं वह सहजावस्था प्राप्त करने लगता है,जिसके लिए बड़े-बड़े संत अपना जीवन खपाते रहे हैं। आप नें ह्यइस्सयोग को न भूतों न भविष्यतिः आध्यात्मिक क्रांति इस्सयोग की एक मिनट की लयावस्था साधना 6 वर्षों के बाह्य पुजा पाठ के बराबर फलदायी होती है। आप ने घोषणा की इस्सयोग एक दिन दो तिहाई भु मण्डल पर छायेगा।इस्सयोग के समर्पित साधक साधिकायें हम घर घर पहुँचा चें कहा। वर्ष2002 के 23-24 अप्रैल की मध्य-रात्रि में महात्मा जी ने अपने लौकिक-देह का त्याग किया। इसके एक-दो वर्ष पूर्व से हीं वे अपने महाप्रयाण के संकेत देने शुरू कर दिए थे। वे गुरुधाम(बी-108,कंकड़बाग हाउसिंग कॉलोनी ,पटना) में प्रत्येक संध्या में 2-3 घंटा समय साधक-साधिकाओं को देते थे। संध्या 6 बजे से भजन-कीर्तन, फिर पौने आठ बजे से,जगत- कल्याण हेतु,ब्रह्मांड-साधना और उसके पश्चात आशीर्वचन,यह प्रतिदिन का नियम था।माताजी के साथ महात्मा जी आसान पर विराजते थे तथा साधक-गण की समस्याएँ सुनते और निराकरण करते थे। प्रायः हीं कुछ न कुछ नए लोग, भाँति-भाँति की समस्या लेकर आते और निदान पाते। महात्माजी सबके कष्ट हरा करते थे। अपने महाप्रयाण के कुछ दिन पहले से वे यह कहने लगे थे कि-ह्वअब आप में से(साधक-साधिकाओं में से)अनेक उस उच्चावस्था को प्राप्त कर चुके हैं,जिसके आगे की यात्रा के लिए आप समर्थ हैं तथा कालांतर में आप में से अनेक ह्यइस्सयोगह्व को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे, जिससे ह्यईश्वर से सीधा संपर्कह्व का यह मार्ग आगे भी मानव-समुदाय को मिलता रहेगाह्व।अंततः 23-24 अप्रैल की मध्य-रात्रि में आपने मुद्रा लगाकर चिर समाधि ले ली।इस्सयोग के साधक यह मानते है कि,महात्मा जी पार्थिव-देह का त्याग कर, सूक्ष्म रूप से निखिल ब्रह्मांड में व्याप्त हो गए हैं तथा अपने साधक-साधिकाओं के साथ,सूक्ष्म रूप में सदैव बने रहते हैं।उनका यह भी मानना है कि,वे सूक्ष्म रूप से माताजी में(माँ विजया जी के तन में)उपस्थित रहते हैं तथा उनके माध्यम से आज भी जगत का कल्याण कर रहे हैं। इस्सयोग के संस्थापक व आध्यात्मिक क्रान्ति के जनक महात्मा सुशील कुमार कुमार जी के महा निंमाण महोत्सव भारत के विभिन्न राज्यों के अलावे विदेशों से बडी संख्या में श्रद्धालु जन अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए दो दिवसीय महानिर्वाण महोत्सव शरीक होने आ रहे है।खबरीलाल भी अपने सद्ग गुरुदेव-माँ जी के युगल श्रीचरणो में अपनी श्रद्धा समर्पण की अश्रु पूर्ण श्रद्वाजंली अर्पित करते है तथा आप से यह कहते हुए विदा लेते है - जिन हथेलियों पर दिये थें,छड़ी के निशान। आप हमें कराते रहते थें,पल-पल ब्रह्म का ज्ञान॥ हम थें आप से अजान। आप ही थें मेरे कृपा निधान ॥ नाट ही काहूँ से दोस्ती ,ना ही काहूँ से बैर ' खबरी लाल तो मांगे सबकी खैर ।

## आओ हम सब मिल मतदान करें

आओ हम सब मिल मतदान करें
सबसे बड़ा अधिकार मिला है
हम सबको संविधान से
चुनते हैं अपनी सरकार
वोट देकर सम्मान से।

हम सबका कर्तव्य यही है
लोकतंत्र की जीत यही है
घर से निकल कर बूथ चलेंगे
हम सब मिल मतदान करेंगे।

लोकतंत्र में जनता राजा
जनता से ही शासन तंत्र
हमको ये सम्मान मिला है
सर्वोच्च व्यवस्था लोकतंत्र।

निकल कर घर से-
हमको बूथ जाना है
हमें मतदान करना है
हमें सरकार चुनना है।

न कोई आलस्य, न ही
बहाना
हम सबको कर्तव्य
निभाना
लोकतंत्र का मान रखेंगे
हम अपना मतदान
करेंगे।

हम सब मिल मतदान
करेंगे
सबसे बडा हम दान
करेंगे
लोकतंत्र के महापर्व में
हम सब मिल प्रतिभाग
करेंगे।



**धर्मजीत त्रिपाठी**
**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत बुलंदशहर।**

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# व्यंग: नमूनों की बारात सज-धज के दवे पैर भाजपा कार्यालय पहुंची

**रविंद्र आर्य**

गाजियाबाद, लेकिन सवाल यें है, भाजपा सांसद प्रत्याशी अतुल गर्ग का कार्यालय कैसे बनता जा रहा है भूखे पेट वालों का लाभान्वित केंद्र?

फिलहाल तो पापी पेट का सवाल है, 26 अप्रैल तक हम तो स्वादिष्ट खाना खाने आयेगे ही ना, क्यों की हम आम आदमी है।।।

अब सवाल यह यहाँ से शुरू हुआ खाने पर झूठ बोलने में माहिर जनता केजरीवाल की राह पर क्यों है, ऐसे आम आदमीयों का कहना है की बीजेपी के वोटर बन हम भाजपा को ही जितायेगे। परन्तु प्रश्नचिह्न यह है की चाहे वोट गुपचुप तरीके से अन्य पार्टियों को दे आये। निःशुल्क स्वादिष्ट खाना मिलेगा तो भाजपा कार्यालय मे ही आयेगे, आखिर सवाल तो पापी पेट का है ना, जो भाजपा का कार्यालय भूखो की भूख मिटा रहा है, ओर तो ओर कार्यलय में इस वक्त चुनावी माहौल मे एक से एक नमूने देखे जा सकते है, एक आया, दो आये, तीन आये, देखते ही देखते फिर पुरा खानदान आया, माहौल ऐसा है की दिल्ली, महरोली, पूरब आदि से अपने रिश्तेदारों को स्वादिष्ट खाने के लिए भाजपा कार्यालय मे बुलाया जा रहा है। ओर नमूने इस प्रकार भाजपा कार्यालय में सज-धज कर आते है, जैसे किसी बारात मे आते हो। कोई नमूना सफेद कपड़ो मे, कोई नमूना टिका, माला लगा, कोई नमूना टोपी लगा दवे पेरो से सुबह-शाम अपनी भूख मिटाने आ रहा है। नामुमकिन को मुमकिन करने वाले नुमनो को साफ घबराहट देखी जा



सकती है की कार्यालय मे इधर - उधर देखते रहते है, दुल्हन के जैसा मुँह छिपाते रहना बरकरार रहता है, फिरसे कही हमारी पहचान ना हो जायें ओर दिन मे ही सर पर बीन बरसात ओले ना पड़ जायें। "आज मुझे याद आ रही है वह बात" आम आदमी पार्टी के मुखिया केजरीवाल ने फ्री की रेवड़ी बाट- बाट कर आम जनता की आदत इतनी बुरी हालत मे कर दिया की दिल्ली का असर अब गाजियाबाद बीजेपी कार्यलय में साफ-साफ देखा जा सकता है। सामाजिक कार्यकर्त्ता एवं लेखक रविंद्र आर्य का कहना है की यह व्यग ही अपने आप मे ही सवाल है, जिसका जबाब केजरीवाल मे छिपा है, यह स्थिति गरीबी, भूखमरी ओर निकम्मेपन का उदारण भाई लोगो केजरीवाल से अच्छा भला क्या हो सकता है?

## मंगलवार का राशिफल

**मेष** — संबंधों को कठोर वाणी से ना बिगाड़े, लीगल कार्य में अपना फायदा निकाल लेंगे, विदेश जाने के प्रयासों में थोड़ा अटकलें रहेगी। भाग्य प्रतिशत-52

**वृषभ** — दाम्पत्य जीवन में बंध सकते है, धन लाभ के भी योग है, कानूनी मसले में फंसे थे तो अब निकल आयेगे,नेटवर्किंग बढ़ने से संबंधों का लाभ मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-79

**मिथुन** — इच्छित विवाह का योग बनेगा, प्रिंटिंग, स्टॉक, कॉमर्स कोचिंग, ट्रेडिंग व्यवसाय अच्छा चलेगा, प्रेम भाव से कार्य साध लेंगे। भाग्य प्रतिशत-70

**कर्क** — परिवार, संतान को लेकर थोड़ा असुरक्षित रहेंगे, विज्ञान, इलेक्ट्रिकल इंजिनियरिंग, हृदय रोग सर्जरी की परीक्षा के लिए उत्तम तैयारी करेंगे, एक ही बात पर ना अड़े रहे। भाग्य प्रतिशत-72

**सिंह** — पत्नि के परिवार से कुछ असंतुष्ट रहेंगे, पत्थर, सीमेंट, टाइल्स, कार्य में अच्छा लाभ होगा, किसी विशेष सुख की प्राप्ति सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-71

**कन्या** — घर में व्यवसाय या पैसे रुपयों के उपर चर्चा होगी, धनी घर में रिश्ता पक्का हो सकता है, शब्दों को तोलकर बोले, अधिक रिस्क लेने से बचें। भाग्य प्रतिशत-62

**तुला** — प्रेक्टिकल रवैय्या रहेगा, पैसों को सोचकर खर्च करेंगे, किराये, कमोडिटी आदि से धन मिलना शुरू होगा, परिवार के लोगों में एकजुटता रहेगी। भाग्य प्रतिशत-68

**वृश्चिक** — अपने कहे वचनों को निभाएंगे, सरकारी तंत्र, राजनीति से जुड़े है तो उन्नती करेंगे, किसी भी विवाद को सुलझाकर अपने पक्ष में कर लेंगे। भाग्य प्रतिशत-81

**धनु** — संतान को बाहर भेजने की योजना बनेगी, रात्रि में पति-पत्नि के किसी बात पर विवाद की स्थिति आ सकती है, यात्रा भी कर सकते है। भाग्य प्रतिशत-54

**मकर** — संबंधों को बनाने का प्रयास करेंगे, धर्म कार्य से उन्नति करेंगे, मन किसी गहन सोच में डूब सकता है, सर्दी-जुकाम से बचे। भाग्य प्रतिशत-58

**कुंभ** — टेंडर कार्य से व्यवसाय में उन्नति होगी,पत्नी की इच्छा पूरी करेंगे, कोई रुका या उधार दिया धन मिल सकता है, धन की कमी नहीं होगी। भाग्य प्रतिशत-77

**मीन** — धन को जोड़ने में आसानी होगी, नौकरी में पद बढ़ने के साथ ट्रांसफर भी सम्भव है, रिसर्च क्षेत्र में आगे बढ़ने के रास्ते खुलेंगे, ऊंचाई पर चढ़ने, अधिक वजन उठाने से बचे। भाग्य प्रतिशत-53



**अशनिका शर्मा ज्योतिष।**
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# पानी का संरक्षण,पृथ्वी में जीवन का संरक्षण



**संजीव ठाकुर**

जल की एक बूंद का संरक्षण मानवीय जीवन के संरक्षण के सदृश्य है। जल की एक-एक गुण जीवन के लिए बेशकीमती और बहु उपयोगी है। जल की बबार्दी भविष्य के बहुत बड़े खतरे को इंगित करती है, यदि पृथ्वी पर जल नहीं होगा तो जीवन की संभावनाएं भी विलुप्त हो जाएंगीं। सामान्य तौर पर देखेंगे तो जल की उपलब्धता को लेकर कोई विशेष संकट नजर नहीं आता है। किंतु वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग है'पृथ्वी की सतह का लगभग 70% भाग जल से आच्छादित है'पृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का 97% समुद्र खारा पानी है, जो उपयोग के योग्य नहीं है 'अतः मात्र 3% जल ही पीने के योग्य है,इससे भी कम जल नदी, तालाब, झीलों भूगर्भीय जल के रूप में मनुश्य व अन्य जीवों के पीने के योग्य मीठे पानी के रूप में उपलब्ध है, परिणामतः पीने योग्य जल का संकट और गहराता जा रहा है।


यदि मानव सभ्यता के इतिहास को खंगाले तो यह तथ्य सामने आता है कि बड़ी-बड़ी सभ्यता एवं संस्कृतियाँ नदी, घाटियों में विकसित और फलित हुई है। जल अपने स्वरूप में निर्मलता धारण किए हुए पवित्रता का प्रतीक है, लेकिन इसकी क्रमिक रूप से घटती मात्रा में जल संकट अस्तित्व को खतरा उत्पन्न कर दिया है। जल अब राज्यों तथा विभिन्न देशों के मध्य बड़े विवाद का कारण बनता जा रहा है। जल मनुष्य के जीवन का अत्यंत आवश्यक स्वरूप है जल के बिना कल नहीं है और जल ही जीवन कहलाता है। ऐसे में जल का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। जल का विवाद सिर्फ गांव तहसील के जिलों में नहीं बल्कि राज्य और देशों के बीच भी गहराता जा रहा है। इसका बहुत बड़ा उदाहरण कावेरी, मांडवी जैसे अंतरराष्ट्रीय नदियों गंगा, ब्रह्मपुत्र में नील, सतलज जैसी अंतरराष्ट्रीय नदियां हैं। वैश्विक जल संकट से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र एशिया, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप, अफ्रीकी देशों में एक बड़ी आबादी जला भाव के कारण काल कब रीत हो रही है। जल संकट की यह समस्या और अंतरराष्ट्रीय स्वरूप धारण कर चुकी है एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसकी मांग उठाई जा रही है। पृथ्वी पर पीने की योग्य जल की उपलब्धता घटती जा रही है वहीं विकास एवं औद्योगिकरण की प्रक्रिया में जल का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है। मानव के जल दोहन का बेतरतीब उपयोग जल चक्र के संतुलन को नष्ट कर रहा है। प्रकृति में मानव के हस्तक्षेप के कारण ही ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई से ताजे जल के संकट को कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। शहरों में प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता का स्तर निरंतर कम होते जा रहा है। इसका सबसे सर्वोत्तम उदाहरण दक्षिण अफ्रीकी शहर कैपटाउन एवं भारत के बंगलुरु शहरों में असीमित जनसंख्या के दबाव में लहराते जल संकट के कारण इन शहरों में यानी नो वाटर सप्लाई दिवस तक की नौबत आ गई है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रकाशित जल विकास रिपोर्ट 2018 में पीने योग्य जल की घटती उपलब्धता एवं गहराता संकट को लेकर महायुद्ध की संभावनाओं का खुलासा किया है। जल संकट को लेकर अगले महा युद्ध की संभावनाओं को यदि टटोलने तो यह बात सत्य प्रतीत होती है जिसमें एक तरफ जलाभाव वाले देश का होगें तथा दूसरा पक्ष जलाधिक्य वाले देशों की होगी। जल के निरंतर गिरते स्तर को लेकर ऐसी विकराल स्थितियां उत्पन्न हो सकती है जिसके कारण मानवता तार-तार हो जाएगी और जल का उपयोग करने वाले जैविक जीवन का स्थिति समाप्त हो जाएगा। अतः यह उचित होगा कि समय रहते हम इस संकट को भाप लें एवं जल जैसे हम उन संसाधन के संरक्षण को लेकर युद्ध स्तर पर उचित कदम उठाएं। यूनाइटेड नेशंस वाटर अभियान के माध्यम से जल संकट से विश्व को अवगत करवाते हुए जल संकट के संबंध में आमजन को जागरूक करने का प्रयास कर रहा है। दूसरी तरफ प्रसिद्ध ल्लड्डल्ल-ॅड्ड५ी१ल्लौल्ल३' ऑर्गेनाइजेशन जल संकट से विश्व को अवगत कराते हुए जल संरक्षण के संबंध में सराहनीय प्रयास कर रहे हैं। आवश्यकता से अधिक जल प्रयोग करने से धरती का जलस्तर कृषकों की पहुंच से परे होता जा रहा है। वैश्वीकरण व उपभोक्तावादी संस्कृति से प्रेरित अंधाधुंध विकास की दौड़ में जल स्त्रोतों को प्रदूषित कर मानव समाज ने स्वयं अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया है। बढ़ती जनसंख्या भी वैश्विक जल संकट का एक बड़ा कारण है। यदि जनसंख्या की वृद्धि की रफ्तार से होती रही तो अगले दशक में वैश्विक जनसंख्या में वृद्धि की दर से 25% जनसंख्या को प्रयोग जितना ही पानी उपलब्ध हो पाएगा। यह भयानक जल संकट तथा वैश्विक खतरे की ओर इंगित करता है। वैश्विक स्तर पर जल विवाद लगातार होते रहते हैं मध्य एशिया में कैस्पियन सागर के जल बंटवारे संबंधी विवाद का समाधान तटवर्ती देशों द्वारा संधि के माध्यम से किया गया है। भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो स्थिति और भी जटिल होती जा रही है देश की जनसंख्या तो विश्व की जनसंख्या का लगभग 17.5% है, लेकिन ताजे जल की उपलब्धता 1% से भी कम है। राजस्थान में स्थिति जल संकट की बड़ी भयावह है वहां जल की उपलब्धता 1% से भी बहुत नीचे जल संकट वहां की नियति बन गई है।

2040 तक भारत के तीन चौथाई शहरों को जल संकट से जूझना होगा। अब हमारा दायित्व तथा कर्तव्य होगा कि समाज को जल संरक्षण के लिए प्रेरित करें एवं जल संरक्षण से संबंधित विधि तथा तकनीक से परिचित कराएं एवं उसका समुचित उपयोग करें। व्यक्ति स्वयं जल का संरक्षण करें तथा दूसरों को भी जल संरक्षण के लिए प्रेरित करें ताकि हम आने वाले कल के लिए जल संकट रूपी विकराल एवं जनता हर समस्या का सामना आसानी से कर पाएं। जल संकट के महाविनाश से यदि बचना है तो जल संरक्षण हर नागरिक को एक कर्तव्य की तरह करना होगा।

# कार व बाइक की टक्कर में तीन युवक घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कैराना मार्ग से कांधला लौट रहे तीन बाइक सवार युवकों को तेजरफ्तार कार ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायलों का उपचार के लिए कांधला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से तीनों घायलों लोगों गंभीर हालत में उपचार के लिए रेफर कर दिया गया।

थाना क्षेत्र के नई बस्ती निवासी 18 वर्षीय अनस, 17 वर्षीय अमन, 19 वर्षीय सुहैल अपनी बाइक पर सवार होकर कैराना जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार गांव ऊंचा गांव के निकट पहुंची, तो सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार कर जमीन पर गिरा दिया।जिसमें तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने घायलों को डायल 108 एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांधला में भर्ती कराया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात डॉक्टर ने तीनों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें उपचार के लिए हायर सेंटर शामली रेफर कर दिया। घटना के संबंध में परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# एम.एस.बी. इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया अर्थ डे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीपुरम (जावेद अब्बासी )।** पंडित मलखान सिंह भारद्वाज मार्ग स्थित एम.एस. बी. इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को'अर्थ डे' के उपलक्ष में छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए।जिसमें भाषण प्रतियोगिता, ड्राइंग कंपटीशन और लघु नाटिकाओं के द्वारा छात्र-छात्राओं द्वारा अपने पर्यावरण को बचाने का संदेश सभी को दिया गया। किंडर गार्डन के बच्चों ने विभिन्न प्रकार की वेशभूषा और रंग भरो प्रतियोगिता के द्वारा सभी को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया ' कक्षा 3 से कक्षा 8 तक के बच्चों ने ड्राइंग कंपटीशन के माध्यम से प्रकृति के विभिन्न दृश्यों को चित्र द्वारा अंकित कर उसमें रंग भरकर सभी को संदेश दिया कि प्रकृति है तो हम हैं ,बिना प्रकृति के जीवन संभव नहीं है अतः इसकी सुरक्षा करें ' कक्षा 9 से कक्षा 12इँ तक के छात्र/छात्राओं ने वाद विवाद प्रतियोगिता के द्वारा सभी को यह बताया कि अधिकाधिक वृक्ष उगाने से ही हमें वर्षा प्राप्त होती है अगर वृक्षारोपण करेंगे तो पर्यावरण हरा भरा रहेगा ' उन्होंने जल संसाधन के संरक्षण पर भी प्रकाश डाला।इस अवसर पर स्कूल के अध्यक्ष अजय भारद्वाज ने बच्चों के द्वारा बनाई गई विभिन्न पेंटिंग्स को देखा और उनकी प्रशंसा की उन्होंने कहा इन बच्चों में देश का भविष्य दिखाई देता है और ये ही प्रकृति के असली संरक्षक हैं ' स्कूल डायरेक्टर डॉक्टर रितिका राजीव भारद्वाज ने बच्चों के इस उत्साह की भूरि भूरि प्रशंसा की और कहा कि यह बच्चे ही इस देश के पर्यावरण के असली प्रहरी है इनका आज का प्रयास कल अपना रंग दिखाएगा।इस पर्यावरण को सुरक्षित रखने में इन सब का अहम योगदान होगा ' स्कूल के प्रधानाचार्य उमेश कुमार शर्मा ने इस अवसर पर बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रकृति की गोद में रहकर प्रकृति से सीखना भी शिक्षा का ही एक रूप है ' हम जितना अधिक समय प्रकृति के साथ व्यतीत करेंगे हमारी सोच और हमारे विचार तथा कार्य उतना ही पर्यावरण के प्रति गंभीर होते जाएंगे।उन्होंने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर सीनियर कोऑर्डिनेटर शशि शर्मा एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर अर्चना भारद्वाज विभा शर्मा अनुराधा ग्रोवर रीमा मेहता अंजू चौहान मानसी, ईशू चौधरी,रेखा शर्मा,दिव्या शर्मा आभा शर्मा रितु योगी विकास अनीता चौहान ममता शर्मा रविंद्र शर्मा मनोज चौहान नीरज चौधरी व स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।




# बाइक सवारों ने टैक्टर चालक का सिर फोड़ा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** तीन बाइक सवार द्वारा ट्रैक्टर में टक्कर मारने के बाद चालक द्वारा हिदायत देने पर तीनों बाइक सवारों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर ट्रैक्टर चालक पर हमला बोलकर सिर फोड़ दिया। घायल को उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के गांव जन्नत कालोनी निवासी तहसीम पुत्र नसीम टैक्टर में भूसा ढोने का कार्य करता है। सोमवार को तहसीम अपने ट्रैक्टर को लेकर भूसा लेने के लिए खेल स्थित खेत पर जा रहा था। पीड़ित के मुताबिक जब पीड़ित रास्ते से जा रहा था तो उसी समय तेज रफ्तार बाइक पर सवार तीन लोगों ने टैक्टर में टक्कर मार दी। टैक्टर चालक ने बाइक सवारों से सही ढंग से बाइक चलाने की हिदायत दी। तो बाइक सवार नाराज हो गए। मामले को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया। बाइक सवारों ने फोन कर अपने अन्य साथियों को भी मौके पर बुला लिया। आरोप है कि उक्त लोगों ने लाठी डंडों से चालक पर जानलेवा हमला बोल दिया, और चालक के साथ बुरी तरह से मारपीट करते हुए घायल कर दिया। चालक द्वारा शोर शराबे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मदद के लिए मौके पर दौड़ पड़े। जिसके चलते आरोपी हमलावर मौका से फरार हो गए। सूचना पर पहुंचे परीजनो ने घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांधला में भर्ती कराया। लेकिन डॉक्टरों ने घायल की चिंताजनक हालत को देखते हुए उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी पूर्व महापौर सुनीता वर्मा के समर्थन में किया जनसंपर्क

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** मेरठ-हापुड़ लोकसभा के चुनाव में समाजवादी पार्टी एवं इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी पूर्व महापौर श्रीमती सुनीता वर्मा के समर्थन में आज माधवपुरम खाता रोड तारापुरी में जनसंपर्क अभियान चलाया गया तथा जगह जगह नुक्कड़ सभाओं का का आयोजन किया गया नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए मेरठ हापुर लोकसभा की प्रत्याशी श्रीमती सुनीता वर्मा ने कहा की चुनाव संविधान बचाने पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक के मान सम्मान को बचाने और संविधान विरोधियों को सत्ता से हटाने का चुनाव है भाजपा और एनडीए जुमलेबाजों का जमघट है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही अग्नि वीर योजनाओं को समाप्त किया जाएगा तथा एनआरसीसीए एनपीआर को समाप्त किया जाएगा तथा भाजपा के द्वारा किए गए इलेक्ट्रोल घोटाले की जांच की जाएगी तथा जातीय जनगणना कराकर पिछले दलित अल्पसंख्यक वर्ग को बराबर का सम्मान दिलाया जाएगा तथा गरीब महिलाओं को हर वर्ष उनके खाते में ?100000 की धनराशि दी जाएगी तथा पूरे देश में मेधावी बच्चों को अल्पसंख्यक दलित पिछड़ी वर्ग के छात्र एवं छात्राओं को लैपटॉप और टैबलेट दिया जाएगा तथा मुफ्त अनाज के बदले अच्छी क्वालिटी का पिसा हुआ आटे के साथ-साथ दाल चावल चीनी और सरसों का तेल और इसके साथ ही प्रत्येक राशन कार्ड धारक को ?500 का डाटा दिया जाएगा हर महीने का पड़ोसी देशों से अच्छे और व्यापारिक संबंध बनाए जाएंगे यह सब सरकार मेरठ हापुर लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती सुनीता वर्मा के साथ पूर्व पार्षद अफजल सैफी मोहम्मद इकबाल संदीप टीटोरिया मास्टर सलाउद्दीन मास्टर खालिद परविंदर सिंह यीशु दुलीचंद यादव जयकरण ओम प्रकाश यादव नेहा गॉड इरशाद जहां नजमा अब्बासी मुकेश कुमार सिद्धार्थ सिंह जाटव आजाद मंसूरी ए फौलाद कुरैशी महमूद इकबाल शहजाद कुरैशी मोहम्मद आबाद खान तुषार वर्मा राहुल जाटव नईम खान आफाक इम्तियाज आसिफ अंसारी बब्बू खान शाह आलम रईसुद्दीन कुरैशी संजय यादव राकेश प्रजापति सरदार अमन सिंह रणजीत सिंह राजेश सोनकर डॉक्टर निसार आदि मौजूद रहे।



# विकास भवन सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी ने की एआरओ व सैक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट के साथ बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत सोमवार को विकास भवन सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा एआरओ व सैक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियो को संवेदनशील क्षेत्र में भ्रमण कर मतदाताओ से संवाद स्थापित करने के निर्देश दिये गये। उन्होने वेबकास्टिंग कैमरा ओरिऐन्टेशन, वीडियोग्राफी के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होने कहा कि समस्त सैक्टर मजिस्ट्रेट मतदाता पर्ची का वितरण शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होने मतदान वाले दिन समस्त अधिकारियो को ससमय अपने गन्तव्य स्थल पर पहुचने के निर्देश दिये। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नारायणी अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह नगर मजिस्ट्रेट अनिल कुमार एआरओ सैक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।



# सरधना नगर पालिका द्वारा पृथ्वी दिवस पर किया गया पौधरोपण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष पर उपजिलाधिकारी न्यायिक/प्रभारी अधिशासी अधिकारी द्वारा नगर में उपस्थित वेस्ट टू वंडर पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न किया गया तथा नगर क्षेत्र वासियों से पृथ्वी दिवस पर जल जल के संरक्षण करने और अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की।इस अवसर पर हरित पर्यावरण प्रबंधन समिति के संचालक सौरभ चौबे समाजसेवी व चेयरपर्सन पुत्र शावेज अंसारी अजीम सैफी हिमांशु, आदर्श सैनी विकास सफाई नायक बृजपाल सिंह कमल कुमार एवं पालिका स्टाफ उपस्थित रहा।



## संक्षिप्त समाचार

### लोक सभा चुनाव को लेकर 24 व 25 अप्रैल को विद्यालयो में शिक्षण कार्य रहेगा स्थगित: जिला विद्यालय निरीक्षक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु विद्यालयो में पुलिस/फोर्स के ठहरने, विद्यालयों में मतदान केन्द्र बनाये जाने तथा विद्यालयो के वाहन लोकसभा सामान्य निर्वाचन में अधिग्रहण किये जाने के फलस्वरूप छात्र/छात्राओ की सुरक्षा एवं उनके आवागमन में आने वाली असुविधा को दृष्टिगत रखते हुये दिनांक 24 व 25 अप्रैल 2024 को विद्यालयो में शिक्षण कार्य स्थगित रहेगा।

### सुहैल मिर्जा ने 94 प्रतिशत नम्बर लाकर किया सरधना का नाम रोशन चेयरपर्सन पति निजाम अंसारी ने किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** यूपी बोर्ड हाई स्कूल में सरधना नगर में सार्वधिक नंबर लाने पर सुहैल को चेयरपर्सन पति निजाम अंसारी ने रविवार को सम्मानित किया। शनिवार को यूपी बोर्ड का रिजल्ट आते ही जहां सभी छात्रों में अपना रिजल्ट देखने की पहल लगी हुई हुई थी वहीं कुछ छात्र छात्रा मेरिट में अपना नाम चेक करने में लगे हुए थे। सरधना



के सुहैल पुत्र लियाकत जैन इंटर कॉलेज सरधना में हाई स्कूल के छात्र हैं जिन्होंने पूरे सरधना में 94 प्रतिशत नंबर लाकर स्कूल के साथ साथ सरधना का नाम भी रोशक किया। जिसको लेकर पूरा सरधना उक्त छात्र को मुबारकबाद पेश कर रहे हैं। वहीं सरधना पूर्व चेयरमैन निजाम अंसारी ने भी सुहैल को सम्मानित कर उसका हौसला बढ़ाया। पूर्व चेयरमैन निजाम अंसारी ने कहा कि सुहैल ने 94 प्रतिशत नंबर लाकर यह साबित कर दिया कि सरधना नगर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। कड़ी मेहनत और लगन से कोई भी मकाम हासिल किया जा सकता है। सम्मानित करने वालों में सईद कुरैशी जाकिर राणा अयाज खान ठेकेदार शाहवेज अंसारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने बूथो का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारी को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** जनपद में लोक सभा चुनाव को शांतिपूर्ण निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बूथों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। सोमवार को बागपत लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने ग्राम पंचायत खिर्वा जलालपुर चौ0 बशीर खां इंटर कालेज हर्रा सर्वहितकारी कन्या इंटर कालेज करनावल में बनाये गये बूथो का निरीक्षण किया। उन्होने बूथो पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया।

इस अवसर पर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण बीएलओ बूथकर्मी व अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल के छात्र-छात्राओं ने किक बॉक्सिंग में दिखाए अपने हुनर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** सोमवार को कालंद चुंगी स्थित सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल के छात्र - छात्राओं ने सुभारती में आयोजित स्टेट लेवल किक बॉक्सिंग टूर्नामिट में भाग लिया। इस टूर्नामिट में विद्यालय के 24 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें से 12 बच्चों ने 14 गोल्ड मेडल जीतें। इन सभी 12 बच्चों का चयन पुणे में होने वाली नेशनल किक बॉक्सिंग टूनामेंट के लिए हो गया है । पांच बच्चो ने 6 सिल्वर मेडल और सात बच्चो ने 8 ब्रॉन्ज मेडल जीते ।




**गोल्ड मेडल**

अंशुमान दत्ता निकुल तालियान अंश तालियान प्रियदीप सिंह लक्ष्य चौधरी लक्ष्य सोम अक्षत मीना ध्रुव कुमार लव्यांश शर्मा शौर्य पुंडीर मोहम्मद फैजान लक्ष्य जैन ।

**सिल्वर मेडल**

प्रिया कुशवाह अभिनव कुशवाह आराध्या चौधरी, ध्रुव सोम मोहम्मद आयन।

**ब्रॉन्ज मेडल**

कुनाल सोम आयुष बालियान माणिक पुनिया अक्षय सिरोही रियांश मोगा पार्थ मीना मोहम्मद फैजान।डायरेक्टर नगीन ग्रुप का स्कूल डॉ० अनुपम सक्सैना डायरेक्टर प्रतिश कुमार सिंह प्रबंधक शाल्विक जैन प्रधानाचार्य अलका शर्मा जी ने सभी विजेताओं को उनकी मेहनत और लगन के लिए प्रोत्साहित करते हुए शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया विक्टोरिया पार्क स्थित पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** लोक सभा चुनाव की तैयारी को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा विक्टोरिया पार्क स्थित पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का निरीक्षण किया गया।



जिलाधिकारी ने वहां पर की गई व्यवस्थाओ का जायजा लिया व संबंधित अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण सीडीओ नूपुर गोयल सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जागरूकता रैली

## समय रहते वृक्षारोपण एवं प्रकृति संरक्षण पर नहीं दिया ध्यान, तो भुगतने होगे गम्भीर परिणाम : डॉ. राजीव त्यागी

# विश्व पृथ्वी दिवस पर वैंकटेश्वरा में वृहद वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता रैली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान में विश्व पृथ्वी दिवस पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं पर्यावरण संरक्षण/ संवर्धन पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि ने उपस्थित स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाते हुए प्रकृति के अन्धाधुंध दोहन पर विराम लगाने की बात कही। विश्व पृथ्वी दिवस पर राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान के मुख्य परिसर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं प्रकृति संरक्षण जागरूकता रैली का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, प्रधान सलाहकार डॉ. वी.पी.एस. अरोड़ा, कुलपति डॉ. ए.के. शुक्ला आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया।

**अन्धाधुंध प्रकृति दोहन के कारण ग्लोबल वार्मिंग से पूरा विश्व विनाश की ओर, सभी को पर्यावरण बचाने के लिए करने होंगे प्रयास : डॉ. सुधीर गिरि, संस्थापक अध्यक्ष, वैंकटेश्वरा समूह**

अपने सम्बोधन में संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि जलवायु परिवर्तन एवं प्रकृति के अवैध एवं अंधाधुन्ध दोहन से पूरा विश्व आज ग्लोबल वार्मिंग की चपेट में है, आज अप्रैल माह में ही औसत तापमान 42 डिग्री से 45 डिग्री के बीच है। यही हालात रहे तो पूरा विश्व विनाश की ओर है। हमे समय रहते अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण के लिए लगातार काम करना होगा। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि समय रहते वृक्षारोपण एवं प्रकृति संरक्षण पर ध्यान नहीं दिया, तो सभी को इसके गम्भीर परिणाम भुगतने होंगे। इसलिए सिर्फ वृक्षारोपण नहीं बल्कि इसके आजीवन संरक्षण एवं संवर्धन की भी शपथ लें।इस अवसर पर सी.ई.ओ. अजय श्रीवास्तव, डॉ. पीयूष पाण्डे, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. दिव्या गिरधर डॉ. एना ऐरिक ब्राउन डॉ. योगेश्वर प्रसाद शर्मा, डॉ. आशुतोष सिंह डॉ. ओम प्रकाश गोसाई डॉ. राहुल कुमार, अश्विन कुमार सक्सेना डॉ. रामनिवास शर्मा डॉ. तेजपाल सिंह डॉ. दिनेश कुमार गौतम डॉ. अनिल कुमार जैसवाल डॉ. विश्वनाथ झा डॉ. एल.एस. रावत, डॉ. मोहित शर्मा, विशाल शर्मा विकास भाटिया अरूण कुमार गोस्वामी मारूफ चौधरी मेरठ परिसर से निदेशक डॉ. प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।




# बजरंगी सनातन समूह द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य बजरंगी शोभा यात्रा निकाली गई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी**। सोमवार को नगर के सीता रोड स्थित रघुनाथ आश्रम से बजरंगी सनातन समूह (रजि.) द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य बजरंगी यात्रा निकाली गई। बजरंगी शोभा यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख डॉ. सुगंधा सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। बाबा बजरंगी के फूलडोल का पूजन हनुमान मंदिर के महंत योगेश कुमार शर्मा ने

### शोभा यात्रा में बाबा बजरंगी का फूलडोल आकर्षण का केंद्र रहा

मन्त्रोंचार के साथ किया । नगर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय द्वारा बाबा बजरंगी के मुख्य रथ की महाआरती की गई। शोभा यात्रा में बजरंगी सनातन समूह का बैनर, ढोल-ताशे, माता काली का खेलता स्वरूप, भक्तिमय संगीत युक्त डीजे, बाहुबली हनुमान स्वरूप, वानर सेना तथा मुख्य रथ बाबा बजरंगी का फूलडोल सम्मिलित रहा। जिसमें मुख्य आकर्षण का केंद्र बाबा बजरंगी का फूल डोल रहा इस दौरान यात्रा में सभी बजरंगी भक्त भक्तिमय संगीत पर नाचते हुए प्रभुश्रीराम, बालाजी महाराज और बजरंगबली हनुमान के जयकारों का उद्घोष करते चल रहे थे। इस दौरान नगर में शोभा यात्रा का जगह जगह पुष्पवर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। और नगर के प्रमुख सामाजिक संगठनों जैसे- वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति आदि के द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर मुख्य रथ की आरती की गई। बजरंगी यात्रा रघुनाथ आश्रम सीता रोड से प्रारंभ होकर ब्रह्म बाजार, फड़याई बाजार, नमक मंडी, घंटाघर, बड़ा बाजार, पुरानी पेंठ, बिसौली गेट होकर रघुनाथ आश्रम पहुंचकर संपन्न हुई। बजरंगी सनातन समूह के अध्यक्ष विमल वार्ष्णेय ने कहा की बजरंगी यात्रा को लगातार हनुमान भक्तों की भावनाओं को ध्यान में रखकर विस्तार दिया जा रहा है, जिसके अनुरूप सभी बजरंगी भक्त एवं समूह कार्यकर्ता मिलकर पूर्ण जोश के साथ यात्रा को निकालते हैं। बजरंगी




सनातन समूह के संस्थापक चिराग वार्ष्णेय ने कहा कि सनातन परंपरा को बनाए रखने हेतू प्रत्येक हिंदू को प्रयास करना चाहिए क्योंकि प्रत्येक धार्मिक आयोजन हमें हिंदू होने का गर्व कराता है।

इस दौरान शोभायात्रा में मुख्य रूप से मौजूद रहे।विमल वार्ष्णेय, कार्तिक वार्ष्णेय, रितिक मिश्रा, हर्षित वार्ष्णेय, अभिनव वार्ष्णेय, चिराग वार्ष्णेय, शुभम वार्ष्णेय, विशाल अग्रवाल, अमन अग्रवाल, अनुज वार्ष्णेय अन्नू, आकाश आहूजा, शुभम अग्रवाल, सौरभ वार्ष्णेय, अनमोल वार्ष्णेय, वर्ण वार्ष्णेय, मेहुल वार्ष्णेय, अग्रिम यादव, लकी वार्ष्णेय, वंश गोयल, अनमोल गौड़, अविरल वार्ष्णेय, अभिषेक वार्ष्णेय, निशंक वार्ष्णेय निक्कू, अमन रस्तोगी, आदित्य पाटिल, शिवांक अग्रवाल, आदित्य गुप्ता, पराग वार्ष्णेय, क्रांति कुमार, प्रियांशु वार्ष्णेय, तुषार अग्रवाल, अंशुल वार्ष्णेय, आकाश कुमार, अंकित रस्तोगी, मयंक वार्ष्णेय, अनुभव श्रीवास्तव, प्रतीक वार्ष्णेय, हरिओम आदि समेत सभी सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आदि।

# भाजपा की जीत के बाद संभल विकास की नई ऊंचाईयों को छूएगा : परमेश्वर लाल सैनी

## विकास के नाम पर जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ने मांगे वोट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी (मयंक सक्सेना)**। भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ने संभल लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा असमोली के मंडल पंवासा के विभिन्न गांवों में सभा को संबोधित कर अपने लिए समर्थन मांगा और कहां की सांसद बनने पर विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी साथ ही उनका आभार व्यक्त किया। इसी के साथ ग्रामीणों के बीच संभल विकास की नई ऊंचाईयों को छूएगा। क्षेत्र की हर समस्या को हल करना ही हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी।

हमारा प्रत्येक कार्यकर्ता हमारे साथ जुड़कर संभल को एक खुशहाल




विभिन्न गांवों साकिनपुर, मल्लाह, धतरा, निवौरा, रुदायन, लधनपुर, सारंगपुर में आयोजित हुई जन आशीर्वाद यात्रा। संभल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ने जनआशीर्वाद यात्रा निकाल कर उपस्थित होकर संभल जिले की खुशहाली के लिए ग्रामीणों से शत प्रतिशत समर्थन एवं सहयोग की अपील की। साथ ही परमेश्वर लाल सैनी ने जनता को विश्वास दिलाते हुए कहा कि भाजपा की जीत के बाद संभल बनाने के लिए संकल्पित रहेगा। इस दौरान यात्रा में जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, ब्लॉक प्रमुख हृदेश यादव एवं मंडल अध्यक्ष अवधेश राघव मौजूद रहे।

# 23 को रहरा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा 24 को पपसरा में रालोद अध्यक्ष चौधरी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गंगवार/हसनपुर**। 23 मार्च को रहरा में मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ तथा 24 को पपसरा में रालोद अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह की जनसभाओं को सफल बनाने हेतु राष्ट्रीय लोकदल व भाजपा की संयुक्त बैठक ग्राम गंगवार के पूर्व प्रधान परवेज आलम उर्फ गुड्डू के आवास पर संपन्न हुई ।बैठक में बोलते हुए रूहेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय महासचिव मुजाहिद चौधरी ने सभी कार्यकताओं से अधिक से अधिक संख्या में 23 अप्रैल को रहरा और 24 अप्रैल को पपसरा चलने का आह्वान किया । उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समाज सहित सभी समाजों का समर्थन और प्यार गठबंधन प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर को मिल रहा है । बैठक में मतदाताओं से डोर टू डोर संपर्क करने और ग्रामों तथा शहरों से बाहर रहने वाले मतदाताओं को वापस बुलाकर भारी संख्या में मतदान कराने का भी निर्णय लिया गया ।

बैठक में पूर्व प्रधान परवेज आलम उर्फ गुड्डू, छोटे भाई, मौ.यामीन, मजाहिर अली, मतीन अहमद, मोहम्मद वारिस, अनिल कुमार सैनी, चन्द्र पाल सिंह, बॉबी, काशिफ आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# जय भाजपा, तय भाजपा निकाली जन आशीर्वाद यात्रा, भाजपा प्रत्याशी ने जनता से की अपील वोट की

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)**। लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा असमोली के




मंडल पंवासा के विभिन्न गांवों साकिनपुर, मल्लाह, धतरा, निवौरा, रुदायन, लधनपुर, सारंगपुर में आयोजित हुई जन आशीर्वाद यात्रा।संभल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ने जनआशीर्वाद यात्रा की निकाल कर विभिन्न गांवों में सभा को संबोधित कर उनका आभार व्यक्त किया। इसी के साथ ग्रामीणों के बीच उपस्थित होकर संभल की खुशहाली के लिए ग्रामीणों से शत प्रतिशत समर्थन एवं सहयोग की अपील की। परमेश्वर लाल सैनी जी ने जनता को विश्वास दिलाते हुए कहा कि भाजपा की जीत के बाद संभल विकास की नई ऊंचाईयों को छूएगा। क्षेत्र की हर समस्या को हल करना ही हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी। हमारा प्रत्येक कार्यकर्ता हमारे साथ जुड़कर संभल को एक खुशहाल संभल बनाने के लिए संकल्पित रहेगा। इस यात्रा के दौरान जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, विरलेश यादव ब्लॉक प्रमुख हृदेश यादव एवं मंडल अध्यक्ष अवधेश राघव मौजूद रहे।

# अवैध शस्त्र के साथ पुलिस ने दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी**। पुलिस अधीक्षक जनपद संभल के निर्देशन में जनपद संभल में कानून व्यवस्था अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण




हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना चंदौसी मु0अ0सं0 191/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में अभियुक्त फाजिल पुत्र अजीज कुरैश निवासी मौ० लक्ष्मणगंज थाना चन्दौसी जनपद सम्भल को एक अवैध तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ उ0नि0 सुधीर कुमार द्वारा मय पुलिस टीम के शमशान घाट से आशियाना कालोनी के मेन गेट के पास से गिरफ्तार किया गया।

# मौहम्मद यासीन सैफी की सरपरस्ती मे समाज के प्रोग्राम होने चाहिए

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद (एम.के.भारती सैफी)**। सैफी समाज की आन,बान,शान,मरहूम आली जनाब हजरत मौलाना नज़िरूल हसन अकरम नईमी सैफी मुरादाबादी जिन्होंने समाज को 1975 को अमरोहा सरजमी पर सैफी नाम दिया था।

कौम को अपनी नेक दुआओ से नवाजा आज कौम फक्र और अकीदत और एतराम के साथ अपने सरनेम के आगे बड़ी शान और अकीदत के साथ सैफी सरनेम लगाती है। हजरत के उस वक़्त के बहुत करीबी साथी रहें। मौहम्मद यासीन सैफी जो कि गांव असालत नगर वघा थाना मैनाठेर जिला मुरादाबाद के मूल निवासी है ।



यह हमारी खुशनसीबी है आज मौहम्मद यासीन सैफी जो कौम के बेहतरीन हमदर्द हमारे बीच हयात , मौजूद है । हालांकि 1975 में हमारे समाज के हजारों लोग मौजूद थे मौहम्मद यासीन सैफी मैन टीम में थे । जिन्होंने कौम की बेहतरीन खिदमत की उस वक़्त के सैफी समाज के इतिहास लिखने वालों ने मौहम्मद यासीन सैफी के नाम की अनदेखी की और इतिहास में उनका नाम नहीं लिखा गया।

इसलिए हमारे बुजुर्ग मौहम्मद यासीन सैफी को वह मुकाम नहीं मिल सका जो मिलना चाहिए था...

हमारे बीच यासीन सैफी जैसी शख्सियत मौजूद है ।

सैफी समाज के संगठनों को चाहिए कि वह मौहम्मद यासीन सैफी का जगह-जगह उनको बुला कर उनका सम्मान करे और करना भी चाहिए । सैफी समाज के देशभर मे होने वाले प्रोग्राम समाज के सच्चे हमदर्द मौहम्मद यासीन सैफी की सरपरस्ती मे होने चाहिए और प्रोग्रामों मे लगने वाले वेनर मे मौलाना अल्हाज अकरम नईमी और मौहम्मद यासीन सैफी के फोटो भी लगने चाहिए।

# ए.बी.सी किड्स मोंटेसरी स्कूल ने मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी**। सोमवार को नगर के स्टेशन रोड स्थित ए.बी.सी किड्स मोंटेसरी स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। जहां धरती बचाओ जीवन बचाओ के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में बच्चो ने बढ़चढ़ के हिस्सा लिया। संचालिका संगीता भार्गव ने बच्चो के साथ पर्यावरण संरक्षण द्वारा पर्यावरण को साफ तथा प्रदूषण रहित बनाने का संकल्प लिया ।

साथ ही अनुराग भार्गव ने बताया कि पहला पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल 1970 को मनाया गया था। लोगों को पृथ्वी और पर्यावरण के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए हर साल 22




अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मकसद लोगों को पृथ्वी के महत्व को समझाना और पर्यावरण को बेहतर बनाए रखने के प्रति जागरूक करना है । इसी के उपलक्ष्य में आज हमारे एबीसी किड्स स्कूल में भी विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया जिसमें तृतीय से पांचवी कक्षा तक के बच्चों को 6 ग्रुप में बाटा गया तथा सभी बच्चों को कंपनी बाग ले जाकर धरती बचाओ जीवन बचाओ संकल्प ले कर कूड़ा कचरा प्लास्टिक पालीथिन को डस्टबिन में डाल पृथ्वी को साफ प्रदूषण रहित करने की पहल की ।इस दौरान कार्यक्रम स्कूल कि सभी अध्यापिकाओं का सहयोग रहा।

# श्री हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियां जोरों पर,आज मनाई जाएगी जंयती

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल (दिनेश सक्सेना)**। बहजोई में हनुमान



जयंती के शुभ अवसर पर तैयारियां जोरों पर है।

श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में आज 23 अप्रैल को 4:30 बजे से विशाल बालाजी शोभा यात्रा का शुभारंभ मंडी समिति से प्रारंभ होगा।

शोभायात्रा मंडी समिति से होकर इस्लामनगर चौराहा अज्जी हवाई, नारायण टोला ,आर्य समाज रोड, हलवाई बाजार, सराफा बाजार थाने के सामने , रामलीला ग्राउंड होती हुई काली मंदिर के लिए निकली जाएगी जिसकी तैयारियां अंतिम चरणों में चल रही है।

इसमें मुख्य आकर्षण का केंद्र बालाजी महाराज का सिरकियो से बना हुआ रथ होगा इसकी तैयारियां अंतिम चरणों में चल रही हैं।

# संभल लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी की हालत बिगड़ी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल (दिनेश सक्सेना)**। 8 लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी की अचानक हालत बिगड़ी अस्पताल में भर्ती।

8लोक-सभा प्रत्याशी तोसीफ अहमद एडवोकेट की बिगड़ी



हालत संभल मेडिकल कॉलेज के आई सी यू वार्ड में हैं भर्ती काफी संख्या में उनके समर्थकों अस्पताल में लगा हुजुम। लोग पहुंच रहे हैं हाल चाल लेने आई सी यू वार्ड में भर्ती, फिलहाल डॉक्टर्स द्वारा हालत में सुधार बताया जा रहा है।

# रैली निकाल कर किया मतदाताओ को जागरूक, पहले मतदान फिर जलपान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी**। सोमवार को बनिया खेड़ा ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय भुलाबाई में जायन्टस ग्रुप ऑफ चन्दौसी सखी सहेली के तत्वाधान में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए तथा मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया। इस दौरान रैली का शुभारंभ जेंट्स प्रार्थना व दीप प्रचलित कर किया गया

भारत एक लोकतांत्रिक देश है लोकतंत्र में हम सबकी ज़िम्मेदारी है कि लोकतंत्र की सुरक्षा व विकास के लिए मतदान करना अति आवश्यक है।

इस अवसर पर फेडरेशन अधिकारी, ग्रुप सदस्यों व स्कूल स्टाफ के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान के दौरान भिन्न भिन्न स्लोगन के माध्यम से नारे लगाते हुए मतदाताओं को आगामी 7 मई को अधिक से अधिक संख्या में मतदान केन्द्र पर पहुँच कर




वोट देने का आग्रह किया। जागरूकता रैली के दौरान ग्रुप सदस्यों व स्कूली बच्चों ने नारे लगाते हुए। करें राष्ट्र का जो उत्थान, करें उसी का हम मतदान, पहले मतदान, फिर जलपान, डरने की क्या बात है पुलिस प्रशासन साथ है ,आदि नारे लगाते हुए लोगों को जागरूक किया तत्पश्चात बच्चों को मतदान के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि आपकी अभी उम्र मतदान की नहीं है लेकिन आप अपने परिवार व आस पास के लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक कर सकते हैं

इस दौरान कार्यक्रम में आलोक गुप्ता, रीता बुदियाल, सरोज शर्मा, कृष्ण अवतार गुप्ता, सुभाष रस्तोगी, सीमा वर्मा, अंजू राजपूत, रीता बुदियाल, ऊ.अ सरोज शर्मा ,कंचन बाला,वाइस पुष्पा वर्मा, अर्चना चौहान, मीनू सिंह, मुन्नी देवी सक्सेना,नीरजा सक्सेना, अंशू, आलोक गुप्ता , अलका सिंह ,विकास यादव, प्रतीक शर्मा. रितु यादव, सोनिया आदि।

**आयोजन**

## एएम पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस पर मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन

# पृथ्वी दिवस पर बच्चो ने मनमोहक मॉडल्स बनाकर पृथ्वी को हरा भरा बनाने का लिया संकल्प

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद**। शहर के रामनगर मझरा स्थित ए.एम पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस के अवसर पर मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में बच्चों ने पृथ्वी के सुंदर एवं कलात्मक मॉडल प्रोजेक्ट बनाकर पृथ्वी को स्वच्छ और हरा भरा रखने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक ने पृथ्वी पर निरंतर बढ़ते प्रदूषण,उसके कारण एवं रोकथाम हेतु बच्चो को प्रेरित करते हुऐ कहा कि यदि समय रहते पृथ्वी को सुरक्षित रखने के उपाय न किए गए तो भविष्य में इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। अतः सभी को पृथ्वी को साफ सुथरा एवं प्रदूषण रहित रखें हेतु ज्यादा से ज्यादा पेड़ो को लगायें। इसके उपरांत प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रधानाचार्य शाह





आलम रौनक एवं पूर्व विधायक बलराम सिंह सैनी ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक बलराम सिंह सैनी, प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक, अभिनव सैनी, सुखविंदर कौर, मोहम्मद दानिश, ज्योति सैनी, खुशबू, संध्या सैनी, ईशा परवीन, कशिश,नीतू, गिरिराज सिंह, शगुफ्ता अंसारी, राशि, अमरनाथ, आफरीन, अनुज कुमार, ईशा परवीन, मोनिका, शिवानी एवं शगुन आदि सम्मिलित रहे। संचालन शगुन ने किया।

# सेवानिवृत हुए अध्यापक व अध्यापिकाओं को किया सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल (दिनेश सक्सेना)**। 2024 मे सेवानिवृत हुए अध्यापकों का बबीता सिंह खंड शिक्षा अधिकारी संभल द्वारा फेयरवेल किया गया! यह कार्यक्रम संभल के मशहूर नंदन रेस्टोरेंट में किया गया।

इस कार्यक्रम में बबीता सिंह एआरपी, आदिल बेग सर्वेश, धर्मेंद्र और ओम प्रकाश उपस्थित हुए। सर्वप्रथम आदिल बेग ने सभी के समक्ष अपने बहुमूल्य विचार रखें।

आदिल ने बारी बारी से सेवानिवृत अध्यापकों की उनके स्तर से उनकी प्रशंसा की मोइनुल इस्लाम जी के विषय में बताया कि उन्होंने सदैव एक कर्मठ शिक्षक के रूप में अपना योगदान दिया। तंजील अहमद के विषय में उन्होंने कहा कि तंजील भाई ने पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी अपने विद्यालय विकासखंड जनपद तथा मंडल में भी नाम रोशन किया उन्होंने बताया कि संभल जनपद में वॉलीबॉल की शुरूआत उन्हीं के विद्यालय उच्च प्राथमिक विद्यालय खानपुर खुम्मार से ही हुई तंजील भाई ने बताया कि पिछले 8 वर्षों में उनकी टीम आठ बार मंडल स्तर तक पहुंची तथा चार बार मंडल चैंपियन बनी उन्हें डीएम सर तथा सीडीओ सर द्वारा भी सम्मानित किया गया। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी बबीता सिंह ने अपने विचार रखे उन्होंने बताया कि आप लोगों ने सर्विस



में रहते हुए बहुत कुछ किया उन्होंने कहा कि अब आप खुले मन से खुले दिमाग से बहुत कुछ करने में सक्षम है उन्होंने कहा कि मैं उम्मीद करूंगी की जीवन में ऐसा कुछ स्थापित करके जाइए की अध्यापक आपसे प्रेरणा लें और आपसे कुछ सीख सकें।

उन्होंने कहा कि मेरा भी सदा यही प्रयास रहता है कि मैं कुछ ना कुछ सीखती रहूं जब तक व्यक्ति अंतिम सांस लेता है तब तक सीखने के रास्ते बंद नहीं होते हैं सेवानिवृत्ति अध्यापकों में , तंजील अहमद , मोइनुल इस्लाम ,कमल आरिफ , नजरूर हुसैन, रज यास्मीन गौहर तथा मेहताब जहां रही मौजूद।

# बिना सर्जन के ही कर दिया ऑपरेशन, नवजात की मौत

**रायबरेली।** स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही का खामियाजा आम जनमानस को भुगतना पड़ रहा है। जिले में मानकविहीन नर्सिंग होम और निजी अस्पताल संचालित हैं। उन पर अंकुश लगाने के बजाये स्वास्थ्य विभाग खामियों को छिपाने में लगा हुआ है। इसके चलते आए दिन कहीं ना कहीं लापरवाही से लोगों को जान गंवाना पड़ रहा है।

ऐसा ही एक मामला हरचंदपुर थाना क्षेत्र में सामने आया है। यहां पर चिकित्सक के आए बगैर ही कर्मचारियों ने प्रसव पीड़ा होने पर आपरेशन कर दिया। इस दौरान लापरवाही से नवजात बच्चे की मौत हो गई। वहीं प्रसूता की हालत गंभीर बनी हुई है। मौत की खबर मिलते ही परिजन आक्रोशित हो गए।

पीड़ित आनंद मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि पत्नी विशाखा श्रीवास्तव की डिलीवरी उपमा सुर्जरानी पॉलीक्लिनिक हरचंदपुर में होनी थी। प्रसूता को जब लेबर पेन उठा तो उसे लेकर नर्सिंग होम लाया गया। यहां के संचालक नीरज श्रीवास्तव ने कहा कि प्रसूता का ऑपरेशन होगा, जिसके लिये सर्जन को बुलाया जाएगा।

देर रात जब लेबर पेन अचानक बढ़ गया तो आनन-फानन में ही नीरज श्रीवास्तव व उनके सहकर्मियों द्वारा प्रसूता की डिलीवरी करने के लिए ऑपरेशन किया जाने लगा। नाल काटते समय बच्चे की मौत हो गई, जबकि प्रसूता की हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़ित आनंद मोहन श्रीवास्तव का आरोप है कि नीरज श्रीवास्तव के पास कोई डिग्री नहीं है और सर्जन की गैर मौजूदगी में उन्होंने ऐसा किया। जिसके कारण यह घटना हो गई।

उनका कहना है कि नीरज श्रीवास्तव सिर्फ एक लैब टेक्नीशियन है। बच्चे की मौत के बाद आनंद मोहन श्रीवास्तव ने 112 को कॉल किया और नर्सिंग होम के संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी। पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भी प्रयास किया जा रहा है ताकि नर्सिंग होम संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सके।

# शालीमार कॉर्प और सरोवर होटल्स ने लखनऊ में किया भव्य होमटेल का शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** सरोवर होटल्स और शालीमार कॉर्प लिमिटेड ने आज आलमबाग में होमटेल के भव्य शुभारंभ की घोषणा की है। इस होटल के शुभारंभ के साथ ही सरोवर होटल्स ने शहर में अपनी उपस्थिति और भी मजबूत कर ली है। सरोवर होटल्स राजधानी लखनऊ में सरोवर पोर्टिको और गोल्डन ट्यूलिप के नाम से दो लग्जरी होटल्स का संचालन कर रहा है। आलमबाग बस अड्डे और मेट्रो स्टेशन के बिल्कुल बगल में स्थित होमटेल बिजनेस करने के लिए राजधानी लखनऊ आने वालों और घूमने के मकसद से आने वाले पर्यटकों, दोनों के लिए, शहर के बीचों बीच आरामदायक रहने की जगह प्रदान करता है। 104 खूबसूरत कमरों के साथ, जिनमें डीलक्स, प्रीमियम और एक्जीक्यूटिव सुइट शामिल हैं, यह होटल मेहमानों की विभिन्न जरूरतों को पूरा करने के लिए कई तरह के रहने के विकल्प प्रदान करता है। होटेल में मेहमान 24 घंटे चलने वाले रेस्टोरेंट "फ्लेवर्स" में जायकेदार स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों का लुत्फ उठा सकते हैं। इसके अलावा, होटल में अत्याधुनिक डाइनिंग और कॉन्फ्रेंस सुविधाएं विशाल टोपाज और क्रिस्टल बॉलरूम भी उपलब्ध हैं, जो हर तरह के कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एकदम उपयुक्त स्थान हैं।




लखनऊ में होमटेल ब्रांड लाने के लिए शालीमार कॉर्प लिमिटेड के डायरेक्टर कुणाल सेठ ने खुशी जताई और कहा, "सरोवर होटल्स के साथ मिलकर हम लखनऊ में बेहतरीन होमटेल का अनुभव लाने पर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। यह साझेदारी शहर के बीचों बीच आधुनिक और आरामदायक रहने की सुविधा यात्रियों को देने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। होमटेल आलमबाग उन यात्रियों के लिए है, जिन्हें रहने के लिए अच्छा और सुविधा भरा होटल चाहिए। वे चाहे बिजनेस के लिए आए हों या घूमने, यहां उन्हें बढ़िया सर्विस और ऐसी सहूलियतें मिलेंगी जिससे उनका सफर पूरा आनंददायक और परेशानी मुक्त हो जाएगा।"

सरोवर होटल्स के प्रबंध निदेशक और लूव होटल्स इंडिया के निदेशक अजय के. बकाया ने इस अवसर पर कहा, "हमें होमटेल ब्रांड को उस शहर में लाने की खुशी है, जो यहां आने वालों के दिलों में एक खास जगह रखता है। होमटेल ब्रांड एक नई, खुशनुमा और युवाओं को पसंद आने वाली जगह है, जो शहर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के साथ अच्छी तरह से मेल खाती है। हम शालीमार कॉर्प के साथ साझेदारी करने की बेहद खुशी है, जिनके साथ मिलकर हम आतिथ्य के मानकों को फिर से परिभाषित करने और मेहमानों के ठहरने के अनुभव को बेहतर बनाने का लक्ष्य साझा करते हैं।"

# पीएम नरेंद्र मोदी का नारा 'अबकी बार 400 सौ पार' जरूर पूरा होगा : महामंडलेश्वर मां पवित्रा नंद गिरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली ।** लोकसभा चुनाव- 2024 में जब पहले दौर की 102 सीटों पर मतदान संपन्न हो गया है। मतदान संपन्न होने के बाद भाजपा का विकास का मुद्दा काफी पीछे छूट गया है वहीं अब राम मंदिर और सनातन धर्म जैसे मुद्दे काफी तूल पकड़ता नजर आ रहा है। अब अगले चरण के चुनावों में विशेषतौर पर भाजपा इस चुनाव में भाजपा राम मंदिर और सनातन धर्म के नाम पर लोगों के बीच पहुंच रही है। इस बीच किन्नर अखाड़ा की राष्ट्रीय प्रवक्ता,महामंडलेश्वर मां पवित्रा नंद गिरी ने भी सनातन धर्म को लेकर अपना बयान दिया है। मां पवित्रा नंद गिरी ने कहा कि किसी भी चुनाव में धर्म और जाति के आधार पर वोट की राजनीति नहीं करनी चाहिए, लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यह राजनीतिक पार्टियों का अपना एजेंडा होता है। उसी के आधार पर सभी राजनीतिक पार्टी अपनी अपनी रणनीति के तहत लोगों के बीच पहुंचती है। उन्होंने यह भी कहा कि यह जिंदगी भर रहेगा, राजनीतिक लोग अक्सर धर्म, जाति वर्ग और गरीबी के नाम पर वोट मांगते हैं। उन्होंने कहा कि धर्म के नाम पर वोट नहीं मांगना चाहिए लेकिन मौजूदा सरकार ने जिस तरह से लंबे समय के बाद राम मंदिर का तोहफा देशवासियों को दिया, लिहाजा राम मंदिर के नाम पर भाजपा वोट मांग रही है।



महामंडलेश्वर मां पवित्रा नंद गिरी ने कहा कि हमारा पूरा देश सनातनी है और हम पैदा होते ही सनातनी होते हैं। उन्होंने भाजपा का समर्थन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में जो काम किए है वो सराहनीय है और उनका 400 पार का जो नारा है वह जरूर पूरा होगा। गौरतलब है कि इस लोकसभा चुनाव के प्रचार में राम मंदिर और सनातन धर्म का मुद्दा बहुत जोरों पर चल रहा है। जहां एक ओर भाजपा राम मंदिर और सनातन धर्म के नाम पर लोगों का वोट बैंक जुटा रही है तो वहीं विपक्ष पर सनातन धर्म के खिलाफ बयानबाजी का भी आरोप लगा रही है। ऐसे में ये चुनाव पूरी तरह से सनातन और गैर सनातन पर आकर टिका नजर आता है। यह तो चुनावी परिणाम तय करेंगे कि इस चुनाव में देश की जनता किस पर अपना भरोसा जताती है।

# विद्युत जम्मवाल और अर्जुन रामपाल के साथ Crakk- जीतेगा तो जिएगा के साथ एड्रेनालाइन मीटर को बढ़ाने के लिए तैयार हो जाओ,

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुंबई।** एक जिंदगी, एक आदमी और एक मंत्र - जीतेगा तो जिएगा! भारत की पहली अत्यधिक खेल एक्शन कहानी; सुपरस्टार जिसे भारत में एक्शन के साथ सम्बोधित किया जाता है; विद्युत जम्मवाल के साथ Crakk - जीतेगा तो जिएगा को देखने के लिए तैयार हो जाओ, जब वह दुनिया के सबसे खतरनाक खेल क्षेत्र में जीतने के लिए निकलता है।

जैसे ही यह यात्रा एक नई धमाका हर मोड़ पर खोलती है, क्या प्रतिस्पर्धा और जीतने का उद्देश्य प्रतिशोध की इच्छा में बदल जाएगा? सबसे अद्भुत एक्शन हीरो विद्युत जम्मवाल के साथ अभिनय कर रहे हैं, बी-टाउन का रफ़्तार से गुजरा हुआ प्रतीक अर्जुन रामपाल, और प्रतिभाशाली डिवा - नोरा फतेही और ऐमी जैक्सन, जो इसे एक सभी में एंटरटेनर बनाते हैं जो आपको अपनी सीटों के किनारे पर बाँधे रखेगा। आदित्य दत्त द्वारा निर्देशित और एक्शन हीरो फिल्म्स द्वारा उत्पादित, यह उच्च

**प्त आदित्य दत्त द्वारा निर्देशित और एक्शन हीरो फिल्म्स द्वारा उत्पादित, Crakk - जीतेगा तो जिएगा!**

दाँव वाली एक्शन फिल्म; Crakk - जीतेगा तो जिएगा सिर्फ 26 अप्रैल, 2024 से Disney+ Hotstar पर स्ट्रीम करने के लिए तैयार है। फिल्म में सिद्धार्थ दीक्षित की भूमिका निभाने वाले विद्युत जम्मवाल ने कहा, Crakk - जीतेगा तो जिएगा एक फिल्म है जिसे पूरे देश के लोग देखने का आनंद लेंगे। यह बिल्कुल ही अत्यधिक खेल फिल्म है।

मुझे अपने स्टंट्स करने का अच्छा लगता है और मैं उन्हें करने के लिए उत्सुक हूँ, लेकिन पहली बार, मुझे अपने स्टंट्स करने से पहले तनाव की चिंता हुई क्योंकि इन एक्शन दृश्यों की तेजी से भरपूर गतिविधियों के लिए। इसने मेरी सीमाओं को बढ़ाया खासकर उड़ान और बाइक स्टंट्स के साथ, और ये कुछ ऐसा था जिसे मैंने पहले कभी नहीं देखा था! अर्जुन रामपाल के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करना कुछ था जिसे मैं बहुत समय से इंतजार कर रहा था और हमने बाहर स्क्रीन पर एक बढ़िया यारी का अनुभव किया। Crakk- जीतेगा तो जिएगा वह सभी के लिए एक शानदार एक्शन फिल्म का समाधान है, सिर्फ Disney+ Hotstar पर ट्यून-इन करें और एड्रेनालिन रश को बढ़ाएं!"

# ग्राम जटवाड़ा में राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता दिलवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी भुल्लन व युवा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष हिमांशु नागर के नेतृत्व में ग्रामीणों को लोगों को राष्ट्रीय लोक दल की सदस्यता दिलवाई। इस मौके पर क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी भुल्लन ने बताया की चौधरी चरण सिंह के विचारधारा व जयंत चौधरी के नेतृत्व में विश्वास जताते हुए जिन लोगों ने सदस्यता ग्रहण की है उनके आने से लोकसभा चुनाव में गठबंधन प्रत्याशी को भारी फायदा होगा। सदस्यता ग्रहण करने वालों में सनी चौधरी , देवेंद्र सिंह खुटेल ,विजय सिंह खुटेल, सुनील चौधरी, जसवीर चौधरी, लोकेंद्र चौधरी, यशवीर चौधरी, सुशील चौधरी, रॉबिन चौधरी, वह चिराग चौधरी ने लोकल की सदस्यता ग्रहण की ।





जटवाड़ा में हुए कार्यक्रम में उपस्थिति रहे। चौधरी राज्यपाल सिंह,चौधरी तेजपाल सिंह, चौधरी सतपाल सिंह, चौधरी विजेंद्र सिंह, चौधरी गजेंद्र सिंह ,चौधरी विनय सिंह , चौधरी वीरेंद्र सिंह, चौधरी महेश सिंह,चौधरी विनीत सिंह, अभिषेक चौधरी, गौरव चौधरी, दिव्यांश चौधरी ,यशराज सिंह, अविरल,राहुल कटारिया, रॉबिन, जतिन, संजय सागवान, वीरेंद्र चौधरी गढ़ी, व ओमवीर सिंह उपस्थित रहे ।

# कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का तूफानी दौरा किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** सोमवार को इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का तूफानी दौरा किया। उन्होंने सुबह से

**कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने मुख्य बाजार में रोड शो भी किया**

शाम तक अटोड़ नगला, दुहाई, भदौली, छज्जिपुरा, रेवड़ी-रेवड़ा, ढिडार, कुंहैड़ा, नवीपुर, सुल्तानपुर, शोभापुर, छेददा, कनौजा, चितौड़ा, समयपुर, हिसाली आदि गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने मुख्य बाजार में रोड शो भी किया। इस दौरान जगह जगह पर उनका स्वागत फूल बरसाकर किया गया।



इस अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने कहा कि देशवासी आज विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं, जो हमारे राष्ट्रीय नेतृत्व यानी पीएम मोदी की विफलता है। लोग महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व अत्याचार से परेशान हैं। ऐसे लोगों को कांग्रेस की गारंटी से बहुत राहत मिलेगी। इसलिए आपलोगों से गुजारिश है कि इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में मुझे चुनिए, भारी बहुमत दीजिये, ताकि आपके क्षेत्र में विकास की गंगा बहा सकूं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की गारंटी से किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं सहित सभी जातियों के लोगों को फायदा मिलेगा। किसानों को खाद, बीज, बिजली, एलपीजी गैस की बढ़ती कीमतों से निजात दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि युवाओं के हित में नौकरी से कांट्रेक्ट सिस्टम को खत्म किया जाएगा।इस मौके पर संदीप शर्मा, रॉबिन, बल्ली, सचिन, राहुल, विवेक त्यागी, दीपक शर्मा, संजय, राजवीर प्रधान, देवेंद्र भारद्वाज, मनवीर चौधरी, कपिल चौधरी, अजय त्यागी- मुखिया, प्रमोद त्यागी, विनोद शर्मा, दिनेश त्यागी, गिरीश त्यागी, यजुवेंद्र, अरुण, नितिन त्यागी, दीपक, राहुल कौशिक, किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक अमित शर्मा, नितिन यादव आदि मौजूद रहे।

# गांव वालों ने कहा चलेगा नल खिलेगा कमल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** प्रधानमंत्री समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रयासरत है। प्रदेश मे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार के सुशासन और विकास की नीति

**किसानों की खुशहाली से ही गुजरता है देश की तरक्की का रास्ता : अतुल गर्ग**

और जनकल्याण के कार्यो से आमजन का भाजपा पर विश्वास बढ़ा है। ये बातें लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग ने शाहपुर, भिक्कनपुर, दुहाई आदि गांव के दौरे के दौरान गांव वालों की सभा को संबोधित करते हुए कहीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृव में चल रही भाजपा सरकार की प्रंशसा करते हुए समाज के हर वर्ग गरीब, किसान दलितों पिछड़ों को आगे बढ़ाने के साथ ही सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के नारे को चरितार्थ किया है। चाहे वह प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय, उज्जवला योजना, सभी में बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग को लाभ पहुंचाने का कार्य भाजपा सरकार ने किया है। उन्होंने कहा एक-एक वोट हमारे लिए कीमती है। कार्यकर्ताओ और समर्थकों की ओर से कोई भी घर छूट न पाए जहां पर भाजपा कार्यकर्ता के रूप वह गया न हो । चुनाव प्रचार के दौरान सभा के मंच से मुरादनगर विधानसभा के विधायक अजीत पाल त्यागी, ब्लॉक प्रमुख राहुल चौधरी , महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी आदि ने गठबन्धन प्रत्याशी अतुल गर्ग को अधिक से अधिक मतदान कराकर एतिहासिक जीत दिलाने की अपील की । सभा में मौजूद ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान, बीडीसी सदस्य सहित सभी ग्राम वासियों ने एक सुर में कहा चलेगा नल खिलेगा कमल।



# मांगा पोषण हुआ शोषण मिला भाषण : जुबैर खान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली (सददाम खान)।** आंवला लोकसभा में गठबंधन प्रत्याशी नीरज मौर्य के पक्ष में बिथरी चैनपुर के विभिन्न गांवों में डोर टू दर्जन संपर्क कर कांग्रेस पार्टी के विधानसभा प्रभारी हाजी जुबेर खान ने साइकिल के निशान पर वोट मांगे कहां जनता को वोट करते समय लाकड़ाउन का समय याद रखना चाहिए जब कोविट में जब गंगा में हजारों लाशें तैर रही थी लोग ऑक्सीजन की कमी से दम तोड़ रहे थे नरेंद्र मोदी उस समय चुनावी रैलियां में वोट मांग रहे थे गरीबों पर पुलिस लाठीचार्ज कर रही थी अब समय आ गया है इनको सबक सिखाने का इस मौके पर उवैस खान ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू खान आदिल रशीद आदि लोग उपस्थित रहे।



# आंवला लोकसभा में हाथी सब पर भारी : सैय्यद आबिद अली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली (सददाम खान)।** आंवला लोकसभा के बिथरी चैनपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव में जनसंपर्क करते हुए बीएसपी प्रत्याशी आविद अली ने कहा आंवला लोकसभा में हाथी सब पर भारी पढ़ रहा है हमारी बढ़ती ताकत को देख सपा प्रत्याशी खवरा गऐ पर्चा खारिज करना चाहते थे अब इसका जवाब मेरा मुस्लिम समाज देगा सभी लोगों से 7 मई हाथी के सामने बाला बटन दबाकर वोट देने की अपील की।



आग | वहीं पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है

# दिल्ली एनसीआर गाजीपुर कूड़े के ढेर में लगी आग से लोगों को सांस लेने में कठिनाइयों का सामना,आग पर पाया काबू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (ऐजाज अली)।** राजधानी दिल्ली में कूड़े के ढेर में आग लगने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। दिल्ली गाजीपुर कूड़े के देर में आग लगी थी जिसके कारण क्षेत्र वासियों को सांस लेने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर स्थित कूड़े के पहाड़ पर लगी आग पर काबू पा लिया गया है। वहीं पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। स्थानीय लोग कह रहे हैं कि धुएं की वजह से सांस लेने और आंखों में दिक्कत हो रही है।

दिल्ली-एनसीआर के बॉर्डर पर बने गाजीपुर स्थित कूड़े के पहाड़ में बीती शाम अचानक आग लग गई। देखते-देखते ही देखते आग ने कूड़े के पहाड़ के एक बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। फिलहाल, आग पर काबू पा लिया गया है। वहीं पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है।

पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर लैंडफिल साइट पर आग लगने के बाद पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के अनुसार गाजीपुर पुलिस थाने में धारा 336 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालना) और 278 (माहौल को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बनाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। दिल्ली फायर सर्विस के मुताबिक, कचरे के विशाल पहाड़ से उत्पन्न गैसों के कारण रविवार शाम लैंडफिल साइट पर बड़ी आग लग गई। हालांकि आग को करीब 18 घंटे बाद सोमवार सुबह काबू पा लिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह धुआं कोई आम धुआं नहीं है, यह बहुत जहरीला है। लोग जलन के कारण अपनी आंखें भी ठीक से नहीं खोल पा रहे हैं और उनको सांस लेने में कठिनाई हो रही है। कई लोगों ने तो यह भी दावा किया कि वह सोमवार को अपने बच्चों को स्कूल भी नहीं भेज पाए हैं। स्थानीय व्यक्ति ने कहा कि आग के धुएं से हमें सांस लेने में दिक्कत हो रही है। प्रदूषण के कारण हम बात नहीं कर पा रहे हैं। आग बीते दिन की सुबह से ही जारी है। प्रशासन ने कुछ नहीं किया है।

हम चाहते हैं कि सरकार इस मुद्दे का समाधान करे। कूड़े के पहाड़ में लगी आग पर एक स्थानीय निवासी ने कहा कि हम 1990 के दशक से इस समस्या का सामना कर रहे हैं।

हम मधुमेह, बीपी, थायराइड और आंखों में जलन से जूझ रहे हैं। छोटे बच्चे भी इससे पीड़ित हैं। दिल्ली और केंद्र सरकार इस समस्या को सुलझाए। दिल्ली के गाजीपुर लैंडफिल में लगी आग पर स्थानीय लोगों प्रतिक्रिया दे रहे हैं। गाजीपुर की रहने वाली एक महिला नाजरा ने कहा कि मैं यहां रहती हूं और धुएं से आंखों में परेशानी हो रही है। हमें सांस लेने में भी दिक्कत हो रही है। गाजीपुर में रहने वाली एक स्कूली छात्रा ने कहा कि हमारे गले में जलन हो रही थी और धुएं के कारण हमें खांसी हो रही थी। इस आग के कारण प्रदूषण हुआ है। हर कोई इससे पीड़ित है।

# गंगा में डूबे बिहार के छात्र के शव को निकाला गया,साथियों के साथ नहाने आया था

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं ।** कछला घाट पर गंगा में डूबे छात्र मुनीश कुमार का शव सोमवार सुबह निकाल लिया गया। वह रविवार को अपने साथियों के साथ कछला घाट पर नहाने आया था। इसी दौरान वह डूब गया था।

बदायूं के उझानी कोतवाली क्षेत्र में कछला गंगा घाट पर स्नान करने आए कासगंज राजकीय पॉलिटेक्निक के दो छात्र रविवार को पानी के तेज बहाव में बह गए। उनमें एक छात्र को नाविकों ने बचा लिया, जबकि दूसरे की डूबकर मौत हो गई। देर शाम तक उसकी तलाश चलती रही। सोमवार सुबह गोताखोरों ने गंगा में डूबे छात्र का शव निकाल लिया।



बिहार के बेगूसराय का छात्र मुनीश कुमार (23) कासगंज के पॉलिटेक्निक याकूतगंज में इलेक्ट्रिकल अंतिम वर्ष का छात्र था। रविवार को छुट्टी थी। मुनीश कुमार पॉलिटेक्निक छात्र के इंद्रजीत, सतीश गौड़, रामसरन पटेल, प्रियांशु दुबे, मोहित, सागर गौतम और नागेश कुमार के साथ कछला गंगा घाट पर स्नान करने आए थे। सभी छात्र रविवार दोपहर बाद कछला स्थित गंगा घाट पर दोनों पुल के बीच स्नान कर रहे थे। वहां पर गंगा में ज्यादा गहराई थी, जिससे मुनीश कुमार और इंद्रजीत अचानक तेज बहाव में बहने लगे। यह देखकर साथी छात्रों ने शोर मचाया। शोर सुनकर घाट पर मौजूद एक नाविक ने तत्परता दिखाई। उसने इंद्रजीत को बचा लिया, लेकिन मुनीश बह गया।

### गोताखोरों ने निकाला शव

देर शाम तक उसकी तलाश चलती रही, लेकिन पता नहीं चला। सोमवार सुबह फिर से छात्र की तलाश शुरू हुई। गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसका शव निकाल लिया। चौकी इंचार्ज हरवीर सिंह ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस बीच मृतक के चाचा दीपक शाह पॉलीटेक्निक छात्रों के साथ कछला पहुंच गए।

दीपक शाह ने बताया कि मुनीश पॉलीटेक्निक की पढ़ाई करके इंजीनियर बनना चाहता था। वह दो भाइयों में छोटा था। उसके पिता मिठाई की दुकान चलाकर परिवार का पालन पोषण करते हैं। मुनीश की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। इधर, लोगों का कहना है कि गंगा घाट पर बचाव के इंतजाम नहीं हैं।

# पंचतत्व में विलीन हुए भाजपा के पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश कुमार सिंह, राजकीय सम्मान के साथ दी गई सलामी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )** । भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद और लोकसभा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह रविवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। गांव रतुपुरा में उनका अंतिम संस्कार किया गया। बढ़ापुर से विधायक उनके पुत्र कुंवर सुशांत सिंह ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी। इससे पहले राजकीय सम्मान के

**श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे अनेक मंत्री, विधायक सहित हजारों लोग**

साथ उन्हें सलामी दी गई। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक समेत कई मंत्रियों और भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।दिल्ली स्थित एक अस्पताल में शनिवार को पूर्व सांसद का बीमारी से निधन हो गया था। शनिवार देर रात उनका पार्थिव शरीर ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव रतुपुरा में उनके पैतृक आवास पर लाया गया था। उनके निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, राज्य की शिक्षामंत्री मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी समेत







अन्य नेताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजिल दी। अंतिम संस्कार के दौरान जनसमुदाय ने जननेता को भावपूर्ण विदाई दी। अंतिम दर्शन के लिए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, प्रदेश सरकार में कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, संभल लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी, नगर विधायक रितेश गुप्ता, सपा सांसद डॉ. एसटी हसन, शिक्षक विधायक डॉ. हरिसिंह ढिल्लो, सोशल फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर अनुज अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, कुंवर सुरेंद्र सिंह,डॉ कपिल सिरोही ( अध्यक्ष उत्तरप्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ), दुष्यंत यादव ( तहसील प्रभारी ), आदि लोगों ने उनकी अंतिम यात्रा में पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सास ने दामाद पर लगाया मारपीट करने का आरोप, पुलिस से लगाई कार्रवाई करने की गुहार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )**। बिलारी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने दामाद पर बेटी के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। सोमवार को बिलारी थाना क्षेत्र निवासी एक महिला कुसुम ने पुलिस को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोप लगाते हुए कहा कि उसका दामाद जनपद रामपुर के शाहबाद थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला है । कुन्दरकी थानान्तर्गत एक ईट के भट्ठे पर पथेर का काम करता है।
सोमवार को महिला अपनी बेटी को ईंट के भट्टे परिसर से अपने साथ बुलाने गई थी। महिला ने अपने दामाद से बेटी को साथ भेजने को कहा । महिला का आरोप है बेटी को बुलाने की बात पर उसका दामाद और समधी भड़क गए।
इसी दौरान कहासुनी हो गई।आरोप है कि महिला के दामाद ने उसकी बेटी के साथ उसी के सामने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। जब महिला ने मारपीट का विरोध किया तो महिला को भी आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए मारना पीटना शुरू कर दिया। महिला अपने पति के साथ स्थानीय थाने पहुंचकर मारपीट की घटना की शिकायत पुलिस से करके आरोपीयों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

## नवविवाहिता महिला ने ससुरालीयों पर लगाया मारपीट कर घर से निकालने का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )**। क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक नवविवाहित महिला ने अपने पति और सुसरलियो पर शादी के कुछ दिन बाद से दहेज के प्रताड़ित करने और मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगते हुए पुलिस से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।
सोमवार को क्षेत्र के एक गांव निवासी की रहने वाली नवविवाहित महिला ने पुलिस को दिए शिकायत पत्र में आरोप लगाते हुए कहा कि तीन माह पहले उसकी शादी सेफनी थाना क्षेत्र के रहने वाले एक युवक के साथ हुई थी।
महिला का आरोप है कि महिला के पति और उसके सुसरलियो ने देहज के लिए उसका उत्पीड़न और प्रताड़ित करने लगे। पति छोटी छोटी बातों पर महिला के साथ मारपीट करने लगा।आरोप है 28 मार्च को महिला के पति और उसके सुसरलियो ने दहेज में 6 लाख रुपये मायके से लाने का दबाब बनाते हुए महिला के साथ मारपीट कर महिला को घर से निकाल दिया।पीड़ित महिला ने घटना की शिकायत अपने मायके वालों से की।घटना से आहत मायके वाले महिला को घर ले आए।पीड़ित महिला ने घटना की शिकायत पुलिस से कर आरोपी सुसरलियो के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

## लड़की को बहला फुसलाकर ले जाने के आरोप में गुफरान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)** । थाना क्षेत्र के गांव की लडकी 14 अप्रैल को घर से गायव हो गई गई थी परिवार वालों को उसके गायव होने का पता लगा तो तलाश शुरू की गई। बताया गया कि 19 साल की लडकी को अकबरपुर चैदरी गांव का गुफरान पुत्र अनीस बहला फुसलाकर ले गया। निराश होकर लडकी के पिता ने पुलिस की मदद मांगी। पुलिस ने तहरीर के आधार के पर गुफरान के खिलाफ संबंधित धाराओ मे मामला दर्ज किया है।

## प्रकाश हॉस्पिटल नोएडा के अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. विजय सिंह चौहान ने रतुपुरा पहुंचकर पूर्व सांसद सर्वेश सिंह को दी श्रद्धांजलि, पार्टी की अपूरणीय क्षति बताया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )** । भाजपा के पूर्व सांसद एवं मुरादाबाद लोकसभा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह के अचानक निधन होने से क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओ को गहरा आघात लगा है। प्रकाश हॉस्पिटल नोएडा के अध्यक्ष एवं मैनेजिंग डायरेक्टर वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ विजय सिंह चौहान ने अपने समर्थकों के साथ गांव रतुपुरा में उनकी अंत्येष्ठी में पहुँचकर अपनी अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की उनके निधन को उन्होंने पार्टी की अपूर्णीय क्षति बताया है, लोगों का भारी हुजुम उनके प्रति लोगों के अथाह प्यार और



सम्मान को प्रदर्शित कर रहा था, वहाँ हर व्यक्ति दुखी और शांत था, डॉ विजय सिंह चौहान ने परमपिता परमात्मा से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति देकर अपने श्री चरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिजनों को यह असीम दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। उल्लेखनीय है कि मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा का टिकट पाने के लिए डॉक्टर विजय सिंह चौहान ने भी आवेदन किया था और काफी समय से क्षेत्र में रहकर लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे उन्होंने कुंवर सर्वेश कुमार सिंह को प्रत्याशी बनाने के हाई कमान के फैसले का स्वागत भी किया था।

## अध्यक्ष पद के लिए मोहम्मद अयूब एवं महासचिव पद के लिए कमल कुमार सहित विभिन्न पदों के लिए पांच लोगों ने नामांकन पत्र किए दाखिल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)** । तहसील बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के लिए आज अध्यक्ष पद के लिए मोहम्मद अयूब एवं महासचिव पद के लिए कमल कुमार सहित विभिन्न पदों के लिए पांच नामांकन पत्र दाखिल किए गए। विभिन्न पदों के लिए आज 12 नामांकन पत्र खरीदे गए। चुनाव समिति के मीडिया प्रभारी एडवोकेट दीपक बिश्नोई ने बताया कि आज नामांकन के पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए मोहम्मद अयूब, उपाध्यक्ष पद के लिए चरण सिंह ढाका, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए मोहम्मद अफसर , महासचिव पद के लिए कमल कुमार कार्यकारिणी सदस्य के लिए सुहेल खा, शाहिद पांच लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किय। अध्यक्ष सहित



विभिन्न पदों के लिए 12 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे हैं 23 अप्रैल को भी नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे ।

## शिक्षा सत्र शुरू होने के 22 दिन बाद भी कक्षा एक एवं दो की किताबें नहीं आई, बिना किताबों के ही शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं बच्चे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। नया शिक्षा सत्र शुरू हुए 22 दिन हो गए हैं लेकिन अभी तक परिषदीय विद्यालयों में कक्षा एक एवं दो की किताबें नहीं आई है हजारों बच्चे बिना किताबों के ही शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। अन्य कक्षाओं की किताबें तो आ गई है लेकिन अधिकांश विद्यालयों में उनका वितरण नहीं हो पाया है। शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले परिषदीय विद्यालयों में किताबें उपलब्ध कराने का सरकार का दावा फेल हो गया है। जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार ने नया शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले ही सभी स्कूलों में किताबें पहुंचने का दावा किया था लेकिन यह फेल हो गया है ब्लॉक संसाधन केंद्र पर अनेक कक्षाओं की किताबें तो पहुंच गई हैं लेकिन कक्षा एक एवं दो की किताबें 22 दिन बाद भी नहीं पहुंची हैं बच्चे बिना किताबों के ही शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं या कुछ बच्चे पुरानी किताबों से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। विभाग के सूत्रों ने बताया कि कक्षा 3- अंक जादू. हमारा,परिवेश रेनबो, संस्कृत, वर्कबुक-गणित ज्ञान, कक्षा-4. फुलवारी अंक जगत, संस्कृत सुधा, वाटिका, गणित ज्ञान, संस्कृत सुबोध वर्कबुक वाटिका कार्य पुस्तिका फुलवारी कार्य पुस्तिका , पंखुड़ी कार्य पुस्तिका, आदि किताबें पहुंच गई है लेकिन सभी विद्यालयों में उनका वितरण नहीं हो पाया है दो-चार दिन में वितरण हो जाएगा। कक्षा एक - गिनतारा, (गणित) कलरव(हिंदी) कक्षा 2 किसलय ( हिंदी), गिनतारा ( गणित) अभी तक नहीं आई है।

## सड़क सुरक्षा पखवाड़ा हुआ शुरू, स्कूली वाहनों का कराया जाएगा फिटनेस


बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)** । सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए योगी सरकार गंभीरता से प्रयास कर रही है। इसको लेकर सीएम योगी ने परिवहन विभाग को सख्त दिशा निर्देश दिए हैं। परिवहन विभाग ने सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत कमी लाने के लिए कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत सभी जनपदों में आगामी 22 अप्रैल से 4 मई तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया आएगा। ओवरसीडिंग, गग साइद ड्राइविंग, मोबाइल फोन का प्रयोग एवं ड्रंकन ड्रइविंग सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण होते हैं।
यह एक मैन मेड डिजास्टर है इसलिये इसमें कमी लाने के लिये अवेयरनेस बिल्ट करने की जरूरत है। यह एक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण मुद्दा है।
स्कूली वाहनों का कराया जाए फिटनेस टेस्ट इसके अलावा परिवहन विभाग द्वारा सड़क पखवाड़ा के तहत प्रदेश के दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये सभी स्कूली वाहनों का फिटनेस तथा वाहन चालकों के मेडिकल फिटनेस की जांच करायी जायेगी। सभी शिक्षण संस्थानों में प्रार्थना सभा में छात्रों को सड़क की जानकारी दी जायेगी एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कराया जायेगा।

## कुंवर सर्वेश कुमार सिंह को विरासत में मिली थी सियासत, 62 साल से सियासत पर पकड़ थी पिता-पुत्र की, जनता का फैसला 4 जून को चलेगा पता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। पूर्व सांसद और मुरादाबाद लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी रहे कुंवर सर्वेश सिंह को सियासत विरासत में मिली थी। उनके पिता रामपाल सिंह 1962 से 1989 तक राजनीति में सक्रिय रहे। वह चार बार ठाकुरद्वारा से विधायक और एक बार अमरोहा से सांसद रह चुके गए थे। पिता से राजनीति के गुर विरासत में मिलने के बाद सर्वेश सिंह 1991 में सक्रिय राजनीति में आए थे।ठाकुरद्वारा क्षेत्र के रतुपुरा गांव निवासी सर्वेश सिंह का जन्म 23 दिसंबर 1952 हुआ था। उन्होंने 26 मई 1983 को साधना सिंह से शादी की थी। परिवार में एक बेटी और एक बेटा है। 1991 में उन्होंने राजनीति में कदम रखा था। तब भाजपा के टिकट पर ठाकुरद्वारा की सीट से लड़े और विधायक बने। 2007 तक सर्वेश सिंह इस सीट पर विधायक रहे। 2007 में इस सीट पर बसपा के विजय यादव ने जीत दर्ज की थी। सर्वेश सिंह ने 2009 में लोकसभा चुनाव में भाजपा से मुरादाबाद लोकसभा चुनाव लड़ा लेकिन वह भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रहे मोहम्मद अजहरु?द्दीन से हार गए थे।उन्होंने 2012 में फिर से ठाकुरद्वारा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। 2014 में लोकसभा चुनाव के दौरान उन्हें मुरादाबाद लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया गया और उन्होंने समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार डॉ. एसटी हसन को 87,504 वोटों के अंतर से हराया था। 2019 में




भाजपा से उन्हें फिर से प्रत्याशी बनाया गया था लेकिन बसपा-सपा गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. एसटी हसन से चुनाव हार गए थे। 2024 में चौथी बार भाजपा ने सर्वेश सिंह को मुरादाबाद के चुनाव मैदान में उतारा था 19 अप्रैल को ही मुरादाबाद में मतदान हुआ । उन्होंने भी मतदान किया था। सर्वेश सिंह के बेटे सुशांत सिंह बढ़ापुर सीट से भाजपा के विधायक हैं। ठाकुरद्वारा विधानसभा सीट से भाजपा अंतिम बार 2012 में जीती थी। तब सर्वेश सिंह विधायक चुने गए थे। इसके बाद उन्होंने 2014 लोकसभा का चुनाव लड़ा और जीत गए। तब उन्हें विधायक पद से इस्तीफा देना पड़ा। ठाकुरद्वारा सीट पर उपचुनाव हुए लेकिन भाजपा के प्रत्याशी राजपाल सिंह चौहान चुनाव हार गए। इसके बाद 2017 के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा को हार मिली। 2022 में भाजपा ने इस सीट पर अजय प्रताप सिंह को मैदान में उतारा लेकिन वे भी जीत दर्ज नहीं कर पाए। अब देखना है 4 जून को होने वाली मतगणना में जनता ने किसे अपना समर्थन दिया है यदि स्वर्गीय कुंवर सर्वेश कुमार की जीत हुई तो उपचुनाव होगा ऐसा नहीं हुआ तो प्रतिद्वंदी प्रत्याशी सपा की रुचि वीरा विजय होकर लोकसभा में पहुंच जाएगी।

## इरफान नेता के बेटे रय्यान तुर्की एडवोकेट के वलीमे मे जुटे राजनीतिक और समाजिक लोग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)**। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत नानकार के पूर्व प्रधान इरफान( नेता) के बेटे रय्यान तुर्की एडवोकेट के दावत ए वलीमे मे राजनीतिक और सामाजिक आदि

**मलिक सेलिब्रेशन मैरिज हॉल लालपुर बस्तौर मे हुआ दावत ए वलीमे का कार्यक्रम मेहमानों ने दूल्हा-दुल्हन को अपनी नेक दुआओं से नवाजा**

संभ्रांत लोगों ने शिरकत की और दूल्हा-दुल्हन को नेक दुआओ से नवाजा ।
सोमवार को ब्लॉक क्षेत्र के थाना मैनाठेर अन्तर्गत मलिक सेलिब्रेशन मैरिज हॉल लालपुर बस्तौर मे इरफान (नेता जी पूर्व प्रधान) नानकार के बेटे रय्यान तुर्की की दावत ए वलीमा मे बड़ी तादाद मे राजनीतिक, सामाजिक,रिश्तेदारों और संभ्रांत लोगों ने शिरकत की और दूल्हा-दुल्हन को शादी की मुबारकबाद दी, और अपनी नेक दुआओ से नई जिंदगी की शुरूआत करने पर दूल्हा-दुल्हन को नवाजा । इरफान (नेताजी)ने बेटे की दावत ए वलीमा के मौके पर सभी मेहमानों को बैठाकर खाना खिलाने का इंतजाम कराया था ।



लोगों ने सराहना भी की। इरफान (नेता जी) के बेटे रय्यान तुर्की एडवोकेट के वलीमे मे बिलारी विधायक फहीम इरफान, समाजवादी पार्टी के विधान सभा प्रभारी फिरोज खांन,जिला महासचिव अहसान अली पाशा, मुशाहिद हुसैन, जिला पंचायत सदस्य पति हाजी मौहम्मद रफी, मौहम्मद युसुफ उर्फ कल्लू प्रधान, मुख़्तार सैफी,साजिद (नेताजी) मतलूब सैफी, प्रधान अरकान, महफूज हुसैन, उवैद, सरताज अल्वी,एम.के.भारती सैफी,शकील अंसारी आदि संभ्रांत लोगों ने शिरकत की ।

## गाली गलौज और मारपीट के आरोप में पिता पुत्रों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)**। घटना 16 अप्रैल की रात साढे दस बजे की है पेली विश्नोई गांव निवासी नितिन कुमार पुत्र सुरेश कुमार का आरोप है कि 16 की रात को करीब साढे दस बजे वह काम से बाहर गया था। तभी गांव का अंकित पुत्र सुशील अपनी छत से उसके मकान पर आकर ताक झांक करने लगा। नितिन की पत्नी घर पर अकेली थी। इसकी सूचना उसने अपने पति को दी। आरोप है कि नितिन के विरोध करने पर अंकित अपने भाई हर्षित और पिता सुशील के साथ घर के बाहर आ गया और गाली गलौज करने लगा। गाली को मना किया तो लाठी डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया। पीडित थाने पहुंचा और चोटो का चिकित्सक परीक्षण कराया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पिता पुत्रो के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं को फूल माला पहनकर किया गया सम्मानित, दिव्यांशु ने कॉलेज किया टॉप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)** । नगर के ध्यान सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज में आज हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में अच्छे नंबरों से पास हुए छात्र-छात्राओं का विद्यालय के प्रबंधक कुंवर सुरेंद्र सिंह एवं प्रधानाचार्य डॉक्टर कुमार देव अवस्थी ने फूल माला डालकर भव्य स्वागत किया। और कड़ी मेहनत ही सफलता का राज बताया। डी एस एम इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा विज्ञान वर्ग में बायोलॉजी का



96% गणित का 90% तथा मानविकी वर्ग का 89% कृषि का 100% रिजल्ट घोषित किया गया । हाईस्कूल का 81% परिणाम रहा ।विद्यालय के टॉपर छात्रों में दिव्यांशु ने 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। जबकि संदीप कुमार ने 81.1% मनोज कुमार ने 73% मुनिराज सिंह ने 73% नवाजिश 79% अनुज यादव 78% प्रिंस 77% मोहित 70% आजम 77% अनस 77% अंक प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के आर राठौर, जानू वर्मा ,प्रदीप कुमार, रामसागर, धन सिंह, मदन गोपाल, वीर सिंह ,चंद्रशेखर वर्मा, पुनीत कुमार, मसूद हुसैन ,नरेश कुमार, राम अचल ,गौरव वर्मा, अब्दुल्ला खान, सत्यपाल सिंह, कुलदीप कुमार, विजेंद्र सिंह, अनीता, ममता ,हेतराम सिंह, संजीव कुमा,र पुष्पेंद्र पाल आदि मौजूद थे।

**आयोजन** | **मेरा बूथ सबसे मजबूत के आधार पर कार्य करेंगे भाजपा कार्यकर्ता : जसवंत सिंह सैनी**

# भाजपा चुनाव संचालन समिति की चुनाव कार्यालय पर बैठक का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)**। सोमवार को क्षेत्र के गांगन तिराहे पर भाजपा चुनाव कार्यालय पर चुनाव संचालन समिति की बैठक का आयोजन किया गया।
जिसमें मुख्य रूप से दर्जा राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने चुनाव संचालन समिति के सदस्यों को अपने-अपने कार्य के प्रति जागरूक किया उन्होंने बताया कि चुनाव संचालन समिति के सदस्यों को अपने- अपने कार्य की विस्तार करने की आवश्यकता है उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार हर वर्ग के लिए कार्य कर रही है हम सभी को दृढ़ संकल्प लेना है कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। मोदी सरकार किसान और गरीब की हितेषी है। भाजपा के राज मे गुंडागर्दी को खत्म किया है । सभी






कार्यकर्ता अपने बूथ को मजबूत करने के लिए पन्ना प्रमुखों के साथ अपने-अपने पन्ने के वोटो से संपर्क कर मतदान करने की चुनाव के समय तक अपील करेंगे। जिससे कि कोई भी वोटर चुनाव के समय छूट न जाए सभी कार्यकर्ता मेरा बूथ सबसे मजबूत के आधार पर कार्य करेंगे जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि बूथ जीते हम जीते संकल्प पर कार्य करेंगे ।
सभी कार्यकर्ता केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को अवगत कराकर लाभार्थियों से संपर्क करेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश मे भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को भयमुक्त और गुंडा मुक्त किया है तथा महिलाओं के सम्मान के लिए कार्य कर रही है।
बैठक में संभल लोकसभा सह प्रभारी भुवनेश राघव, लोकसभा संयोजक पंकज गुप्ता, संभल लोकसभा विस्तारक गौतम चौधरी, गुलाम जिलानी, नवदीप यादव, जेपी सैनी ,धर्मेंद्र मिश्रा, महेंद्र प्रजापति ,कमल कुमार प्रजापति, नसीम खान, ऋषिपाल चौधरी, वालेचरन वाल्मीकि, जेपी सैनी, अमर सिंह सैनी ,ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर, ठाकुर सोमिल सिंह, नवदीप यादव, रामनिवास यादव, रमन भूषण एडवोकेट, बृजेश लोधी ,आयुष प्रताप, अशोक प्रजापति, संजय कश्यप, बबलू सागर, जसवंत सैनी, खेमपाल सिंह, रविंद्र रेदास, पप्पू राजपूत, ठाकुर रनजीत सिंह, विजय भान सिंह राणा,रजनीश चौहान, हुकम सिंह,सजीव, ववलू सागर राजवीर सैनी,नीरज चंद्रा,देवीलाल प्रजापति, कुलदीप सिंह, सतीस सैनी,लोचन सैनी, अखिलेश कटारिया,उदय पाल,सजय दिवाकर, नरेश कुमार, महेंद्र सैनी,संजय कश्यप,रजनीश चौहान, जितेंद्र प्रजापति अजय वीर यादव, चन्द्रपाल सिंह,सतीश सिंह, रजनीश चौहान, महेंद्र सिंह, उदय पाल सिंह, बबलू सागर, सोमिल ठाकुर, खेमपाल सिंह, राजपाल सिंह ,कुलदीप सिंह, अमर सिंह सैनी, नक्शे अली, डॉक्टर इमरान चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## नामांकन बढ़ाने के लिए शिक्षक घर-घर जाकर अभिभावक को करेंगे जागरूक: अजीत कुमार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)** । नए शैक्षिक सत्र की शुरूआत होने के साथ बच्चों के प्रवेश बढ़ाने की कोशिशें तेज कर दी गई हैं। शिक्षक बच्चों के घर-घर जाकर उनका पारिवारिक सर्वे कर रहे हैं। शिक्षकों को डाटा पोर्टल पर अपलोड करने के भी निर्देश दिए गए हैं। शिक्षक उन बच्चों के परिवार का सर्वे करेंगे, जो किन्हीं कारणों से स्कूल से दूर हो चुके हैं। साथ ही उन्हें जागरूक भी करेंगे।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि परिषदीय स्कूलों में ज्यादा से ज्यादा नामांकन हों, इसके लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। स्कूलों को मॉडल स्वरूप में बदला जा रहा है। शासन ने परिवार सर्वेक्षण पूरा कर छात्र-छात्राओं का ब्योरा पोर्टल पर अपडेट करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षक ऐसे बच्चों की भी तलाश करेंगे, जो कुछ दिन स्कूल आने के बाद अचानक से आना बंद कर देते हैं। ऐसे बच्चों का डाटा पोर्टल

**स्कूल न जाने वाले बच्चों के अभिभावकों से मिलकर उनका दोबारा पंजीकरण कराते हुए स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया जाएगा**

पर अपलोड करना होगा। स्कूल न जाने वाले बच्चों के अभिभावकों से मिलकर उनका दोबारा पंजीकरण कराते हुए स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक घर के अलावा ईंट भट्ठा, घरों में काम करने वाले श्रमिक, मजदूर वर्ग, बाहर से आकर जिले में रहने वाले परिवारों के पास भी जाएंगे और उन्हें शिक्षा का महत्व बताएंगे।



# ईशा गुप्ता ने स्टायलिश आउटफिट में कराया बोल्ड फोटोशूट, एक्ट्रेस की हॉटनेस ने फैंस का छुड़ाया पसीना

बॉलीवुड की बोल्ड एक्ट्रेस ईशा गुप्ता बाखूबी जानती हैं कि उन्हें अपने फैंस के दिलों में कैसे राज करना है. हाल ही में एक्ट्रेस ने बोल्डनेस की सारी हदें पार करते हुए बेहद सेक्सी तस्वीरें शेयर की हैं. ईशा गुप्ता ने पिस्ता कलर का डीप नेक स्टायलिश आउटफिट पहना है. न्यूड मेकअप के साथ एक्ट्रेस ने हेयर ओपन रखे हैं और सेक्सी पोज दे रही हैं. साथ ही हार्ट शेप का नेकलेस उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है।


एक्ट्रेस की हॉटनेस देख यूजर्स का पसीना छूटना लाजमी है. फैंस कमेंट बॉक्स पर फायर इमोजी और रेड हार्ट की बौछर कर रहे हैं. ईशा आखिरी बार प्रकाश झा की वेब सीरीज आश्रम 3 में नजर आई थीं, जिसमें उनका बेहद बोल्ड अवतार देखने को मिला था. फैंस उनके आगामी प्रोजेक्ट का बेसब्री के साथ इतजार कर रहे हैं।

# अभिनेता विशाल की बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म रत्नम का ट्रेलर रिलीज

तमिल अभिनेता विशाल बॉक्स ऑफिस पर सूखे के दौर से गुजर रहे थे लेकिन पिछले साल मार्क एंटनी की रिलीज के साथ स्थिति बदल गई। साइंस फिक्शन कॉमेडी फिल्म समय यात्रा के इर्द-गिर्द घूमती है और फिल्म की सफलता के बाद, विशाल अब ग्रामीण एक्शन ड्रामा रत्नम में एक बिल्कुल अलग अवतार में दिखाई देने जा रहे हैं।

रत्नम का निर्देशन फिल्म निमार्ता हरि ने किया है। फिल्म के पोस्टर में विशाल को एक कटा हुआ सिर पकड़े हुए दिखाया गया है, जो वर्तमान रुझानों के अनुरूप एक हिंसक विषय का सुझाव देता है। इसके चौंकाने वाले मूल्य ने तुरंत ध्यान खींचा।

अब जब फिल्म की रिलीज की तारीख 26 अप्रैल करीब आ रही है, तो निमार्ताओं ने रत्नम का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें प्रिया भवानी शंकर प्रमुख महिला के रूप में हैं। दरांती की लड़ाई, पंचलाइन, क्रोधित खलनायक, एसयूवी का काफिला, एक राजनीतिक चाल और न जाने क्या-क्या! रत्नम के ट्रेलर में वह सब कुछ है जो हम एक्शन फिल्म निमार्ता के साथ जोड़ते आए हैं।





आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु सीमा पर सेट फिल्म के ट्रेलर में विशाल को रत्नम के रूप में पेश किया गया है, जो प्रतिशोध लेने वाला व्यक्ति है, जो प्रिया भवानी शंकर के चरित्र पर हमला करने के लिए ठगों को भेजने के बाद शक्तिशाली विरोधियों का सामना करने के लिए मजबूर होता है। अधिकांश कार्रवाई सड़क पर होती है। इन विरोधियों की पहचान और लड़की की सुरक्षा के लिए रत्नम का मकसद रहस्यमय बना हुआ है। रत्नम के 26 अप्रैल को तमिल के साथ-साथ तेलुगु में रिलीज होने के बाद इन सवालों का जवाब मिल जाएगा।

हालांकि फिल्म की कहानी अभी तक स्पष्ट नहीं है, लेकिन थीम में कार्थी और तमन्ना भाटिया स्टारर पइया की समानता है, जिसमें मुख्य किरदार एक महिला को मुख्य किरदार को पकडने के लिए भेजे गए गुंडों से बचाता है, जिसमें सड़क पर एक्शन भी दिखाया गया है।

रत्नम में समुथिरकानी, योगी बाबू, गौतम वासुदेव मेनन, हरीश पेराडी, राजेंद्रन और मुथु कुमार जैसे कलाकार भी शामिल हैं। फिल्म में देवी श्री प्रसाद की संगीत रचनाएँ हैं, जो पहले आरु, सिंगम, सिंगम 2, वेंघई और सामी स्क्वायर जैसी फिल्मों में निर्देशक हरि के साथ साझेदारी कर चुकी हैं।

# बचपन में वेटरिनेरियन बनना चाहती थी नरगिस फाखरी

रॉकस्टार से लेकर मैं तेरा हीरो तक, एक्ट्रेस नरगिस फाखरी ने बॉलीवुड में अपने पूरे सफर के दौरान कई बड़ी हिट फिल्में दी हैं। रॉकस्टार गर्ल ने मद्रास कैफे, अजहर और हाउसफुल 3 जैसी कुछ फिल्मों में कई रोल्स में अभिनय करके एक एक्ट्रेस के रूप में अपनी सीमा दिखाई है। हालांकि, उनके फैंस यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि बॉलीवुड में आने से पहले उनके लिए एक अलग करियर चॉइस क्या रही होगी? खैर, नरगिस ने हालही में खुद इसका खुलासा किया है।



नरगिस ने कहा मैं बचपन में वेटरिनेरियन बनना चाहती थी। मुझे जानवरों से प्यार है और बचपन से ही मैं उन्हें एक सुरक्षित वातावरण देना चाहती थी, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था और मैं फिल्म इंडस्ट्री में आ गई। अगर मुझे अपने जीवन पर विचार करना हो और अतीत में जाना हो तो, मैं कुछ भी नहीं बदलूंगी।

इन सालों में, मुझे अपनी कला से प्यार हो गया है, मेरा मतलब है, मैं स्क्रीन पर जो चाहती हूं, वह कर सकती हूं और बन सकती हूं। यह भी मैंने अनुभव किया है प्रभावशाली फिल्में लोगों के जीवन पर असर डालती हैं। यही कारण है कि मेरी कोशिश ऐसी फिल्में करने की है, जो महत्वपूर्ण हों और हमारे रोजमर्रा के संघर्षों से एस्केपिज्म की तरह काम करें। हाल ही में, नरगिस फाखरी खुशी से भर गईं क्योंकि मैं तेरा हीरो ने अपनी रिलीज के 10 साल पूरे कर लिए। अब, काम के मोर्चे पर, नरगिस, जिन्हें आखिरी बार टटलूबाज में देखा गया था, के पास दिलचस्प प्रोजेक्ट्स की एक सीरीज है, जिनकी घोषणा इस साल के अंत में की जाएगी।

# फिल्म दो और दो प्यार और एलएसडी 2 की कमाई पहले ही दिन लाखों में सिमटी

19 अप्रैल को सिनेमाघरों में विद्या बालन की फिल्म दो और दो प्यार और एकता कपूर की फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 ने सिनेमाघरों का रुख किया। विद्या की फिल्म को चारों ओर खूब तारीफ मिली। ऐसे में कयास लगाए जा रहे थे कि यह पहले दिन टिकट खिड़की पर ठीक-ठाक शुरूआत करेगी, लेकिन फिल्म ने बहुत कम कमाई की। उधर एलएसडी 2 की हालत बॉक्स ऑफिस पर इससे भी ज्यादा खराब है।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, दो और दो प्यार ने अपने ओपनिंग डे पर 50 लाख रुपये का कलेक्शन किया है।फिल्म का बजट 40 करोड़ रुपये के करीब है। इतना ही नहीं, इस फिल्म की पहले दिन की कमाई अच्छी हो सके, इसके लिए निर्माताओं ने शुरू से ही एक टिकट के साथ एक फ्री टिकट का ऑफर रखा था।हालांकि,




शनिवार और रविवार के बॉक्स ऑफिस आंकड़ों से काफी उम्मीदें की जा रही है।

उधर दिबाकर बनर्जी के निर्देशन में बनी फिल्म एलएसडी 2 का हाल बॉक्स ऑफिस पर और बुरा रहा। यह पहले दिन महज 15 लाख रुपये जुटा पाई।इस फिल्म का पहला भाग हिट रहा था, जिसके बाद निमार्ता एलएसडी 2 लेकर आए हैं, लेकिन फिल्म की पहले दिन की कमाई ने बुरी तरह निराश किया है।वीकेंड पर भी उम्मीद कम है कि इस फिल्म की कमाई में इतना ज्यादा उछाल आएगा। फिल्म दो और दो प्यार का निर्देशक शीर्षा गुहा ठाकुरता ने किया है। इसमें अजब रिश्तों की एक गजब प्रेम कहानी देखने को मिल रही है, जिसमें विद्या और प्रतीक गांधी के अभिनय की खूब तारीफ हो रही है।दूसरी ओर एलएसडी 2 इंटरनेट वाले लव और फिर धोखे पर आधारित है। इस फिल्म में 3 कहानियां दिखाई गई हैं।इसमें मौनी रॉय, तुषार कपूर, परितोष तिवारी, अभिनव सिंह और बोनिता राजपुरोहित ने अहम भूमिका निभाई है। अजय देवगन की फिल्म मैदान ने बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं किया है। 9वें दिन इसने एक करोड़ 40 लाख रुपये कमाए। इसकी कुल कमाई 29.75 करोड़ रुपये हो गई है।उधर अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां ने 9वें दिन 1 करोड़ 50 लाख रुपये का कलेक्शन किया, जिसके बाद इसका कुल कारोबार 51.40 करोड़ रुपये हो गया है। इस फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन भी अहम भूमिका में नजर आए हैं।

# रीमा सेन की माँ काली का फर्स्ट लुक जारी

पीपल मीडिया फैक्टरी का नया प्रोजेक्ट जिसका नाम माँ काली है। पीपुल्स मीडिया फैक्ट्री वर्तमान में विभिन्न प्रकार की कहानियों को स्क्रीन पर लाकर तेलुगु फिल्म उद्योग में धूम मचा रही है। कंपनी न केवल छोटे पैमाने की फिल्में बना रही है, बल्कि शीर्ष स्तर के नायकों के साथ बड़े बजट की परियोजनाओं में भी उतर रही है। इसके अतिरिक्त, वे कभी-कभार प्रयोगात्मक फिल्में बनाने, अपनी बहुमुखी प्रतिभा और नई कहानियों की खोज करने की इच्छा दिखाने के लिए जाने जाते हैं। पीपुल्स मीडिया फैक्ट्री की आगामी फिल्में बहुप्रतीक्षित हैं, हाल ही में रिलीज हुई फिल्म मां काली के फर्स्ट लुक पोस्टर ने काफी चर्चा पैदा कर दी है। मोशन पोस्टर एक ऐतिहासिक कथा पर फिल्म के फोकस का संकेत देता है जिसे बंगाल के इतिहास से मिटा दिया गया है। इसमें संवेदनशील विषयों को छूने और धार्मिक झड़पों से संबंधित विषयों का पता लगाने की उम्मीद है, जैसा कि पोस्टर पर काली माता और बुर्के में एक महिला की हाइलाइट की गई छवि द्वारा दशार्या गया है। यह फिल्म धार्मिक युद्धों के आसपास की घटनाओं को उजागर करने की संभावना है, जो एक विचारोत्तेजक और साहसी रूप से अलग सिनेमाई अनुभव पेश करती है।




रीमा सेन, एक प्रसिद्ध और प्रतिभाशाली अभिनेत्री, मां काली में मुख्य भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं, जिसमें अभिषेक सिंह और अन्य सितारे महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे। पीपुल्स मीडिया फैक्ट्री के बैनर तले टीजी विश्वप्रसाद द्वारा निर्मित और विजय एलकांति द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अनुराग का संगीत और आचार्य वेणु की सिनेमैटोग्राफी है।

यह फिल्म सिर्फ एक भाषा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसे पूरे भारत में रिलीज करने की योजना है, जो व्यापक रूप से चर्चित और प्रभावशाली फिल्म बनने की इसकी क्षमता को दर्शाता है। अपनी दिलचस्प कहानी और प्रतिभाशाली कलाकारों और क्रू के साथ, मां काली पीपुल्स मीडिया फैक्ट्री की फिल्मों के भंडार में एक महत्वपूर्ण योगदान बनने के लिए तैयार है।

# दीपक तिजोरी की निर्देशित फिल्म टिप्सी का फर्स्ट लुक हुआ आउट, 10 मई को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

अभिनेता दीपक तिजोरी की अगली निर्देशित फिल्म टिप्सी का फर्स्ट लुक मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है. यह फिल्म 10 मई 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. फिल्म में दीपक तिजोरी के साथ अलांकृता सहई, नताशा सूरी, कविता अरोड़ा, नाजिया हुसैन और सोनिया बिर्जे प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगी. टिप्सी का निर्देशन दीपक तिजोरी ने किया है और फिल्म का निर्माण राजू चढ्डा और दीपक तिजोरी द्वारा किया गया है. फिल्म को पैनोरमा स्टूडियो देशभर में रिलीज करेगा. फर्स्ट लुक में सभी कलाकार समुद्र के बीच में एन्जॉय करते नजर आए हैं साथ ही बैकग्राउंड में सभी किरदारों की आवाजें आ रही थी, जिसे जानकर लग रहा है कि यह एक सस्पेंस थ्रिलर फिल्म होगी.




टिप्सी के पहले लुक ने पहले ही दर्शकों के बीच उत्साह पैदा कर दिया है, जो दीपक तिजोरी द्वारा बनाई गई दुनिया की एक झलक पेश करता है। पोस्टर एक जीवंत और रंगीन सौंदर्य को दशार्ता है, जो एक ऐसी फिल्म की ओर इशारा करता है जो हास्य, नाटक और मनोरंजन को समान मात्रा में मिश्रित करती है।

टिप्सी के साथ निर्देशन में दीपक तिजोरी की वापसी उनके करियर में एक महत्वपूर्ण क्षण है, जो सभी उम्र के दर्शकों के लिए आकर्षक और प्रासंगिक कहानियां गढने की उनकी क्षमता को प्रदर्शित करता है। अभिनय और निर्देशन दोनों में अपने काम के लिए जाने जाने वाले, तिजोरी फिल्म निर्माण में एक अद्वितीय परिप्रेक्ष्य लाते हैं, अपनी परियोजनाओं को यथार्थवाद और गहराई की भावना से भर देते हैं।

टिप्सी के साथ, दीपक तिजोरी का लक्ष्य एक सिनेमाई अनुभव प्रदान करना है जो भावनात्मक स्तर पर दर्शकों के साथ जुड़ता है, एक ऐसी कहानी पेश करता है जो न केवल मनोरंजक है बल्कि विचारोत्तेजक भी है। 10 मई, 2024 को फिल्म की रिलीज निश्चित रूप से तिजोरी और उनके प्रशंसकों दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगी, जो उनकी निर्देशन यात्रा में एक नए अध्याय की शुरूआत का प्रतीक है।

# अनुराग बसु की फिल्म मेट्रो इन दिनो की रिलीज टली, अब 29 नवंबर को सिनेमाघरों में देगी दस्तक!

अनुराग बासु पिछले लंबे समय से अपनी मल्टीस्टारर फिल्म मेट्रो इन दिनों को लेकर चर्चा में बने हुए हैं. सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर स्टारर इस फिल्म की रिलीज डेट एक बार फिर से बदल दी गई है. तो आइए जानते हैं कि अब कब रिलीज होगी फिल्म...

मालूम हो कि मेकर्स ने कई दफा मेट्रो इन दिनों की रिलीज डेट को आगे शिफ्ट किया है. पहले यह फिल्म 29 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी. वहीं अब एक बार फिर इसकी रिलीज डेट में बदलाव हुआ है. निमार्ताओं ने नई रिलीज डेट का ऐलान किया है. प्रोडक्शन हाउस टी-सीरीज ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया है कि मेट्रो...इन दिनों को एक नई रिलीज डेट मिल गई है. दिल को छू लेने वाली कहानियों वाली ये फिल्म अब अब 29 नवंबर, 2024 को रिलीज होगी.

बता दें कि अनुराग की इस मच अवेटेड फिल्म का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है. वहीं अनुराग भी अपनी इस नई कहानी को लेकर काफी उत्साहित हैं. फिल्म में आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, अली



फजल, फातिमा सना शेख, अनुपम खेर, नीना गुप्ता, पंकज त्रिपाठी और कोंकणा सेन शर्मा मुख्य भूमिका में हैं. भूषण कुमार के प्रोडक्शन में बनी इस मूवी फिल्म में बिल्कुल नई कास्टिंग देखने को मिलेगी.

वहीं पहली बार होगा जब सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर एक साथ स्क्रीन शेयर करने वाले हैं. ऐसे में फैंस इस फ्रेश जोड़ी को देखने के लिए काफी एक्साइडेड हैं।

# गौतमबुद्धनगर लोकसभा में खुलेआम हो रही है लोकतंत्र की हत्या एक आदमी के कई-कई वोट मतदाता सूची में पाए गए : डॉक्टर आश्रय गुप्ता

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**नोएडा ।** मीडिया क्लब सेक्टर 29 गंगा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में समाजवादी पार्टी (सपा) नोएडा महानगर के महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने एक पत्र लिखकर जिला निर्वाचन अधिकारी गौतमबुधनगर मनीष कुमार वर्मा से यह मांग की है कि जिस तरीके से दादरी विधानसभा में भाग संख्या 18 और 18अ अन्य भारी संख्या में एक से अधिक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल है। एक ही नाम की कई वोटर कार्ड संख्या शामिल है। तथा इनमें पता भी एक है। जिसके कारण एक से अधिक वोट बन गई है। उन्होंने कहा कि उनको सूचना प्राप्त हुई है कि बीएलओ ने सही तरीके से अपने बूथ की जांच नहीं की है। या फर्जी वोट डलवाने की बड़ी साजिश रची जा रही है। इसलिए गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र में सभी बीएलओ एवं पीठासीन अधिकारी को यह निर्देश दिया जाए। ऐसा वोट जो हर बूथ पर पाए जा रहें। वह सिर्फ एक ही बार डाली जाए। जिससे लोकतंत्र के इस पर्व को पारदर्शी तरीके से मनाया जा सके। 1789 वोटों में से 104 लोगों की डबल या तीन बार वोट बनी है। अगर एक बूथ कि ऐसी स्थित है तो पूरे गौतमबुद्धनगर जिले में क्या स्थिति होगी। आपसे अनुरोध है इसकी न्यायिक जांच करवाने की कृपा करें ताकि लोकतंत्र को बचाया जा सके। वह दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिल सके। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची से डुप्लीकेट नाम हटाने की कार्यवाही के बाद भी बहुत बड़ी संख्या में डुप्लीकेट मतदाता, सूची में दर्ज पाये गये हैं जो गम्भीर व चिन्ताजनक है। प्रेस वार्ता में मौजूद मुख्य लोगों में पूर्व प्रत्याशी सुनील चौधरी, आम आदमी पार्टी के युवा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज अवाना , कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव,सपा के पूर्व अध्यक्ष रेश पाल अवाना, उपाध्यक्ष मनोज गोयल मीडिया प्रभारी ,गौरव कुमार यादव, वरिष्ठ नेता ओमपाल राणा, योगेश भाटी, कवित गुर्जर, सुमित अंबावता, रोहित यादव, मुख्य रूप से मौजूद रहे।




**पिलखुवा ( गजेन्द्र राठी)** सोमवार को बोर्ड की परीक्षाओं में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले छात्रों को राजपूताना रेजिमेंट इंटर कॉलिज में सम्मानित किया गया। बच्चों को सम्मानित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य राज बहादुर सिंह ने बताया कि इंटर मे अनामिका भारती ने 87.2% अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। **छाया : बुलन्द संदेश**

# मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र द्वारा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ सेक्टर 30 नोएडा का किया गया स्थलीय निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव/संस्थान के अध्यक्ष दुर्गा शंकर मिश्र द्वारा विगत दिवस पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ सेक्टर 30 नोएडा में किया स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण उपरांत मुख्य सचिव की अध्यक्षता में शासी निकाय की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा, जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा, संस्थान के निदेशक प्रोफेसर डॉक्टर एके सिंह, प्रोफेसर डीके सिंह, सीएमएस डॉक्टर मुकुल सेन, शासी निकाय के अन्य सदस्य, वित्त विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।मुख्य सचिव द्वारा निरीक्षण के दौरान भर्ती वार्ड, पैथोलाजी, माइक्रोबायोलाजी लैब में होने वाले कार्य अवलोकन का किया। ओपीडी, आइपीडी, इमरजेंसी के मरीजों का रिकार्ड चेक किया। इसमें बढ़ोतरी के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि चूंकि संस्थान चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीन है। जहां इलाज के



साथ पढ़ाई भी होती है। इसलिए जरूरी है कि संस्थान में बेहतर इलाज के लिए सीटी स्कैन मशीन और एमआरआइ मशीन होनी चाहिए। अभी चाइल्ड पीजीआइ में इलाज के लिए आए मरीजों को सेक्टर-39 जिला अस्पताल में सीटी स्कैन जांच के लिए भेजा जाता है। जहां मरीजों की निःशुल्क जांच होती है। लेकिन मरीजों को इसके लिए दो से तीन दिन का इंतजार करना पड़ता है। वहीं संस्थान में सीटी स्कैन लगाने का काम पूरा हो गया है। ऐसे में जांच शुरू होने से शिशु मरीजों को आसानी होगी। मरीज करीब 700 रुपये का भुगतान कर जांच करा सकेंगे। संस्थान में मशीन लगने से फायदा होगा। सही जांच के साथ समय पर जांच रिपोर्ट मिलेगी। पुरानी बिल्डिंग खाली हो चुकी है। इसकी मरम्मत कर समय से उपयोग में लाया जाए।मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई शासी निकाय की बैठक में जिला अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग का हैंडओवर मिलने के बाद नए विभाग बनाने के साथ जरूरी उपकरण लगाने से पूर्व कंस्ट्रक्शन और मरम्मत कार्य के लिए के प्रस्ताव को मंजूरी मिली।

# सत्ता के नशे में चूर भाजपाई कर रहे हैं लोकतंत्र की हत्या : सुनील

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलीगढ़ आगमन के पूर्व भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह को 21 अप्रैल देर रात महुआखेड़ा पुलिस ने नजरबंद कर दिया था सुबह होने पर एक-एक करके संगठन के पदाधिकारी इकट्ठा होते रहे पुलिस ने भीड़ देखकर भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय अध्यक्ष को महुआ खेड़ा थाने ले गई। इसके बाद वहां संगठन के पदाधिकारी ने प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री के जाने के बाद पुलिस ने सभी लोगों को रिहा कर दिया। भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा सुनील चौधरी ने कहा की सरकार पूरी तरह तानाशाही पर उत्तर आई है जिसका जवाब देश ही नहीं उत्तर प्रदेश की जनता आने वाले चुनाव में देने जा रही है प्रधानमंत्री ने जो वादा खिलाफी की है `२स्त्र अभी तक लागू नहीं की है जिसको लेकर किसान बहुत निराशा है इसी को लेकर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हम ज्ञापन देने जा रहे थे जो पुलिस ने हमें नजर बंद कर दिया। यह लोकतंत्र की हत्या है सरकार नौजवानों और किसानों की आवाज को दबाना चाहती है

इस मौके पर सुनील चौधरी राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष ,किशन सिंह लोधी जिला अध्यक्ष अलीगढ़, देवेंद्र कुमार जिला महासचिव अलीगढ़, रामकुमार जिला उपाध्यक्ष, मनोज शर्मा महासचिव तहसील कोल ओमवीर सिंह, उपाध्यक्ष तहसील कॉल मोनू एवं महेश कुमार मनोज दिवाकर अजब सिंह राकेश कुमार युवा जिला अध्यक्ष कौशल किशोर रवि बघेल तमाम किसान मौजूद रहे।

## स्वतंत्र व शांति पूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न कराते हुए मतदान प्रतिशत भी बढ़ाऐंगे: जिला निर्वाचन अधिकारी

# गाजियाबाद में निर्वाचन कार्य सकुशल, शांति व सुव्यवस्थित तरीके से सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें: विशेष प्रेक्षक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तहत दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के संचालन और विशेष प्रेक्षक सामान्य अजय वी0 नायक, विशेष प्रेक्षक व्यय श्री राजेश टुटेजा, विशेष प्रेक्षक पुलिस मनमोहन सिंह की अध्यक्षता एवं प्रेक्षक सामान्य अरूण कुमार सिन्हा, प्रेक्षक व्यय सौरभ नायक, प्रेक्षक व्यय टी.अरिवाझगन व प्रेक्षक अनिल कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में गाजियाबाद,12 लोक सभा की सामान्य बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक के दौरान विशेष प्रेक्षकों द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह से लोक सभा गाजियाबाद,12 के बारे में विस्तार से जानकारी ली गयी। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि गाजियाबाद–12 में जिला गाजियाबाद की मोदीनगर विधानसभा बागपत–11 लोकसभा में आती हैं और हापुड़ विधानसभा का धौलाना क्षेत्र (आंशिक) गाजियाबाद–12 लोकसभा में आता है। कहा कि हमारी निर्वाचन टीम द्वारा ई0वी0एम0 का प्रथम व द्वितीय रेंडमाइजेशन प्रत्याशियों की उपस्थिति में कराया गया है और अब दिये गये समयानुसार तृतीय रेंडमाइेशन की तैयारी है। इसके साथ ही पोलिंग पार्टी की रवानगी हेतु तीन स्थान चिन्हित



है जिसकी की भी पूरी तैयारियां कर ली गयी हैं और मतगणना स्थल गोविन्द पुरम अनाज मण्डी है, जहां कि सभी व्यवस्थाओं को जायजा कई बार लिया जा चुका है। ट्रांसपोर्ट की पूरी व्यवस्था है, कार्मिकों की कमी होने पर कुछ हापुड़, बुलन्दशहर सहित नजदीकी क्षेत्रों से बुलाकर उनको प्रशिक्षिण दे दिया गया है। सभी निर्वाचन कार्मिकों को प्रशिक्षिण दिया जा चुका है। हमारे अनुसार निर्वाचन की सभी तैयारियों को पूर्ण कर लिया गया है। विशेष प्रेक्षकों द्वारा पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्र से सुरक्षा व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली गयी जिस पर पुलिस कमिश्नर ने बताया कि हमारे द्वारा सभी क्रिटिकल और सामान्य बूथों पर सुरक्षा के पुख्ते इंतेजामों की पूर्ण तैयारियां हैं इसके साथ ही गुण्डा एक्ट के वांछितों को पकड़ लिया गया हैं। निर्वाचन में किसी भी प्रकार का अशांति या अव्यवस्थाओं का महौल नहीं बनेगा इसके लिए हमारी पूर्ण तैयारियां है। विशेष प्रेक्षकों ने विस्तार से जानकारी लेने के पश्चात कहा कि आपके द्वारा दी गयी जानकारी वतैयारियों को देखते हुए हम आवश्वत हैं कि गाजियाबाद में निर्वाचन कार्य सकुशल, शांति व सुव्यवस्थित तरीके से सम्पन्न होना सुनिश्चित है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि गाजियाबाद में स्वतंत्र व शांति पूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न होगा साथ ही मतदान प्रतिशत भी बढ़ेगा। बैठक में मुख्य रूप से नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, सीएमओ डॉ.भवतोष शंखधर सहित सभी निर्वाचन प्रभारी,सह प्रभारी के साथ निर्वाचन से जुड़े सभी अधिकारीगण मौजूद रहे।

# पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा ( गजेन्द्र राठी)।** नगर के दयावती पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भू अलंकरण दिवस के उपलक्ष में पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मयंक जोहार और अनस सैफी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



कार्यकारी जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि प्रांत स्तर पर संस्कार भारती द्वारा भू अलंकरण दिवस के अवसर पर रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से पृथ्वी सुरक्षा और संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया है।

इस मौके पर अशोक गोयल,बीना गोयल, अभिषेक अग्रवाल, राम प्रकाश बंसल, पूनम गर्ग, विनय शर्मा ने विजय प्रतियोगियों को पुरस्कार प्रदान किये और इस अर्चना, खुशबू, मोना, हर्षिका गर्ग का विशेष सहयोग रहा।

# नोएडा टेक्निकल एसोसिएशन का चुनाव जेनरेटर मार्केट, हरौला में आयोजित किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नोएडा।** नोएडा टेक्निकल एसोसिएशन का चुनाव सोमवार को जेनरेटर मार्केट, हरौला में आयोजित किया गया जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

नई कार्यकारिणी में संरक्षक मोहम्मद वारिस अली, अध्यक्ष राम अवतार सिंह, उपाध्यक्ष सोहनवीर सिंह, सचिव सुभाष त्यागी, व रिजवान, महासचिव प्रमोद त्यागी व संजय, कोषाध्यक्ष वीरपाल, सह-कोषाध्यक्ष तालिब अली, प्रचार मंत्री दीपक दुबे, रिजवान डापमंड, सचिन त्यागी, सह प्रचार मंत्री संदीप त्यागी व इमरान एलाइड, संगठन मंत्री कृष्ण त्यागी, हाजी राशिद अली, विनोद गोयल व वीरेंद्र कुमार को शामिल किया गया।



नवनियुक्त अध्यक्ष राम अवतार सिंह ने नई कार्यकारिणी को धन्यवाद देते हुए उम्मीद प्रकट की कि सभी कार्यकारणी टीम नई ऊर्जा के साथ एसोसिएशन के हित में कार्य करते रहेंगे। उन्होंने बताया कि नोएडा टेक्निकल एसोसिएशन 1980 से काम कर रही है जिसका रजिस्ट्रेशन 1996 में किया गया और रजिस्ट्रेशन नम्बर 222 है। राम अवतार सिंह ने कहा कि नोएडा के विकास में नोएडा टेक्निकल एसोसिएशन का अहम योगदान रहा है। सरकार द्वारा बिजली की आपूर्ति 24 घंटे ना हो पाने की स्थिति में एसोसिएशन द्वारा औद्योगिक इकाइयों, इवेंट्स, रेजिडेंट्स व अन्य सभी क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति किराए पर जेनरेटर उपलब्ध कराकर करती रही है।

अब एसोसिएशन एनजीटी के आदेशानुसार प्रदूषण के सभी मानकों के अनुरूप संचालित कर रही है। खास बात यह है कि एसोसिएशन यूरो -4 एवं गैस में नया परचेज भी कर रही है।

# डंडों से पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल थाना असमोली क्षेत्र का बताया जा रहा है

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल।** जिले में कानून को अपने हाथ में लेने की परपंरा सी बन गई है ताजा मामला असमोली थाना इलाके के एक गांव का है जहां दो दबंगों ने खुलेआम एक बुजुर्ग ग्रामीण को

**पुलिस ने इस मामले में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है**

लाठी डंडे से बुरी तरह पीटा है बुजुर्ग की लाठी डंडे से पिटाई की सीसीटीवी फुटेज सामने आई है जो अब वायरल हो रही है पुलिस ने इस मामले में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।



पूरा मामला असमोली थाना इलाके के गांव चंदवार का है जहां सोमवार को इसी गांव की एक सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हुई है वायरल वीडियो में दो दबंग एक ग्रामीण को पकड़कर लाठी डंडे से बेरहमी से पीट रहे हैं सीसीटीवी फुटेज में जहां एक युवक ने ग्रामीण को पकड़ रखा है तो वहीं दूसरा डंडे से उसकी बुरी तरह से पिटाई कर रहा है इस दौरान ग्रामीण दोनों दबंगों से छुटने की कोशिश करता नजर आ रहा है लेकिन दबंगों का कहर ग्रामीण पर बुरी तरह से टूटा हुआ है दोनों दबंग ग्रामीण को लगातार पीटते हुए नजर आ रहे हैं एक दबंग जहां ग्रामीण पर लगातार डंडे बरसा रहा है तो वहीं दूसरा उस पर थप्पड़ों की बौछार करता नजर आ रहा है 2 मिनट 39 सेकंड की इस वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह से दबंग खुलेआम पुलिस को चुनौती देते हुए ग्रामीण को पीट रहे हैं हैरानी की बात यह है कि घटना स्थल के आसपास कई लोग मौजूद हैं लेकिन उनमें से किसी ने भी ग्रामीण को बचाने की हिम्मत नहीं जुटाई बल्कि ग्रामीण को पीटते हुए देखते रहे काफी देर तक ग्रामीण की पिटाई करने के बाद दोनों दबंग उसे मौके पर ही छोड़कर भाग खड़े हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो पुलिस हरकत में आई इसके बाद पुलिस ने पीड़ित के बारे में तहकीकात की इस मामले में पुलिस ने पीड़ित के भाई सुनील शर्मा की तहरीर के आधार पर गांव निवासी मुकेश शर्मा एवं विवेक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है थाने में दर्ज एफआईआर के अनुसार सुनील शर्मा ने बताया कि सोमवार को गांव निवासी मुकेश शर्मा एवं विवेक ने उसके छोटे भाई संजीव शर्मा को गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है और बुरी तरह से लाठी डंडे से पीटा है अब उसका भाई डर के चलते घर से कहीं चला गया है असमोली थाना प्रभारी हरीश कुमार ने बताया कि उक्त प्रकरण में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है बताते चलें कि आरोपी मुकेश शर्मा चंदवार गांव का पूर्व प्रधान रह चुका है वर्तमान में वह बीजेपी से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है।

## उपलब्धियां गिनाई

## मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत में गिनाई मोदी सरकार की उपलब्धियां

# विकास और विरासत का अद्भुत समन्वय पीएम मोदी की पहचान : योगी आदित्यनाथ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी सरकार में जनता की आकांक्षा के अनुरूप विकास के कार्य हुए हैं। ये पहली बार देश में देखने को मिला है। विकास और विरासत का अद्भुत समन्वय पीएम मोदी की पहचान है। इस दिशा में अद्भुत कार्य हुए हैं। उन्होंने बताया कि इन मुद्दों पर चर्चा करने पर पब्लिक का रिस्पॉन्स मिलता है। जिन मुद्दों पर पब्लिक का सबसे ज्यादा समर्थन मिला है वो है इन्फ्रास्ट्रक्चर।



- बोले सीएम योगी, पूरे देश में गूंज रहा है 'फिर एक बार मोदी सरकार' का स्वर
- जनता की आकांक्षा के अनुरूप हुए हैं देश में विकास के कार्य : योगी आदित्यनाथ

आज देश में हाईवे दोगुने हुए हैं। 2014 से पहले 74 एयरपोर्ट थे आज इनकी संख्या डेढ़ सौ से ज्यादा हैं। कांग्रेस के समय केवल 1 एम्स बना था। अटल जी की सरकार के समय 6 नये एम्स की स्थापना हुई। मोदी जी के कार्यकाल में इनकी संख्या 22 हो गई है।

इसी प्रकार आईआईटी, आईआईएम, ट्रिपल आईटी का विस्तार और वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज विकास की नई गाथा कह रहे हैं। सीएम योगी सोमवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार देश में विरासत का सम्मान भी देखने को मिला है। काशी में विश्वनाथ धाम, महाकाल में महालोक, केदारपुरी, बद्रीनाथ और सोमनाथ मंदिर का पुनरोद्धार और अयोध्या में 500 इंतजार का समाप्त होना व प्रभु श्रीराम का पुनः विराजमान होना। इसके साथ ही इन सभी नगरियों का कायाकल्प भी हुआ है। काशी में पहले 50 लोग एक साथ दर्शन नहीं कर पाते थे। आज 50 हजार भी आ जाएं तो कोई दिक्कत नहीं। अयोध्या में 500 लोग आ जाते थे तो संकट खड़ा हो जाता था, आज 5 लाख भी आ जाएं तो परेशानी नहीं। सीएम योगी ने कहा कि आस्था से जुड़े केंद्रों के बारे में हमें नया स्वरूप हमें देखने को मिला है। विरासत और विकास का ये अद्भुत समन्वय अगर किसी एक महापुरुष के विजन और दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण आज देश में देखने को मिला है तो वह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संभव हो पाया है। जनता इन मुद्दों को पूरा समर्थन दे रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह समर्थन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में फिर से प्रचंड बहुमत की सरकार बनाने के लिए आशीर्वाद में बदलेगा। पूरे देश में फिर एक बार मोदी सरकार का स्वर गूंज रहा है। आम जनता फिर से मोदी जी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनने जा रही है।

# नवोदय युवा समिति ने रंगोली बनाकर मतदान के लिए मतदाताओं को किया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** मतदान करना गर्व है जनता का यह पर्व है जन-जन की यही पुकार करेंगे मतदान अबकी बार मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से नगर की सामाजिक संस्था नवोदय युवा समिति के तत्वाधान में रंगोली बनाकर मतदाताओं को जागरूक कर मतदान करने की अपील की मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रजनी विहार और नामदेव नगर में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से समिति द्वारा रंगोली बनाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक राजेंद्र सिंह राठी ने संजय अग्रवाल ,महेंद्र सिंह सैनी, बबीता, नरेंद्र टोंक, डोली आदि ने मतदाताओं से वोट का इस्तेमाल जरूर करने की अपील की बूढ़े हो या जवान सभी करें मतदान लोकतंत्र का त्यौहार है मतदान करना अधिकार है मतदान के प्रति जागरूक कर लोगों से वोट देने की अपील की।




मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267